CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 20 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त पेज 2



महिला क्रिकेट विश्वकप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी खेल टाइम्स



पीर अली खान: आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ सम्पादकीय



ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका पेज 12

# स्कूबा डाइविंग हादसे में बॉलीवुड सिंगर जुबीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ इमरान हाशमी के या अली सॉन्ग से मिला था फेम
■ सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे जुबीन गर्ग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में मौत हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। उन्हें गार्ड्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।

जुबीन गर्ग को 2006 में आई इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। 52 साल के जुबीन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। जुबीन ने असमिया, बंगाली और हिंदी भाषा की फिल्मों में गाने गाए थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने संवाददाताओं को बताया कि हमें बहुत दुख के साथ जुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने भी सोशल मीडिया पर सिंगर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारे प्रिय जुबीन गर्ग के असामयिक निधन से गहरा दुःख हुआ। असम ने न केवल एक आवाज, बल्कि एक धड़कन भी खो दी है। जुबीन दा एक गायक से कहीं बढ़कर थे, वे असम और राष्ट्र के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और हमारी आत्मा को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनके म्यूजिक में पीढ़ियों ने आनंद, सांत्वना और पहचान पाई। उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है, जो कभी नहीं भरेगा। असम ने अपना सबसे प्रिय सपूत खो दिया है, और भारत ने अपने सबसे बेहतरीन सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनकी विरासत सदैव प्रेरणा देती रहे। शांति

# 'बुकर' विजेता बानू मुश्ताक करेंगी मैसूर दशहरा उत्सव का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव में बुलाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर चामुंडी मंदिर में दशहरा उत्सव के उद्घाटन में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

कार्यक्रम 22 सितम्बर को होगा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उनके इस तर्क पर कहा कि खारिज। एडवोकेट सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा को धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक है। कोई कारण नहीं है कि उन्हें धार्मिक उत्सव के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। जस्टिस नाथ ने फिर दोहराया कि खारिज। सीनियर -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर: सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान शहीद, चार घायल

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल जवानों के लिए एम्बुलेंस बुलाई और अस्पताल रवाना किया। रिम अस्पताल में 4 घायल जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

## शरजील इमाम, उमर खालिद की जमानत पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितम्बर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था।

## भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं।

# 'चुनाव का चौकीदार' जागता रहा, चोरी देखता रहा: राहुल

## चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा: 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन वोट चोरी और वोट हटाने के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।

राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी। राहुल ने 18 सितम्बर को दिल्ली में वोट चोरी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें एक व्यक्ति को भी मंच पर बुलाया गया, जिसका नाम हटाया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं। राहुल ने कहा था कि देश के युवा देश के छात्र , देश के जेन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैं आलंद चुनाव का पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है, तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती।

गिरिराज ने जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया, कहा: राहुल गांधी अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं



## पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता वही प्रचार करते हैं राहुल : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता है उसी प्रकार की कहानी गढ़ने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी कंपनी करती है। पिछले कई वर्षों से राहुल गांधी और उनका ग्रुप जो कुछ कहता है, भारत-विरोधी ग्रुप और पाकिस्तान के लोग इस्तेमाल करते देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। देश का गरीब, किसान, देश का हर एक लोग पीएम मोदी को देश का नेता मानता है। राहुल गांधी हो या कोई और बार-बार चुनाव हारने के बाद अपनी कमजोरी को छुपाकर संस्थाओं को ही गाली देंगे, तो कोई नहीं मानेगा। देश बदल चुका है और देश का मिजाज बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ चुका है और राहुल गांधी जैसे लोग देश के तेज गति से चलने वाले इंजन को रोकना चाहते हैं जो हो नहीं सकता है। देश उनको माफ नहीं करेगा।

# पाक सोचता था हमलों से हम डर जाएंगे: रक्षा मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 1965 जंग की डायमंड जुबली कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा: आतंकियों को हमने सबक सिखाया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में 1965 की जंग के 60 साल पूरे होने पर एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम भारतीय सेना ने आयोजित किया था।

पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है। हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। कार्यक्रम में उन्होंने उन बहादुर सैनिकों और शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने 60 साल पहले पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में भारत को जीत दिलाई थी। कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वेस्टर्न कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, दिल्ली एरिया के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार साथ ही अन्य बड़े अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी का जिक्र किया। अब्दुल हमीद ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था।

# उप्र में बिजली गिरने से सात की मौत, मकान जला, हिमाचल में लैंडस्लाइड

■ उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में 3, कौशांबी में 2 और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई, हालांकि काबू पा लिया गया है।

वहीं उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितम्बर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं। देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई। शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की दो दिन की छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंस गया।

## मुख्तार के बेटे उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में उमर पर मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़ाने के लिए फर्जी दस्तावेज और मां के हस्ताक्षर किए हैं।

# आर्यन मान बने डूसू अध्यक्ष, ABVP को 3 सीटें मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एनएसयूआई को मिली उपाध्यक्ष की सीट


**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व विद्यालय छात्र संघ चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए हैं। एबीवीपी ने इस बार तीन सीटों पर जीत हासिल की है, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का पद शामिल है।

वहीं एनएसयूआई के राहुल झासला ने उपाध्यक्ष का पद जीता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) को संयुक्त रूप से कोई सीट नहीं मिली। छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर 100 प्रतिशत भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे सभी कॉलेजों के छात्रों का समर्थन प्राप्त था। मेरी पहली प्राथमिकता डीयू छात्रों के लिए मेट्रो रियायती पास की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। इसके अलावा, सभी एथलीटों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना भी मेरी प्राथमिकता होगी। मान ने अपने समर्थकों से विजय उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण रहने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, हमें किसी भी प्रकार का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है।

# तीन गलतफहमियों के कारण 1965 की लड़ाई में पस्त हुआ था पाक

नई दिल्ली, वार्ता

■ पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने कहा: हमारे जवानों ने हौसले और जज्बे का दिया था परिचय



**पाकिस्तान के खिलाफ** 1965 की लड़ाई में बहादुरी और साहस के लिए वीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सतीश नाम्बियार ने कहा है कि पाकिस्तान को भारतीय सैनिकों के टूटे मनोबल और हौसले सहित तीन गलतफहमियों के कारण इस लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने 1965 की लड़ाई के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को यहां आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य पूर्व सैनिकों की मौजूदगी में कहा कि उस समय पाकिस्तान को भारत तथा उसकी सेनाओं को लेकर तीन गलतफहमी थी और उसे इनकी कीमत हार के रूप में चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले तो पाकिस्तान को लगा कि चीन से हार के बाद भारतीय सेनाओं का हौसला पस्त है, दूसरा उसे लगा कि कश्मीर के लोग उसका साथ देंगे और तीसरा उसे गलतफहमी थी कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर से शेष भारत का सड़क मार्ग से संपर्क आसानी से तोड़ देगा। जनरल नाम्बियार ने कहा कि चीन के साथ 1962 की लड़ाई में भारत की शिकस्त के बाद पाकिस्तान को लगा कि भारतीय सेनाओं के हौसले पस्त हैं और जवानों का मनोबल टूटा हुआ है जबकि यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी रणनीतिक गलती या गलतफहमी साबित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ बेहद प्रतिकूल और सीमित संसाधनों के बल पर लड़ाई लड़ी। भारत के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पुराने हथियार थे सेना के पास प्रतिकूल मौसम में जरूरी वर्दी तक नहीं थी। जनरल नाम्बियार ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत हुई, तो हमारे जवानों ने जिस हौसले और जज्बे का परिचय दिया पाकिस्तान को इसकी उम्मीद नहीं थी। पाकिस्तान के सैनिक भारतीय सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के सामने टिक नहीं सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक और रणनीतिक भूल की कि वह कश्मीर के लोगों के मूड को नहीं समझ सका। उसे लगा था कि कश्मीर के लोग भारत के विरुद्ध हो जाएंगे तथा उसका साथ देंगे, लेकिन कश्मीर के लोगों ने हमारा साथ दिया और पाकिस्तानी सेना के बारे में समय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसका लड़ाई में फायदा मिला। तीसरा -शेष पृष्ठ दो पर

# पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन केस: पतंजलि को फटकार

■ दिल्ली हाईकोर्ट बोला: हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस सी. हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी, तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं।

# जिले में बागवानी विकास की अपार संभावना

## शासन के संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जनपद स्तर पर District Mission Committee (DMC) की बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) भारत सरकार की एक केंद्र-प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास करना है, जिसमें फल, सब्जियां, मसाले, फूल आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना किसानों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है, ताकि वे आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके उत्पादन बढ़ा सकें और बागवानी को बढ़ावा दे सकें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला बिजनौर में फल एवं फूलों से अच्छादित क्षेत्र का विवरण उपलब्ध कराएं, जिसमें फलों और फूलों के प्रकार भी शामिल हों। उन्होंने कहा कि जिले में बागवानी विकास के लिए अपार संभावना है यदि सार्थक प्रयास किए जाएं तो बिजनौर बागवानी क्षेत्र में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान बना सकता है। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन द्वारा बागवानी विकास के लिए संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि जिले के किसान प्रेरित होकर बागवानी क्षेत्र में आएं और अपना आर्थिक विकास करें।

उन्होंने कृषकों का चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर करने एवं फलों, सब्जियों, फूलों एवं आलू आदि का क्षेत्रफल बढाने तथा कृषकों को इण्टरकोपिंग फसलों को बढावा देने के लिए जागरूक कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला उद्यान अधिकारी राम नारायण वर्मा के द्वारा जनपद स्तर पर District Mission Committee (DMC) समिति के सदस्यों को विभाग में संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना में प्राप्त लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए अनुमोदन लिया गया।

बैठक में DMC के सदस्य डा. धनश्याम वर्मा उप कृषि निदेशक, डा. प्रतिमा गुप्ता वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र नगीना, सचिन कुमार मण्डी सचिव बिजनौर, देवेन्द्र सिंह जेई (डीआरडीए), विजय शंकर तिवारी वरिष्ठ कोषाधिकारी, छवीनाथ सोनकर जिला पंचायत राज अधिकारी, भूपेश पुनेरा डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी बैंक अधिकारी बिजनौर, अखिलेश चौधरी, बुद्धराम सिंह, ऋतुराज सिंह प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित रहे।

# सफाई अभियान के अंतर्गत किया श्रमदान

## स्वच्छता हमारी प्राथमिकता: मन्नान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया गया।

पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने कहा कि स्वच्छता हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा। सेवा पखवाड़ा के तहत हम सभी मिलकर अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे आस-पास के क्षेत्र को साफ रखें और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें।

पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। हमें अपने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान सभी वार्ड सभासदों एवं नगरवासियों को अपने क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा ने सफाई अभियान में भाग लेने वाले सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी भागीदारी से ही हम अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। अभियान के दौरान नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, पालिका स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर श्री हनुमान धाम संस्थापक पी.के. चौहान, वरिष्ठ ठेकेदार आवेश, रिजवान ठेकेदार, समाजसेवी शादान, इरशाद, वार्ड सभासद, प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेंद्र सिंह, बाबूराम, मुस्तकीम, मौव नासिर, सफाई नायक सुन्दर, प्रेम कुमार व नगरवासी उपस्थित रहे।

# गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश के कारण गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांव फिरोजपुर के शिव मंदिर परिसर में गांगन नदी का पानी पहुंच गया है।

गांगन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता चला जा रहा है। पहाड़ी इलाके में हो रही बारिश के कारण गांगन नदी उफान पर है। गांगन नदी का पानी गांव फिरोजपुर में स्थित शिव मंदिर परिसर में पहुंच गया है। गांगन नदी के लगातार जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण चिंतित हैं। नहटौर क्षेत्र में बहने वाली गांगन नदी के किनारे दर्जनों गांव बसे हुए हैं। ग्रामीण ओमप्रकाश, मोहित कुमार, प्रेम कुमार, केशव कुमार, आशीष कुमार, रवि कुमार, उदयराज सिंह, जयपाल सिंह, हरपाल सिंह आदि का कहना है कि पूर्व में गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी। गांव अमीनाबाद, सराय, फिरोजपुर, टपरौला, मंडोरी फजलपुर, मुस्सेपुर, नसीबपुर, सिजौली, हरगनपुर आदि गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे। शुक्रवार को दोबारा से गांगन नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

# गुलाब सिंह महाविद्यालय में राज्य स्तरीय मॉकड्रिल

## बचाव कार्यों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर एक राज्य स्तरीय मॉकड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय मॉकड्रिल कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल, ऊंचे भवन, हॉस्पिटल इत्यादि में भूकंप आने या आग लग जाने पर प्राथमिक बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी सुभाष चंद्र तथा अरविंद सिसोदिया ने विद्यार्थियों को भूकंप आने या आग लग जाने की दशा में विभिन्न प्रकार के बचाव कार्यों से अवगत कराया। साथ ही विद्यार्थियों को दुर्घटना में आहत व्यक्तियों की सहायता हेतु विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचर पोश्चर बनाने सिखाए गए तथा उनका अभ्यास भी कराया गया। सिलेंडर में आग लग जाने की दशा में उस आग को बुझाने के विभिन्न प्रकार के उपायों तथा अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंगुइशर) इत्यादि के उपयोग से अवगत कराते हुए उन उपायों का अभ्यास भी कराया गया। इसके पश्चात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डा. जुबैर के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा घटनाओं में आहत व्यक्तियों की प्राथमिक सहायता हेतु एक पूर्वाभ्यास का प्रदर्शन किया गया। उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया ने कहा कि जब भी कोई आपदा आती है तो वह हमें बिना बताए दस्तक देती है। फिर चाहे वह भूकंप हो या आग यह दोनों ही हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। लेकिन अगर हम इन परिस्थितियों के लिए पहले से तैयार हों तो नुकसान को कम किया जा सकता है। ऐसी किसी आपदा आ जाने की दशा में सभी लोगों को प्राथमिक बचाव कार्य करने के साथ-साथ अग्निशमन विभाग (फायर डिपार्टमेंट) को या आपातकालीन नम्बर पर यथाशीघ्र सूचना देकर सहायता मंगा लेनी चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना न कहा कि आपातकालीन स्थितियां कभी भी उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन हमें इससे घबराना नहीं चाहिए। इसके बजाय हमें इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में होमगार्ड विभाग प्रभारी अभेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम 30 यूपी बटालियन एनसीसी के हवलदार रमेश कुमार, हवलदार लुकमान, विवेकानंद महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी रेशमा सैलानी, गुलाब सिंह महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, गुलाब सिंह हिन्दू (पीजी) कॉलेज व विवेकानंद डिग्री कॉलेज व हिंदू इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट एवं एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के अतिरिक्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कैप्टेन प्रोफेसर अशोक कुमार ने किया।

# निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आगामी सामान्य पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा ब्लॉक कार्यालय कासमपुर गढ़ी स्थित डबाकरा हाल में संपन्न हुई।

एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के नेतृत्व में आगामी सामान्य निर्वाचन हेतू निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण हेतु आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजर द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। सामान्य निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम स्मृति मिश्रा ने कहा कि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी अगर कार्य में लापरवाही बरतेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपना कार्य निष्पक्ष रूप से करें और यदि कोई भी दिक्कत आती है तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं।

इस दौरान बीडीओ अमरीश कुमार, एसडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, सचिव नौबहार सिंह, इरफान अली, कुंती देवी, प्रिंस कुमार व बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

# कृष्णा में उत्साह के साथ मनाया आयुर्वेदिक दिवस

## 'लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर' विषय पर एक गोष्ठी व रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 10वां आयुर्वेदिक दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर 'लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर' विषय पर एक विशेष गोष्ठी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षकगण और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन का कार्य निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. संदीप अग्रवाल, फाउंडर डायरेक्टर राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार तथा प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सामूहिक रूप से संपन्न किया। इस अवसर पर वातावरण में वैदिक मंत्रों की गूंज और आयुर्वेद की महिमा का विशेष अनुभव उपस्थित जनों को हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. सुश्रुति कानो. जिया (सदस्य, असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड, इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन, एनसीआईएसएम, दिल्ली) ने लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में असंतुलित जीवनशैली सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। अनियमित भोजन, जंक फूड का बढ़ता प्रचलन, तनावपूर्ण दिनचर्या, नींद की कमी और शारीरिक परिश्रम का अभाव गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहा है। आयुर्वेद हमें बताता है कि कैसे हम 'दिनचर्या' और 'ऋतुचर्या' का पालन कर अपने शरीर और मन को स्वस्थ रख सकते हैं। यदि लोग छोटे-छोटे नियम जैसे सुबह जल्दी उठना, संतुलित आहार लेना, योग और ध्यान करना अपने जीवन में शामिल कर लें तो बड़ी-बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की कला है, जो शरीर, मन और आत्मा तीनों को संतुलित करती है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नंद किशोर दाधीच (उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय, उत्तराखंड) ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की आत्मा है। आज जब पूरी दुनिया एलोपैथी के दुष्प्रभावों से चिंतित है, ऐसे समय में आयुर्वेदिक चिकित्सा पूरी मानवता के लिए आशा की किरण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। यह भारत के लिए गर्व की बात है कि हमारे पास इतनी समृद्ध चिकित्सा प्रणाली है। हमें इसका प्रचार-प्रसार करना चाहिए और आधुनिक विज्ञान की सहायता से इसे और सशक्त बनाना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को चाहिए कि वे आयुर्वेद को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें, बल्कि अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ें।

प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल शिक्षा और सेवा दोनों क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। हमारा संकल्प है कि हम ऐसे चिकित्सक तैयार करें जो समाज की सच्ची सेवा करें और मरीजों को आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. विशाल, डॉ. निशा रैना, डॉ. तेजवेन्द्र तथा डॉ. इमरान का विशेष सहयोग रहा। इन सभी ने मिलकर आयोजन को सुव्यवस्थित किया और उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

अंत में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विद्यार्थियों और स्टाफ ने भाग लेकर समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों, आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक कार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल युवक को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने कार चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नकुल पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी ग्राम अनवरपुर चंण्डिका धामपुर मार्ग स्थित एक ईंट भट्टे पर काम करता है। बीती रात वह मोटर साइकिल से अपने घर जा रहा था कि कालागढ़ मार्ग ग्राम विजयनगर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप कालागढ़ की ओर से स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके18पी9157 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरते ही बेहोश हो गया। राहगीरों द्वारा घायल युवक को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा घायल की नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। स्वजनों ने नुकुल को काशीपुर में एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घायल पिता धर्मेंद्र सिंह पुत्र राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# हॉकी स्टेट चैंपियनशिप में मुरादाबाद मंडल ने हासिल किया कांस्य पदक

## हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में दीपेश कुमार का अंडर 17 में चयन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के हॉकी के अंडर 14 में दिव्यांशु सैनी, देव सैनी, रौनक कुमार एवं प्रिंस अंडर 17 में दीपेश कुमार, अक्षत वर्मा, हर्ष सैनी एवं अंडर 19 में शिवा कुमार एवं मंयक कुमार ने स्टेट चैंपियनशिप झांसी में प्रतिभाग किया। जिसमें मुरादाबाद मंडल की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। आरजेपी के अंडर 17 के दीपेश कुमार का हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में चयन हुआ है, जिससे आरजेपी परिवार में खुशी की लहर है। स्टेट चैंपियनशिप खेलने के लिए चयनित छात्रों ने मंडल का अपना दबदबा बनाए रखने पर खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार व चयनित छात्रों को विद्यालय प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा, प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल एवं समस्त स्टाफ ने द्वारा बधाई देते हुए चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि खेलों से हम मानसिक रूप से मजबूत व तनाव कम करते हैं, आत्मविश्वास और एकाग्रता बढ़ाते हैं। हॉकी की टीम ने विगत वर्षों से अपनी प्रतिभा दिखाते स्टेट एवं नेशनल टीम में अपना स्थान बनाने का कार्य किया है, जो विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, मनोज यादव, एसपी गंगवार, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव, करन वीर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेहड़ थाने में तीन बाइकों की नीलामी

**रेहड़।** थाना परिसर में एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा व सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार की मौजूदगी में तीन बाइकों (दुपहिया वाहनों) की नीलामी खुली बोली द्वारा की गई। दुपहिया वाहनों की नीलामी में चार ठेकेदारों ने भाग लिया। इस दौरान ग्यारह हजार पांच सौ रुपए की सर्वाधिक बोली सलीम पुत्र मौहम्मद हफीज निवासी मौहल्ला पीरकलां नहटौर ने लगाई जो उन्हीं के नाम छूटी। इस दौरान एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा, सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार, उप निरीक्षक भीम सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'बुकर' विजेता...**

एडवोकेट ने फिर आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथि मुश्ताक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, इसलिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। जस्टिस नाथ ने कहा कि मामला खारिज कर दिया गया है। हमने तीन बार खारिज कहा है। और कितनी बार खारिज करने की जरूरत है? दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 16 सितम्बर को कहा था कि किसी विशेष धर्म या आस्था को मानने वाले व्यक्ति का किसी दूसरे धर्म के त्योहारों में शामिल होना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। लेखिका बानू मुश्ताक को मैसूर दशहरा उत्सव के लिए कर्नाटक सरकार ने मुख्य अतिथि बनाया है। 62 साल की बानू मुश्ताक कन्नड़ लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान आंदोलनों और कन्नड़ भाषा आंदोलनों से जुड़ी रही हैं।

मई 2025 में उन्होंने अपनी कहानी संग्रह एडेया हनाटे के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थ ने किया था। राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने उनके साहित्यिक और सामा. जिक योगदान को देखते हुए इस बार दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि बानू के लिए हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होना गलत होगा। क्योंकि इन अनुष्ठानों में पवित्र दीप जलाना, देवता को फल-फूल चढ़ाना और वैदिक प्रार्थनाएं करनी होती हैं। यह भी कहा गया था कि ऐसी प्रथाएं केवल एक हिंदू ही कर सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा था कि यह राज्य का समारोह है, किसी मंदिर या धार्मिक संस्थान का नहीं। इसलिए धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। ये उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। पहले भी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि मुश्ताक को बुलाने का फैसला कमेटी का है। इसमें विभिन्न दलों के प्रतिनिधि और और विभिन्न सरकारी अधिक. ारी शामिल थे।

**तीन गलतियों के...**

पाकिस्तान को लगा था कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर का सड़क मार्ग से शेष भारत के साथ संपर्क खत्म कर देगा, लेकिन यह उसकी रणनी. तिक भूल साबित हुई और इसके लिए चलाया गया उसका ऑपरेशन जिबाल्टर विफल हो गया। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी सेनाओं को पूरी तरह से खुली छूट दे दी थी कि दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए। इसके बाद सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। जनरल नाम्बियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की इन तीनों गलतियों का फायदा उठाया और पाकिस्तान को लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

# त्योहारों में क्यूआर कोड से मिलेगा रेलवे टिकट

**नई दिल्ली, वार्ता**

यात्रियों की सुविधा और अनारक्षित टिकटों की सुविधा. जनक खरीद सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने आगामी त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर स्टेशन क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकटों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड स्टिकर के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट पेश किए हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट खरीदे गए हैं, जिनके पीछे क्यूआर कोड स्टिकर मुद्रित हैं, जिन्हें यूटीएस ऐप या रेल वन ऐप के माध्यम से स्कैन करके अनारक्षित टिकट खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये जैकेट उन लोगों द्वारा पहने जाएंगे, जिन्हें स्टेशन परिसर, प्रवेश या निकास द्वार और टिकट काउंटरों के बाहर जैसे अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में यूटीएस मोबा. इल ऐप को बढ़ावा देने के लिए तैनात किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान एनसीआर रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली की शुरुआत की थी, जो भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यात्रियों को परेशानी मुक्त टिकट प्रणाली प्रदान करने में एक बड़ी सफलता थी। त्रिपाठी ने कहा कि भारी सफलता को देखते हुए अन्य रेलवे ज़ोन भी त्योहारों के दौरान जैकेटों पर क्यूआर कोड लागू कर रहे हैं। एनसीआर भी जरूरत पड़ने पर ऐसे क्यूआर कोड युक्त जैकेट का इस्तेमाल करता है। यात्री जैकेट के पीछे दिए गए क्यूआर कोड को यूटीएस या रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन से स्कैन कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दिशानिर्देशों के अनुसार कर्मचारी लोगों को एप्लीकेशन के उपयोग और यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने के लाभों के बारे में मार्गदर्शन करेंगे।

# यूपी के शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में हाईकोर्ट सख्त, अपर मुख्य सचिव तलब



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को निर्देश दिया कि वह शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने के मामले में आदेश का पालन करते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या 27 अक्तूबर को हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया।

हाईकोर्ट में 18 सितंबर 2025 को सुनवाई में महानिद. ेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल और सचिव यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड सुरेंद्र कुमार तिवारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। इनके हलफनामों को कोर्ट ने रिकॉर्ड में ले लिया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सुनवाई के दौरान अनुपस्थित थे लेकिन उन्होंने छूट के आवेदन के साथ अपना हलफनामा प्रस्तुत किया। इस पर कोर्ट ने बृहस्पतिवार लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी। सरकारी वकील ने कोर्ट से रिट कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। वहीं याची के अधिवक्ता सत्एंद्र चंद्र त्रिपाठी इस पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि पिछली बार भी समय मांगा गया था लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को अगली सुनवाई की तारीख 27 अक्तूबर 2025 पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस हलफनामे में रिट कोर्ट के आदेश का पूर्ण अनुपालन दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि वह ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उन पर आरोप तय करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना होगा। वहीं अन्य अधिकारियों को अगले आदेश तक व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चंद्रशेखर हत्याकांड में ओमवीर गिरफ्तार



## हत्याकांड के खुलासे की मोबाइल में रिकार्डिंग व सरिया भी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने चन्द्रशेखर हत्याकांड में मुख्य आरोपी ओमवीर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने हत्या के बाद की गई बात की रिकार्डिंग भी बरामद कर ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मण्डावर थाने में ग्राम वाजिदपुर निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र लल्लू सिंह ने 16 सितम्बर को तहरीर दी थी कि अनिल व ओमवीर निवासी ग्राम गीदड़पुरा एवं कृष्णा निवासी ग्राम मौहम्मदपुर सुजान उनके पुत्र चन्द्रशेखर उर्फ शेखर (30 वर्ष) को घर से बुला कर ले गए और उसकी हत्या कर शव को बाग में फेंक दिया। तहरीर के आधार पर मंडावर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 195/25 धारा 103 (ए), 238 व 3 (5) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। अभियोग की विवेचना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज के द्वारा की जा रही है। अभियुक्तगणों के बारे में उनके नाम की सही जानकारी की गई। जिसमें अनिल पुत्र धर्मपाल व ओमवीर पुत्र जगदीश निवासीगण ग्राम गीदड़पुरा एवं कृष्णा पुत्र छोटे निवासी ग्राम मौहम्मदपुर सुजान पाया गया। पुलिस ने बीती रात ओमवीर पुत्र जगदीश को शहबाजपुर जाने वाली नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल सरिया भी पुलिया के पास खेत में से बरामद किया गया है। साथ ही उसके द्वारा वारदात के बाद नशे में अपने परिचित मोहित से की गई बात में उसके द्वारा बताए गए सम्पूर्ण घटनाक्रम की रिकार्डिंग भी बरामद की गई है। यह रिकार्डिंग ओमवीर के फोन से मिली है। ओमवीर ने बताया कि वह 15 सितम्बर को ग्राम मौहम्मदपुर देवमल में देशी शराब के ठेके पर गए थे। वह दोनों अनिल की गाड़ी में बैठ कर शराब पी रहे थे। इस दौरान वाजिदपुर का चंद्रशेखर भी ठेके से लौट रहा था। उन्हें देखते ही चंद्रशेखर गालियां देने लगा। इससे पूर्व भी शेखर से उनकी कहासुनी व गाली-गलौच हो चुकी थी। ओमवीर व अनिल ने उसे लोहे के सरिये से मारा और मरणासन स्थिति में बाग में फेक दिया। साथ ही घटनास्थल से थोड़ी दूर काजीवाला जाने वाले रास्ते पर नहर की पुलिया के पास सरिये को बाग में छिपाया था। इस मामले में पुलिस के द्वार अग्रिम विवेचना की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक भी आपराधिक प्रवृति का था।

# करंट से किसान की मौत

## नाराज किसानों का गुस्सा फूटा, हाइवे भी कर दिया जाम



**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। विरोध में किसानों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम असदपुर धमरौली निवासी वीरेंद्र सिंह चौहान अपने खेत से सुबह पशुओं के लिए चारा लेने गया था। उनके खेत में हाईटेंशन लाइन काफी नीचे से होकर गुजर रही है। खेत में करंट आने से उसकी मौत हो गई है। जब वीरेंद्र चौहान कई घंटों तक चारा लेकर घर वापस नहीं आया, तो परिजनों को उसकी फिक्र हुई। परिजनों ने जब खेत पर जाकर देखा, तो उनकी लाश पड़ी हुई थी। यह देख कर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। यह खबर आग की तरह फैल गई। सैकड़ों किसान मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर परिवार को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रहे थे। किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर देखकर पुलिस के भी हाथ पैर फूल गये। मुरादाबाद रोड पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। मौके पर कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रहीं। पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने की कोशिश में लगे हुए थे।

ग्रामीणों का कहना था कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया कि जर्जर लाइन ठीक कराई जाए। किसानों ने विद्युत लाइन ठीक कराने एवं मुआवजे की मांग की।

एसडीएम नितिन तेवतिया ने उनकी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खोल दिया गया। मृतक अपने पीछे दो पुत्र अंकित कुमार व अनिल कुमार एवं पत्नी सरोज को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## एक नजर

### पालिका कर्मचारियों में मारपीट



**नूरपुर।** नगर पालिका में कार्यरत दो कर्मचारियों में किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई थी। जिसमें पवन कुमार ने दबंगई दिखाते हुए गुंडागर्दी की। नगर पालिका के ऑपरेटर दीपक शर्मा अपने दफ्तर में काम कर रहे थे। अचानक पवन कुमार ने फावड़े से हमला कर दीपक शर्मा को लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल दीपक शर्मा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। वारदात से नगर में खलबली मच गई। पुलिस ने आरोपी पवन कुमार को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दे। सूत्रों का कहना है कि नगर पालिका के कई कर्मचारी दिन में भी नशे की हालत में रहते है। वह अन्य कर्मचारियों को काम नहीं करने देते है। इन्होंने नगर पालिका को अखाड़ा बना कर रख दिया है।

### भारत पेट्रोलियम में माकड्रिल



**नजीबाबाद।** भारत पेट्रोलियम के आदर्श नगर स्थित तेल डिपो पर आग लगने से बचाव के लिए मॉकड्रिल करवाई गई। डिपो इंचार्ज मंजुल प्रसाद आर्या व उनकी टीम द्वारा तेल टैंकर से तेल रिसाव होने से आग लगने पर उसे तकनीक के जरिए बुझाने की गतिविधि करके दिखाई गई। इस स्थिति में जिला प्रशासन व डिप्टी डायरेक्टर फैक्ट्रीज को मदद के लिए इमरजेंसी संदेश भेजा गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड, पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। आपरेशन मैनेजर राकेश सिंह ने बताया कि यह एक प्रकार का अभ्यास था। जिसमें अचानक आग लगने की सूरत में विभागों की तैयारी का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसी घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसलिए प्रशासन की तरफ से ऐसी प्रक्रियाएं करवाई जाती हैं, ताकि समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके। उन्होंने जिला निवासियों से अपील की कि किसी भी इमरजेंसी की सूरत में घर पर खासकर कार्यालयों में आग नियंत्रण सिलेंडर व मिट्टी उपलब्ध होने चाहिए। एडीएम वान्या सिंह, एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार, कोतवाल राहुल सिंह, डिपो अधिकारी अमित कुमार, मंजुल प्रसाद आर्य, राकेश सिंह, चन्दन कुमार, फायर स्टेशन प्रभारी केएस जादौन व उनकी टीम ने मोर्चा संभाला और कृत्रिम आग पर काबू पाया।

### पनीर व कुट्टू के आटे के नमूने लिए

**बिजनौर।** आगामी नवरात्रि व दशहरा के अवसर पर जनपद में कड़ी कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा आमजन को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेष रूप से कुट्टू का आटा, व्रत की मिठाइयां, सूखे मेवे, अन्य फलाहार उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया। तहसील नगीना में कुट्टू के आटा के दो, घी का एक तथा साबूदाना का एक नमूना संग्रहित किया गया। तहसील चांदपुर से एक नमूना पनीर व धामपुर से कुट्टू का आटा व कुट्टू साबुत का एक-एक नमूना तथा किरतपुर से कुट्टू का आटा व कुट्टू साबुत का नमूना, किशमिश व मूंगफली गिरी का तथा साबूदाना का व रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल का नमूना संग्रहित कर रासायनिक जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। कुट्टू के आटा के प्रति खाद्य कारोबारकर्ताओं तथा जनता के व्यक्तियों को जागरूक किया गया कि पुराने आटे का इस्तेमाल न करें। उच्च प्रोटीनयुक्त होने के कारण कुट्टू के आटा में नमी एवं फंगस बहुत जल्दी लगता है। अभियान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण राजीव कुमार, श्रीमती रेनु सिंह, अनुपम यादव, शम्भु दयाल, डीके वर्मा, अनिल कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बारिश से पुराना मकान गिरा

**नगीना।** मौहल्ला लुहारी सराय में आज सुबह एक पुराने मकान का अगला जर्जर हिस्सा भारी बारिश के कारण अचानक भरभराकर गिर गया। मकान में हेंडीक्राफ्ट का काम करने वाले अलीमुद्दीन मुल्तानी, सलीम मुल्तानी और मौहम्मद अहमद का परिवार रहता है। घटना के समय परिवार के तीनों सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। जबकि बाहर सड़क पर कोई नहीं था। इसी वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बीती रात से हो रही बारिश के कारण मकान के जर्जर हिस्से में पानी आने के कारण वह फूल गया था। मकान का अगला हिस्सा गिरने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### प्रवेश का आज अंतिम अवसर

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में रिक्त रह गई ड्रेस मेकिंग, प्लंबर एवं पेंटर जनरल में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश के लिए आज रात्रि 12 बजे तक www.scvtup.in पर प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन किए जा सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन किया हुआ है, वह भी विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है। यह जानकारी राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने दी।

### चंदक में विश्वकर्मा जयंती मनाई

**चंदक।** विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति बालावाली के तत्वावधान में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर पूजा महोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, हरिदत्त शर्मा, मास्टर मुकेश, राजेश विश्वकर्मा पत्रकार ऋषिकेश रहे। आश्रम में विश्वकर्मा पूजा एवं हवन के उपरांत भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों एवं विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं उनका अनुसरण करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में राजपाल धीमान, जयप्रकाश धीमान, सतीश धीमान, अशोक धीमान, आशाराम धीमान, नरेंद्र धीमान, ऋषिपाल धीमान, रामशरण धीमान, मंगतराम धीमान, राजेश धीमान आदि विश्वकर्मा बंधुओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन जयप्रकाश धीमान ने किया।

### धामपुर में नगीना चौक पर साधू का आतंक



**बिजनौर।** स्थानीय नगीना चौराहे पर एक साधू ने पिछले कई दिनों से आतंक मचा रखा है। यह गाड़ियों पर पत्थर फेंकता है व आने-जाने वालों के साथ गाली-गलौच करता है। इसकी वजह से किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## नजीबाबाद में हटाया अतिक्रमण



**नजीबाबाद।** नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान के नेतृत्व में स्टाफ के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बाजार कल्लूगंज में अतिक्रमण को हटवाया गया। लगातार व्यापारियों द्वारा एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार से शिकायत की जा रही थी कि कि बाजार कल्लूगंज में कुछ सब्जी व फल वालों ने रोड पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान द्वारा यह हिदायत दी गई कि फड़ के मालिकों को पैमाईश के अनुसार ही अपना कारोबार करना होगा। बाकी जगह दो दिन मे खाली कर दे। वरना सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, विशेष, रुपेश, पंकज, पवन, फुरकान, नरेंद्र आदि मौजूद थे।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**नजीबाबाद।** स्वच्छता ही सेवा फखवाड़ा के अंतर्गत आज पालिका अध्यक्ष इंजी. मुअज्जम के निर्देश पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कालेज, मूर्ति देवी कन्या विद्यालय इंटर कॉलेज, आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज, रमा जैन कन्या महाविद्यालय, आर्य कन्या इंटर कालेज, मौहम्मद अली जौहर जूनियर हाईस्कूल आदि स्कूलों व कॉलेजों के स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। छात्रओं के द्वारा आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पर पालिका की अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, एसबीएम लिपिक आकाश आदि मौजूद रहे।

# दीपेश कुमार का राष्ट्रीय टीम में चयन

## झांसी में आयोजित प्रति. में मुरादाबाद मंडल की टीम ने जीता कांस्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हॉकी की नेशनल चैंपियनशिप के लिए दीपेश कुमार का अंडर 17 में चयन हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के हॉकी के अंडर 14 में दिव्यांशु सैनी, देव सैनी, रौनक कुमार एवं प्रिंस, अंडर 17 में दीपेश कुमार, अक्षत वर्मा, हर्ष सैनी एवं अंडर 19 में शिवा कुमार एवं मंयक कुमार का चयन हुआ है। स्टेट चैंपियनशिप झांसी में आयोजित हुई थी। जिसमें मुरादाबाद मंडल की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। आरजेपी के अंडर 17 के दीपेश कुमार का हॉकी नेशनल चैंपियनशिप में चयन हुआ है, जिससे आरजेपी परिवार में खुशी की लहर है। स्टेट चैंपियनशिप खेलने के लिए चयनित छात्रों ने मंडल में अपना दबदबा बनाए रखने पर खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार व चयनित छात्रों को विद्यालय प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा, प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल एवं समस्त स्टाफ ने द्वारा बधाई देते हुए चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि खेलों से हम मानसिक रूप से मजबूत व तनाव कम करते हैं और आत्मविश्वास व एकाग्रता बढ़ाते हैं। सामाजिक रूप से ये टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग जैसे कौशल सिखाते हैं। जिससे अच्छे सामाजिक संबंध बनते हैं। हॉकी की टीम ने विगत वर्षों से अपनी प्रतिभा दिखाते स्टेट एवं नेशनल टीम में अपना स्थान बनाने का कार्य किया है, जो विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, मनोज कुमार यादव, एसपी गंगवार, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तौगी, विनोद कुमार यादव, करन वीर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, मौहम्मद अनस, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्रों को लेकर उत्साह का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शारदीय नवरात्रों को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है।

शक्ति आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रों के आगमन को देखते हुए नगर के दोनों शक्ति पीठ श्री महाशक्ति कालिका मंदिर एवं श्री मां चामुण्डा मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कालिका मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री अनिल विश्नोई, उपाध्यक्ष व शोभायात्रा व्यवस्था प्रमुख सुशील जिंदल के अनुसार नवरात्रों के दो दिन पहले यानी कल (आज) 20 सितम्बर को प्रात: पांच मंदिर परिसर से पराम्परागत नगर प्रभात शोभायात्रा निकाली जायेगी। 22 सितम्बर को प्रथम नवरात्रों पर प्रात: चार बजे मां भगवती का स्नान श्रृंगार के पश्चात अखण्ड दीप कलश स्थापना व आरती, प्रात: सात बजे श्री दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारम्भ एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सायं 6:45 बजे महाआरती का प्रतिदिन आयोजन किया जायेगा। पांच अक्टूबर को विशाल जागरण एवं छह अक्टूबर को विशाल जागरण की समाप्ति पर महायज्ञ एवं विशाल भण्डारे के साथ कार्यक्रमों का समापन हो जायेगा। श्री मां चामुण्डा देवी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार खन्ना, महामंत्री अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एवं भण्डारी धमेन्द्र चौधरी ने बताया कि परम्परानुसार नवरात्रों से एक दिन पूर्व 21 सितम्बर को प्रात: चार बजे से मंदिर से प्रभातफेरी अखण्ड ज्योति शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन प्रात: दुर्गा सप्तशती का पाठ व सायं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में महाआरती के साथ कार्यक्रमों के अंतिम चरण में 30 सितम्बर को रात्रि नौ बजे से विशाल जागरण एवं एक अक्टूबर को प्रात: नौ बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# जनता को पसंद आ रही डीएम जसजीत की कार्यशैली

## मौके पर जा कर करा रही समस्याओं का शीघ्र समाधान, सरकार की योजनाओं पर पूरी तरह अमल







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की कार्यशैली एवं उनके द्वारा मौके पर जा कर जन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की वजह से जनपद की जनता खुश है। एक तरफ वह सरकार की प्राथमिकताओं वाले सभी कार्यक्रमों का लाभ पात्रों को पहुंचाने का प्रयास सफलतापूर्वक कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जनसुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों का भी वह समुचित समाधान करा रही है।

गौरतलब है कि जब जनपद में जिलाधिकारी के पद पर श्रीमती जसजीत कौर की नियुक्ति हुई थी, तो कयास लगाए जा रहे थे कि वह कामयाब भी होंगी या नहीं। एक महिला अधिकारी होने की वजह से उनके फील्ड में जा कर जनसमस्याओं का समाधान कराने की संभावना कम जताई जा रही थी। मगर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने साबित कर दिया है कि अगर इच्छा शक्ति मजबूत हो और सोच सकारात्मक रखी जाए, तो हर बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में कार्यभार संभालने के बाद अपनी कार्यशैली से आम जनता के दिलों में खास जगह बना ली है। पिछले दिनों जनपद में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उन्होंने मौके पर ही मौजूद रह कर अपनी निगरानी में राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराए थे। उनके कुशल निर्देशन की वजह से सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास हुआ और उन्होंने रात-दिन एक कर जनता को संभावित नुकसान से बचा लिया। आज भी मौके पर कार्य जारी है और तटबंध टूटने की समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रयास भी जारी है। जिलाधिकारी जसजीत कौर लगातार रिपोर्ट ले रही है।

इससे पूर्व जब गंगा नदी में बाढ़ आई थी और पहाड़ों पर बारिश की वजह से मालन नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते तटबंध टूट गया था, तो जिलाधिकारी जसजीत कौर जोखिम उठाते हुए बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंची थी। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचने के लिए कहीं पर नाव का सहारा लिया था और कहीं पर ट्रेक्टर पर बैठ कर वह मौके पर गई थी। उन्होंने प्रभावितों के लिए राहत शिविरों के लिए व्यवस्था कराकर सामग्री पहुंचाई थी। सभी प्रभावित क्षेत्रों में जनता के लिए राहत सामग्री एवं पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई थी। कहीं से भी किसी तरह की कोई समस्या व शिकायत सामने नहीं आई थी। जिलाधिकारी जसजीत कौर की कार्यशैली की खासबात यह है कि वह मौके पर जा कर समस्या को खुद देखती व समझती है और उसके बाद समय रहते समाधान कराती है। वह न तो समस्याओं को नजर अंदाज करती है और न ही समाधान कराने में किसी भी तरह की देरी कराती है। उनके कार्यकाल में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहता है।

दूसरी तरफ वह प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को भी पूरी तरह से गंभीरता से ले रही है। शासन से प्राप्त होने वले निर्देशों पर अमल करने के लिए लगातार बैठकों का आयोजन किया जाता है और उस पर शीघ्रता से शत-प्रतिशत कार्यवाही भी होती है। वह आम जनता की समस्याओं को भी सुनती है और उनका हर संभव समाधान भी कराती है। उनका पूरा प्रयास है कि राजस्व विभाग सहित किसी भी अन्य विभाग में न तो शिकायतें लंबित रहे और न ही सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने में किसी तरह की देरी हो। इसके परिणाम स्वरूप जनपद की जनता उनके कार्यकाल से पूरी तरह खुश है और बड़ी राहत महसूस कर रही है। उनकी लोकप्रियता पूर्व के जिलाधिकारियों की तुलना में सबसे ज्यादा है।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सुनी फरियादें

## अफसरों को मौके पर ही दिए समाधान करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने धामपुर प्रवास के दौरान जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सांसद ने सैकड़ों लोगों की फरियादें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।



सांसद तीन दिवसीय दौरे पर बिजनौर जनपद के विभिन्न इलाकों में मौजूद हैं। धामपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में अधिकारियों से सीधा फोन पर बात कर निस्तारण कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और त्वरित कार्रवाई करें तो क्षेत्र की बड़ी परेशानियां स्वत: हल हो सकती हैं।

इससे पूर्व सांसद ने कालागढ़ में बांध का निरीक्षण किया और पानी निकासी की स्थिति पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने बाढ़ से बचाव को लेकर शासन स्तर पर ठोस योजना बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

धामपुर प्रवास के दौरान सांसद मछली बाजार स्थित शहर पेश इमाम मौहम्मद कमर तथा मुख्य बाजार में डॉ. कमाल अहमद के आवास पर भी पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के दो किसानों को अपने संवर्ग में मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के धामपुर क्षेत्र के निवासी तीन गन्ना कृषकों को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित राज्य गन्ना प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल हुई है। दो कृषकों को अपने संवर्गों में प्रदेश में प्रथम स्थान तथा तीसरे कृषक को अपने संवर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

गन्ना एवं चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आयुक्त के स्तर से जारी राज्य गन्ना प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 के परिणाम के आधार पर गन्ना विकास परिषद धामपुर (बिजनौर) के तीन गन्ना कृषकों को विजेता घोषित किया गया है। जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (एससीडीआई) धामपुर अमित पांडेय ने बताया कि पेडी गन्ना संवर्ग में ब्रिजेश कुमार शर्मा पुत्र वीरेन्द्र कुमार शर्मा ग्राम परमावाला को गन्ना प्रजाति को. 0238 में 1985 कु. प्रति हैं. उपज प्राप्त करने पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि सिंचाई में ड्रिप विधि अपनाने पर पेडी गन्ना संवर्ग में विनीत कुमार पुत्र रवि प्रकाश निवासी धामपुर खास को 1592 कु. प्रति हे. उपज प्राप्त करने पर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार युवा किसान पौधा संवर्ग में मोहित त्यागी पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर भिक्का को गन्ना प्रजाति को. शा. 13235 में 1529 कु. प्रति हे. उपज प्राप्त करने पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल हुआ है।

विजेता कृषकों ने ट्रैंच विधि से गन्ने की खेती करते हुए अपने प्लॉट में अधिक गन्ना उत्पादन प्राप्त किया है।

मुरादाबाद मंडल के उपगन्ना आयुक्त हरपाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पी.एन. सिंह, धामपुर चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) ओमवीर सिंह एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पाण्डेय द्वारा गन्ना उत्पादन में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिये विजेता कृषकों को बधाई दी है।

## एक नजर

### जटपुरा बोंडा में कांग्रेस की बैठक



**नजीबाबाद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ग्राम जटपुरा बोंडा में बैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान आज से शुरू कर दिया है। यह अभियान ब्लॉक नजीबाबाद के सभी ग्रामों में चलाया जाएगा। कांग्रेसियों ने कहा कि सत्ता में बैठी सरकार 'कमजोर तबके का वोट काटना बंद करे' और चुनाव आयोग के साथ चल रहे मिली भगत का गंदा खेल बंद करे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने भारत का संविधान बनाकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की थी। बाबा साहब द्वारा बनाए गए भारत के संविधान को सत्ता में बैठे लोग कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे देश की संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक भी सिपाही सत्ता में बैठी सरकार के इस कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी कांग्रेसी राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी वसीम अख्तर, फैज आलम एड., रिहान जमाल अंसारी, सुरेंद्र सिंह, कुसुम देवी, कपिल, मौहम्मद नफीस, संजीव कुमार, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद शाकिर, मुन्ने सिंह आदि मौजूद रहे।

### अवनीत मान को नगीना थाने की कमान

**नगीना।** कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने नगीना नगीना थाने की कमान बदल दी है। नगीना थाने में हुए इस बदलाव में थानाध्यक्ष संजय तोमर को उनके पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं एसपी के पीआरओ और यूपी-112 के प्रभारी अवनीत मान को नगीना थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसपी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि नगीना जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अनुभवी और काबिल अधिकारी की तैनाती बेहद जरूरी थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किए गए आदेश को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को नए कार्यक्षेत्र में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी अभिषेक झा ने साफ कहा कि इन तबादलों का मकसद केवल और केवल सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना है।

### विशेष चैकिंग अभियान चलाया



**बिजनौर।** आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाकर नमूने लिए। दूसरी तरफ व्यापारियों को भी हिदायत दी गई। व्यापार मंडल बिजनौर के सहयोग से मंडी समिति में आयोजित बैठक में लगभग 50 व्यापारी उपस्थित रहे। सभी को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने का संकल्प दिलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि त्योहारों पर मिलावटी या बासी खाद्य सामग्री की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से कुट्टू के आटे को लेकर उन्होंने चेतावनी दी कि यह उच्च प्रोटीनयुक्त होने के कारण बहुत जल्दी खराब हो जाता है। इसलिए दुकानदार पुराने आटे की बिक्री न करें और उपभोक्ता भी ताजे आटे का ही प्रयोग करें।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिजनौर।** स्वस्थ नारी व सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल में प्रधानाचार्या डॉक्टर उर्मिला कार्या के नेतृत्व में डेंटिस्ट्री विभाग में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 120 मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दांत एवं मसूड़ों सम्बंधित बीमारियों की जानकारी दी गयी। तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। दांतों की सही प्रकार से ब्रशिंग तकनीक को समझाया गया। बच्चों को नि:शुल्क दंत मंजन वितरण किया गया। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष डॉ. शिरीन वशिष्ठ, सहायक आचार्य डॉ. अलका रानी, डॉ. अनन्त, डॉ. अमित एवं डॉ. दिवेश उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना नौवें दिन समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** डीएफओ कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का धरना नौवें दिन समाप्त हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह पहुंचे और उनके साथ वन विभाग के डीएफओ अभिनव राज, एसडीओ बिजनौर ज्ञान सिंह, एसडीओ नजीबाबाद अंशुमान मित्तल और शैलेंद्र कुमार एसडीएम भी मौजूद रहे। इस दौरान भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी वहां थे। सभी के समक्ष अधिकारियों से वार्ता हुई। जिसमें अधिकारियों को गुलदार की समस्या से निजात पाने के लिए गांव-गांव वन मित्र बनाए जाने का सुझाव दिया गया। साथ ही कहा गया कि अमानगढ़ रेंज में वन भूमि पर खाई खुद कर तार की फैंसिंग कराई जाए। जिले भर में पिंजरों की संख्या बढ़ाई जाए। ट्रेंकुलाइज कर गुलदार को पकड़ने के लिए डॉक्टर की उपलब्धता अनिवार्य की जाए। साथ ही जनपद में वनकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। सभी बिंदुओं पर सकारात्मक वार्ता रही।

डीएफओ ने सभी बिंदुओं पर सहमति जताई और धरना समाप्त करने के लिए अपील की। इसके उपरांत युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने धरना समाप्त करने की घोषणा की।

इस मौके पर चौधरी बलराम सिंह, कुलबीर सिंह, सुखजिंदर सिंह गोल्डी, हाजी हनीफ, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, मनिंदर सिंह, विजय सिंह, अतुल, अजीत राठी, डॉ. साइम अंसारी, अरविंद राजपूत, डिंपल, गजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, हिमांशु, अनमोल आदि मौजूद थे।

# मॉडर्न एरा में सफल परीक्षा कार्यशाला

## परीक्षा के आयोजन में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधानों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में सफल परीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई के डेपुटी सेक्रेटरी एंड सी.ओ.ई.(सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) हेड मनीष त्यागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



कार्यशाला में हेड मनीष त्यागी और आईटी विभाग के मास्टर ट्रेनर अंकुर सिंघानिया ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यशाला में जिला बिजनौर के 80 विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मनीष त्यागी ने प्रतिभागियों को सफल परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा के आयोजन में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधानों पर चर्चा की।

वहीं आईटी विभाग के मास्टर ट्रेनर अंकुर सिंघानिया ने प्रतिभागियों को बताया कि कैसे आईटी के माध्यम से परीक्षा को आसानी से और प्रभावी ढंग से आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने परीक्षा के ऑनलाइन मोड और ऑफलाइन मोड के लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए और परीक्षा के आयोजन में सुधार के लिए सुझाव दिए।

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों को परीक्षा के आयोजन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने और उन्हें सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मदद करना था।

अंत में विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने उपस्थित सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# किसानों के लिए संघर्ष जारी रहेगा : मदन राणा

## नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** भाकियू टिकैत के नव मनोनीत पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्र के किसानों द्वारा नवमना. नीत पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया।



वादीगढ़ चौराहे पर स्थित एक बैंकट हॉल के प्रांगण में किसान सरदार कुलदीप सिंह की अध्यक्षता एवं देवेंद्र कौशिक के संचालन में आयोजित स्वागत समारोह में ब्लॉक अफजलगढ़ के नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान व जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा का किसानों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाकर काम करने का किसानों को भरोसा दिलाया और कहा कि किसानों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। वहीं नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने कहा कि वह किसानों की समस्याओं के समाधान के हितार्थ संघर्ष करते आए हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। मदन राणा ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ-साथ समय पर समाधान न होने पर सड़कों पर उतरकर कड़े से कड़ा आंदोलन भी करने की जरूरत भी पड़ी, तो उससे भी पीछे नहीं हटेंगे।

कार्यक्रम में सरदार हरि सिंह, रमेश शेखावत, दीपक सिरोही, मुख्तार सिंह, टिकेंद्र कौशिक, संजय शर्मा, कुलविंदर सिंह, वसीम गुर्जर, आकिब, मौ. अशरफ व मुख्तियार सिंह आदि मौजूद रहे।

# झालू में श्रीरामलीला नाटक समाज की नई कार्यकारिणी गठित

## 21 सितंबर से होगा मंचन का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बे में श्रीरामलीला नाटक समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें इस वर्ष भी अनुज चौधरी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में ज्ञानेंद्र सिंह और उपसंरक्षक के रूप में गौरव शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। प्रबंधक पद पर गजेन्द्र सिंह, उपप्रबंधक जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, महासचिव हैप्पी राणा तथा कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा को चुना गया। सचिव पद पर पुरु चौधरी, ऋषभ चौधरी, प्रदीप चौधरी उर्फ भोला, अक्कू चौधरी, संदीप चौधरी और ऋतिक शर्मा को मनोनीत किया गया। नाटक मंचन की तैयारियों के लिए डायरेक्टर पद पर महेंद्र धीमान और मधुसूदन शर्मा की नियुक्ति हुई है। वहीं स्टेज इंचार्ज की जिम्मेदारी दिनेश कुमार शर्मा और प्राउंटर का दायित्व धर्मवीर सिंह को सौंपा गया।

प्रधान अनुज चौधरी ने जानकारी दी कि श्रीरामलीला नाटक मंचन का शुभारम्भ 21 सितंबर को रात्रि 8 बजे मुख्य अतिथि एड. ऐश्वर्य मौसम चौधरी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया जाएगा।

## एक नजर

### गुलदार पकड़ने की मांग

**हल्दौर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा ने डीएफओ बिजनौर को पत्र देकर हल्दौर क्षेत्र के जंगल में दिखाई दिए गुलदार को पकड़ने के लिए एक मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के एक इंटर कालेज के पास खासकर छजुपुरा गांव के करीब एक गुलदार लगातार देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के सभी किसान भयभीत हैं। गुलदार द्वारा कभी भी किसी अप्रिय घटना को अंजाम किया जा सकता है। उन्होंने गुलदार के विचरण क्षेत्र में शीघ्र ही पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष टीकम सिंह, प्रमोद कुमार भोले, राजेंद्र सिंह चौहान, विशाल राजपूत, अशोक कुमार चौहान, राकेश कुमार राजू, अजय कुमार महेश, बाबू सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का बिजली घर पर प्रदर्शन



**शिवाला कलां।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नूरपुर ब्लॉक के अध्यक्ष उत्तम कुमार प्रधान के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों ने अला. उद्दीनपुर बिजली घर पर तैनात विद्युत लाइनमैन के कार्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं अभद्र व्यवहार से नाराज होकर बिजली घर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जेई यशपाल सिंह को लाइनमैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं कार्य शैली में सुधार लाने के लिए शिकायत पत्र भी सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि आइंदा के लिए ऐसा करने पर लाइनमैन को किसी भी सूरत पर अलाउद्दीनपुर बिजली घर पर कार्य नहीं करने दिया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश कुमार चौहान ब्लॉक मीडिया प्रभारी, जयपाल सिंह, अनिल कुमार, बृजेश कुमार, नरेश कुमार, नकुल कुमार, प्रीतम सिंह, नरेंद्र सिंह, राकेश प्रधान, सुभाष सिंह, महेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, राकेश सिंह, सुंदर सिंह अमर सिंह आदि मौजूद थे।

# शासन की प्राथमिकताओं को पूरा करें : डीएम

## समीक्षा बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रमों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विभिन्न प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की प्रगति एवं विभिन्न योजनाओं में निकायों को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जा रहे कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अधिकारी अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्रों में बरसात में होने वाले सड़क के गड्ढों को शत प्रतिशत रूप से भरवा कर निकाय की सड़कों को गड्ढा मुक्त करें और उक्त आश्य का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर पालिका की चल एवं अचल संपत्तियों का विवरण निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसे अद्यतन स्थिति में रखें। उन्होंने नगर निकायों में सॉलिड वेस्ट प्लांट के लिए लगाई गई मशीन में अधिकतर संचालित न पाए जाने पर सभी परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए की इस माह में शत प्रतिशत रूप से सभी मशीनों को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करें, ताकि उनका सदुपयोग हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित पौधों की अद्यतन स्थिति की फोटो उपलब्ध कराएं और उनकी जियो टैगिंग की प्रगति का विवरण भी प्रस्तुत करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया कि फैमिली प्रोफाइल का कार्य शत-प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगर निकायों में किए गए गृहकर एवं जलकर वसूली कार्य की प्रगति का विवरण प्रस्तुत करें। यदि किसी नगर निकाय में गृह कर एवं जलकर वसूली का कार्य नहीं किया गया है, तो संबंधित अधिकारी उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को कड़े निर्देश दिए कि पांच से 10 साल पुराने ऑडिट प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए लंबित मामलों का वर्गीकरण करते हुए जो प्रकरण वित्त से संबंधित न हों उनको अलग कर प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम अवित्तीय प्रकरणों को शत प्रतिशत रूप से निस्तारित करना सुरक्षित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकाय की संपत्ति से संबंधित वाद स्थानीय न्यायालयों में विचाराधीन है और उनके निस्तारण में विलंब हो रहा है, उनकी सूची उपलब्ध कराएं। ताकि उक्त संबंध में संबंधित न्यायिक अधिकारियों से संपर्क कर वादों को शीघ्र निस्तारित करने का अनुरोध किया जा सके। उन्होंने बैठक में अतिक्रमण को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शासन द्वारा नगर विकास के लिए नगर निकायों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों की प्रगति में निकायों द्वारा योजनाओं में खर्च की जा रही धनराशि का मूल्यांकन कर संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की और निकायों को धनराशि के अनुसार कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी डूडा, डिप्टी कलेक्टर/ ईओ नगीना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा सगा भाई इरशाद अब भोपाल में रहता है। इरशाद व उसकी पत्नी आसमा के गलत कार्यों की वजह से कुछ लोग हमें परेशान करते है। इरशाद व उसकी पत्नी आसमा से हमने लगभग एक वर्ष पूर्व सभी तरह के संबंध विच्छेद कर लिए थे। उनका हमारे यहां आना-जाना भी नहीं है। आसमा नांगलोई, दिल्ली में रहती है। इनके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन व कार्य के मैं इसरार पुत्र शमशेर एवं मेरी पत्नी इदरीसा किसी भी स्थिति में जिम्मेदार नहीं होगी। अपने कार्य व लेन-देन के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **इसरार पुत्र शमशेर निवासी ग्राम मंडौरा, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर।**

## नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि ग्राम फैजुल्लापुर निवासी श्रीमती अंजुम आरा पत्नी स्व. शराफत हुसैन चौधरी के 33/11 क.पी. विद्युत उपकेन्द्र स्योहारा की सीमा से लगे घरों के पास में खड़े यूकेलिप्टिस के दो सूखे पेड़ों की नीलामी 22 सितम्बर 2025 को दोपहर दो बजे 33/11 क.पी. विद्युत उपकेन्द्र स्योहारा (बड़े बिजली घर) में होगी। इच्छुक बोलीदाता इसमें भाग ले सकते है। नीलामी की शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। नीलामी की शर्तें कार्यालय में उपलब्ध है।

**उपखण्ड अधिकारी**
**विद्युत वितरण उपखण्ड, स्योहारा**
**तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर**

# अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा है कि अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त कर उसकी जगह पात्रों के राशन कार्ड बनाए जाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज अपराह्न कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी, कोटेदार, ट्रांसपोर्टर एवं व्यापारीगण मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में राशन वितरण प्रणाली के अंतर्गत जो भी दुकानें स्थापित हैं, उनमें विदुर ब्रांड के कुछ आइटम्स भी अनिवार्य रूप से रखे जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन कार्ड की नियमित रूप से जांच करते रहे और जो भी राशन कार्ड धारक अपात्र पाया जाए, तत्काल उसका राशन कार्ड निरस्त करते हुए किसी पात्र को नया राशन कार्ड जारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा का जनमानस के स्वास्थ्य से सीधा संबंध है, ऐसे विशेष मामले को आंकड़ों की बाजीगरी तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। बल्कि धरातल पर लोगों को विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई का व्यापक असर दिखना भी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद्य गुणवत्ता जांच की कार्रवाई लगातार की जाए तथा इसी के साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, जिसमें लोगों को खाद्य सुरक्षा और उसके नियम और प्रावधानों की जानकारी दी जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी का निर्देशित किया कि खाद्य प्रदार्थो की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही अक्षम्य है।

हमारा ढाबा एकदम खास है।
सारा शहर हमारे आस-पास है।
सपनो का ढाबा
शाह जी पंजाबी ढाबा
ढाबा किराये पर लेने के लिये
सम्पर्क करें-9897703662, 7500175846
फोर लेन हाईवे, टोल टैक्स से पहले
निकट-सैन्टमैरी स्कूल नगीना धामपुर रोड, नगीना (बिजनौर)




सुविधाएँ :
★ प्राईम लोकेशन में
★ पार्किंग की सुविधा
★ एयरकंडीशनर मिटिंग हॉल, रूम
★ 1100 गज में निर्माण

## एक नजर

### गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का निरीक्षण



**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति में चल रहे दस दिवसीय नवीन गन्ना सत्र हेतु गन्ना सट्टा पर्ची प्रदर्शन मेले के तृतीय दिवस पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने मेले निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना समिति में पहुंचकर मेले की व्यवस्था देखी और मेले में पहुंचने वाले किसानों को किसी प्रकार के असुविधा न हो इसके लिए उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया। श्री पाठक ने कहा कि यह मेला 25 सितंबर तक समिति परिसर में चलेगा, जिसमें क्षेत्र भर के समस्त किसान भाइयों गन्ना कृषकों के गन्ना आपूर्ति हेतु समस्त कार्यों को देखा परखा जाएगा। साथ ही किसानों के गन्ना पर्ची कैलेंडर में आधार नंबर, मोबाइल नंबर, गन्ना सर्वे, बेसिक कोटा, उपज बढ़ोतरी, वारिस मेंबर, नए मेंबर आदि हेतु कार्य पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के किसान भाइयों से समय रहते नवीन गन्ना सत्र हेतु गन्ना सप्लाई के लिए समिति द्वारा जारी कैलेंडर को ठीक प्रकार जांच लें, परख लें और उनमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर तुरंत मेला पहुंचकर संशोधित कराने की भी अपील की है। इस अवसर पर राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों में शिव किशोर, दिग्विजय सिंह, सौरभ कुमार, हजारीलाल, कुमारी पूनम यादव, सहदेव सिंह, भोपाल सिंह, महेंद्र सिंह, सहित समस्त गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने समिति पहुंचने वाले किसानों की समस्याएं सुनी और उनके गन्ना पर्ची सट्टे से संबंधित कार्यों को निपटाया।

### चांदपुर में झंडा पूजन कार्यक्रम



**चांदपुर।** श्रीराम सेवक मण्डल रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आज से रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन शुरू हो जायेगा। इससे पहले नगर मे श्रीराम सेवक मंडल चांदपुर कमेटी द्वारा आयोजित श्रीराम लीला मंचन के शुभारम्भ से पूर्व झण्डा पूजन किया गया। जिसमे कमेटी सहित अन्य भक्तजनों ने भी भाग लिया। यह जानकारी आशु गोयल ने दी। पूजन कार्यक्रम में विकास कुमार गुप्ता उर्फ रॉकी, ब्रजेश कौशिक, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, अशोक कुमार नेता जी, सुबोध गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्यां में कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# केएम कॉलेज में भूकंप का मंजर!

## सैकड़ों छात्र फंसे, अफरा-तफरी मची, फिर हुआ बड़ा खुलासा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने लोगों को सिहरने पर मजबूर कर दिया। अचानक इमारत हिली और देखते ही देखते सैकड़ों छात्र क्लासरूम के भीतर फंस गए। घायल बच्चों को बाहर निकाला गया तो हर किसी की आंखें नम हो गईं।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम धामपुर समेत कई विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें, पुलिस बल, अग्निशमन कर्मी और राजस्व अधिकारी मौके पर जुटे। बच्चों को स्ट्रेचर पर ले जाते देख लोगों का कलेजा कांप उठा। कॉलेज के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई बच्चों की सलामती की दुआ कर रहा था। चारों ओर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल था। हालांकि, थोड़ी देर बाद खुलासा हुआ कि यह कोई वास्तविक हादसा नहीं, बल्कि भूकंप से निपटने की तैयारी का अभ्यास था। यानी यह मॉक ड्रिल थी। सच सामने आने पर लोगों ने राहत की सांस ली, मगर कुछ देर तक पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।

### कन्या इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विविध वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने छात्राओं की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रेखा देवी ने की। प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिक्षिकाएं सविता रानी, रुचिका, निधि श्री गुप्ता, नीना वर्मा, पूनम राजपूत और ज्योति रानी ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

प्रदर्शनी के मूल्यांकन के लिए निर्णायक समिति में नीना वर्मा, प्रो. विमला सिंह (एस.बी.डी. कॉलेज) और डॉ. अदिति सिंधु शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के कार्य की सराहना की और उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वालों को चयनित किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान अंजना रानी एवं दिव्या चौहान, द्वितीय स्थान निदा, जूनियर वर्ग प्रथम स्थान सुमैया खातून, द्वितीय स्थान अक्शा ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने कहा कि विज्ञान और शिक्षा का समन्वय जीवन में नई दिशा देता है। उन्होंने छात्राओं से परिश्रम और नवाचार की राह पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### नगर पालिका में लोक कल्याण मेले का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका में लोक कल्याण मेला का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है।

मेले में पीएम स्व-निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पुनर्गठित योजना की जानकारी दी जाएगी। भारत सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी व छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार हेतु पहली किस्त रूपए 15,000 तथा दूसरी किस्त रूपए 25,000 बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका परिषद स्योहारा के

#### पीएम निधि योजना का लाभ उठाने की अपील

अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में लोक कल्याण मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## आवारा कुत्तों, बंदरों, छुट्टा पशुओं और गुलदार का आतंक बरकरार

### लोग घरों में कैद रहने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आवारा कुत्तों, बंदरों, छुट्टा पशुओं और गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आम लोग दहशत में हैं और छोटे बच्चे घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं।

आज दोपहर मौहल्ला निवासी इब्राहिम पुत्र अफजाल अहमद का 9 वर्षीय बेटा जैसे ही घर से बाहर आया तो आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से बच्चे को बचाया और अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गहरे घाव पर टांके लगाकर एंटी रेबीज इंजेक्शन दिया। यह कोई पहला मामला नहीं है। नगर में रोजाना कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बाइक और साइकिल सवार भी आए दिन इनका शिकार हो रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद संबंधित विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है।

सहसपुर के जंगल में एक आवारा सांड ने किसान पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। किसानों का कहना है कि गुलदार और छुट्टा पशुओं के डर से वे खेतों तक नहीं जा पा रहे, जिससे खेती और पशुपालन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। किसान नेता चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा कि लगातार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा प्रभारी डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि रोजाना 20 से 25 मरीज कुत्तों के काटने की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचते हैं। सभी को समय पर एंटी रेबीज उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुत्ता काटने पर झाड़-फूंक में समय न गवाएं और सीधे स्वास्थ्य केंद्र आकर इलाज कराएं। नगर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवारा कुत्तों, बंदरों, गुलदार और छुट्आ पशुओं का आतंक आम जनता की जान-माल पर भारी पड़ रहा है। लोग अब शासन-प्रशासन से तुरंत ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

### प्रेमिका की मां ने प्रेमी को पिलाया जहरीला पदार्थ

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका की मां ने प्रेमी को शादी कराने के झांसे में लेकर पानी पिलाने के दौरान जहरीला पदार्थ पिला दिया। युवक को हालत बिगड़ने पर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवक की तबीयत में सुधार बताया जा रहा हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवक का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त मामले को लेकर कई बार गांव में पंचायत भी हो चुकी है तथा पुलिस से भी उक्त मामले की शिकायत हो चुकी थी। बताया जाता है गुरुवार की सायं युवक जंगल में टहलने के लिए गया था। आरोप है कि युवती की मां जंगल में उसके पास पहुंची और उससे अपनी लड़की से शादी करने की बात कहते हुए उसे पानी में जहरीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। जिससे कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ गई। युवक की हालत बिगड़ने पर उसे पास के ही निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### पंचायत सहायकों के चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं उपनिदेशक (पं) मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) गजरौला जनपद अमरोहा में जनपद बिजनौर के विकास खण्ड नूरपुर एवं स्योहारा के पंचायत सहायक/एकाउंटेंट- कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर का चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस प्रशिक्षण में पंचायत सहायकों को पंचायती राज व्यवस्था-73 संविधान संशोधन, ग्राम पंचायत एवं ग्राम प्रधान व उनके दायित्व, ग्राम सभा के कार्य दायित्व एवं महत्व, ग्राम पंचायत की समिति एवं कार्य, पंचायत सिटिजन चार्टर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 15वां केंद्रीय वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, बहुउदेशीय पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, पंचायत कल्याण कोष उ.प्र., मातृभूमि योजना, ग्राम पंचायत की स्वयं के आय स्त्रोत (ओएसआर) सतत विकास लक्ष्य एवं उनका स्थानीयकरण (एलएसडीजी), पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) ई-ग्राम स्वराज, पंचायत पुरस्कार आदि विषयों पर पंचायत सहायकों को पंचायती राज विभाग के राज्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ फैकल्टी एवं प्रबंधक डीपीआरसी गजरौला जनपद अमरोहा सत्येंद्र कुमार शर्मा, राज्य प्रशिक्षक ईशांत कुमार शर्मा, रेखा रानी, कु. खुशी, अब्दुल कादिर, रिजवान अली एवं मौहम्मद वसीम के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की ब्लॉक स्तरीय बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान एवं राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान को लेकर ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीओ पंचायत विवेक शर्मा ने की।

बैठक में बताया गया कि साल का तीसरा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। खंड विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से फॉगिंग व एंटी लार्वा घोल का छिड़काव कराया जाए तथा लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। सभी विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा में शामिल होने के निर्देश दिए गए सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है और सभी विभागों से 27 सितंबर तक माइक्रोप्लान तैयार कर भेजने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए घरों व आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर व कंटेनर का पानी साप्ताहिक बदलें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

बैठक में सीडीपीओ हेमलता सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, डॉ. राकेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीओ राशि अनम सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजस्व कार्यों के निस्तारण में तेजी लाएं: डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं और कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों एवं प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करना सुरक्षित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि पांच एवं तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज अपराह्न कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ एवं कर-करेत्तर की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। जिलाधिकारी द्वारा वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि वाणिज्य कर, परिवहन, विद्युत, खनन तथा बाट-माप विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नहीं की जा रही है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि उक्त सभी विभागों के अधिकारियों से विभागीय वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टाइम लाइन के साथ कार्य योजना प्राप्त करें, ताकि उसके आधार पर उनके विभाग की प्रगति की समीक्षा की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की सहायता से जिले के बड़े बकायादारों की सूची तैयार करते हुए वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित आडिट प्रकरणों, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मानक के अनुसार तत्परता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की आरसी लंबित हैं, विभागीय अधिकारी जिला मुख्यालय स्थित राजस्व संग्रह विभाग से अपने देयकों का मिलान कर वसूली कार्य में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### गोदाम से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** मौहल्ला कटारमल निवासी पवन कुमार पुत्र रामकुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी दुकान पर तीन लड़के उनकी माता-पिता की मर्जी से नौकरी पर लगभग 7-8 महीने पूर्व रखे थे। जिनमें शिवम सैनी पुत्र रामलाल सैनी मौहल्ला गोकुल नगर थाना चांदपुर, शिशु जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड गुलिस्तान सिटी के सामने चांदपुर रखे थे। मालूम हो कि इन नौकरों के द्वारा लगातार गोदाम से कीमती सामान, देसी घी, मेवा काजू, बादाम अन्य कीमती सामान कट्टों में भरकर लगातार चोरी किया जा रहा था। प्रार्थी ने 8 सितंबर से 10 सितंबर 2025 की सीसीटीवी फुटेज देखी, जिसमें पता चला कि शिवम, अंश सैनी दुकान से कुछ सामान लेने आए और परवेज व सलीम को कट्टों में भरकर सामान देसी घी, मसाले,मेवा आदि उनको देते दिखाई दे रहे है। यह घटना दुकान व गोदाम में कई बार हुई तथा उनके द्वारा अमानत में खयानत का कार्य किया गया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर शिवम सैनी पुत्र रामलाल सैनी निवासी मोहल्ला गोकुल नगर, शिशु जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड चांदपुर, अंश सैनी पुत्र सुशील सैनी मौहल्ला चिम्मन चांदपुर, गौतम जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड चांदपुर, मौहम्मद परवेज, सलीम अहमद पुत्रगण मौहम्मद जीव मौहल्ला सरायरफी थाना चांदपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सब-जूनियर कराटे प्रतियोगिता



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित 'द स्कॉलर्स वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल' में सब-जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सचिन सिंह और विद्यालय के डायरेक्टर श्री जसप्रीत सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता कोच सलीम की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में मोहम्मद अर्श ने 25 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल, क्रिशदीप ने 30 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल और पीहू ने 22 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सचिन सिंह ने सभी विजयी छात्रों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कराटे सीखने से न केवल आत्मरक्षा की कला आती है बल्कि शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दो मनचले गिरफ्तार



**चांदपुर।** सड़कों पर आती जाती महिलाओं व स्कूल कॉलेजों के आस पास स्कूल कॉलेज आती जाती छात्रओ के साथ अष्लील छेड़छाड करने वाले मनचलो की धाड़पकड़ अभियान के चलते पुलिस ने आज दो युवको को गिरतारी कर लिया। पुलिस ने दोनों मनचलो के विरूधा छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि एंटी रोमियो टीम द्वारा चैकिंग के दौरान महिलाओं/छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले अभियुक्तगण को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये युवकों के नाम अली रजा पुत्र हसन, मोबीन अहमद पुत्र असलम अहमद निवासीगण मौहल्ला सरायरफी थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों का चालान कर दिया।

### बी.फार्मा में मनतशा अंसारी प्रथम



**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बीफार्मा तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा मनतशा अंसारी ने 78 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अनिल कुमार ने 77.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं सुरभी ने 73.53 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कबड्डी टीम ने मथुरा में गाड़ा झंडा



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की कबड्डी टीम ने मथुरा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की 16 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। शिक्षिकाएं पूर्णिमा शर्मा और अलका रानी के निर्देशन में तैयार की गई टीम ने अंडर-19 वर्ग में द्वितीय स्थान तथा अंडर-17 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 टीम में साक्षी, काव्य चौहान, भूमिका राजपूत, परी सैनी, पायल, यशी चौहान, दिव्यांशी, यांशी शामिल रहीं। अंडर-19 टीम में अर्चना रानी, मत्या, गौरी पंडित, वंशिका राजपूत, जूही, भारती, अषिका रानी, पल्लवी रानी, वंशिका आदि शामिल थीं। छात्राओं की इस सफलता पर प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य आभावती ने बधाई दी और कोच पूर्णिमा शर्मा और अलका रानी की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। भविष्य में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है।

### गुलदार के हमले में बाल-बाल बचा किशोर

**नहटौर।** गांव दामनगर लकड़ा निवासी ओमपाल सिंह का 16 वर्षीय पुत्र वंश पंवार बीती रात करीब आठ बजे गांव के पास ही ग्राम देवता पर चिराग जलाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान अचानक गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले से वंश बाल-बाल बच गया। शोर शराबा होने पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने ईख के खेत के पास गुलदार को देखा। ग्रामीणों को देख गुलदार ईख के खेत में घुस गया। गांव के नजदीक गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा ने कहा कि गुलदार को वन विभाग शीघ्र पकड़वाए।



सम्भल-एमआईएम के प्रदेशाध्यक्ष को धमकी पर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग करते पदाधिकारी

# प्रदेश अध्यक्ष को धमकी पर मजलिस कार्यकर्ताओं में रोष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, के प्रदेशाध्यक्ष पर असंसदीय भाषा का प्रयोग और हमला करने के आहवान पर कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का रोष फूट पड़ा। गुस्साय कार्यकर्ताओं ने अपर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपी पर अभियांग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवई करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि अध्यक्ष शौकत अली के विरुद्व एक मंसूबा बंद साजिश के तहत सोशल मीडिया के माध्यम से अक्षय भारद्वाज नामक व्यक्ति अभद्र, असंसदीय, अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करते हुए प्रदेश की सीमाओं में शौकत अली साहब को निरूद्ध करने की धमकी देने एवं मान सम्मान धूमिल करने के उद्देश्य से सार्वजनिक जूता मारने की बात कहते हुए जान माल के ऊपर हमला करने का आहवान कर रहा है। इस व्यक्ति (अक्षय भारद्वाज) द्वारा सोशल मीडिया पर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ एक मुहिम चलाई जा रही है। यदि इस व्यक्ति के सोशल मीडिया हैंडल को नहीं रोका गया, साथ ही अक्षय भारद्वाज और इसके समर्थन में लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल नहीं भेजा गया तो इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के साथ कारित की जा सकती है। तहरीर में भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना के कारित होने से रोकने के लिए अक्षय भारद्वाज एवं उनके समर्थन में आए हुए व्यक्तियों के विरुद्व सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान नगर पालिका परिषद की चैयर पर्सन पति चौधरी मुशीर आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शंकर कॉलेज के शिक्षक पहले स्थान पर रहे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कला समेकित शिक्षण शास्त्र प्रतियोगिता 'समृद्वि' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

नगर के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न विषयों से सम्बन्धित अध्यापक/ अध्यापिकाओं ने सहायक शिक्षण सामग्रियों के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागियों ने अपनी शिक्षण कला का प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी शिक्षण कला के प्रदर्शन के लिये 20 मिनट दिये गये। निर्णायक मण्डल राजकीय कन्या इण्टर कालेज, सम्भल की प्रधानाचार्या शंकर भूषण शरण जनता इण्टर कालेज के डा. टेकचन्द

○ समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

तथा आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इण्टर कालेज, मे महेश चन्द्र रहे। प्रतियोगिता में शंकर भूषण शरण जनता इण्टर कालेज, सम्भल के सहायक अध्यापक विपिन कुमार ने प्रथम स्थान तथा इसी विद्यालय की सहायक अध्यापिका सुधा ने द्वितीय स्थान तथा बाबूराम सिंह इण्टर कालेज, बबराला के प्रवक्ता सर्वेश कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह वर्तवाल ने किया। मीडिया प्रभारी नरेन्द्र सिंह सौलंकी ने सहयोग दिया।

# फसलों के अवशेष जलाने पर समितियां रखेंगी नजर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पराली जलाने से वायु प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पुलिस और प्रशासन सख्त हो गया है। प्रदूषण की रोकथाम को क्षेत्रीय लेखपालों के अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग ओर कृषि विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को शामिल कर सचल दस्ते का गठन किया गया है। पराली जलाने का मामला सामने आने पर अर्थदंड भी तय किया गया।

पराली जलाने से हो रहे वायु प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी की सख्ती का असर होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की ओर से निर्गत आदेशों के अनुपालन में फसलों को जलाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम जनपद व तहसील स्तर पर क्षेत्रीय लेखपाल किसी भी दशा में अपने क्षेत्र में पराली जलानेपर कायवाही सुनिश्चित कर सकेंगे। साथ ही कृषकों के मध्य पराली जलाने से मिटटी, जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुक्सान से भी अवगत करायेंगे। जबकि पराजली जलाने की घटना सामने आने पर उनके विरूद्व दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। उपकृद्यि निदेश अरूण कुमार ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकास खंड, तहसील स्तर पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में पराली (धान की पुवाल)क/अन्य कृषि अपशिष्ट को जलाये जाने से रोकने को सचल दस्ते का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। जबकि विकास खंड स्तर पर इस अभियान के लिए खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, थानाध्यक्ष व सहायक विकास अधिकारी/ पंचायत/ सहकारीता को शामिल करते हुए समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार और उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को शामिल कर समिति बनायी गयी है। जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, उपकृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्न अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शामिल कर एक सेल का गठन किया गया है।गठित किया गया सेल फसल कटाई से रबी की बुवाई तक प्रतिदिन फसल अवशेरूा जलाने की घटनाओं और इसकी रोकथाम के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करेंगे जबकि उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी व उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फसल कटाई के दौरान प्रयोग होने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम इसके अलावा स्ट्रारीपर अथा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबंधन यन्त्र का अनिवार्य रूप से प्रयोग सुनिश्चित करायेंगे। इसके साथ बिना उक्त व्यवस्था के कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई नहीं कर पायेगे। शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, को भी इस अवधि में नगरीय क्षेत्रो में कूड़ा जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। जबकि जिला गन्ना अधिकारी को भी जनपद में स्थापित चीनी मिलों व खण्डसारी इकाइयों के दायित्व निर्धारित करने तथा गन्ना कृषकों में फसल अवशेष प्रबंधन का प्रचार-प्रसार करके उन्हे प्रेरित करेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी को भी प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत की बैठकें आयोजित करके ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीणों और किसानों की बैठकें आयोजित कर फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूक करने का दायित्व दिया गया है। जबकि फसल जलाते पाये जाने पर दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 25 प्रति घटना, दो एकड़ से पांच एकड़ क्षेत्र पर 5000 प्रति घटना, 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र पर फसलों के अवशेष अथवा पराली आदि जलाये जाते मिलने पर 15 हज़ार प्रति घटना के अर्थदंड का प्रावधान किया गया है।

# प्रदर्शन मेले में किसानों की समस्याएं की हल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गन्ना किसानों के सर्वे मामलों और सटटा पर्चियों से जड़ी विसंगतियों के त्वरित समाधान के लिए प्रर्दशन मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत 25 सितम्बर तक प्रर्दशन मेले का आयोजन कर किसानों की समस्याओं को सुना गया और उनका त्वरित निस्तारण किया।

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, रजपुरा के प्रांगण में दिनांक 15 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक (राजकीय अवकाशों को छोड़कर) समिति स्तरीय सटटा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य गन्ना किसानों की सर्वे संबंधित समस्याओं एवं सटटा (पर्ची) से जुड़ी विसंगतियों का त्वरित समाधान करना है। अब तक मेले में कुल 153 शिकायतें प्राप्त मिली। इनमें से 150 का समाधान किया गया जबकि शेष शिकायतों की जाँच डा. ममता भारती (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक) एवं देव प्रकाश (समिति सचिव, रजपुरा) को सौंपी गयी हैं। जिनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। शुक्रवार को मेले में समाजसेवी दीपक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता शांति स्वरूप एवं समिति अध्यक्ष भूशंकर गुप्ता मौजूद रहें सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने को निर्देशित किया। कृषकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के मेलों से उनकी आवाज सीधे अधिकारियों तक पहुँचती है और समस्याओं का समाधान समय पर होता है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-ग्राम हिसामपुर में रालोद की सदस्यता ग्रहण कराते।

## बैठक में ग्रहण कराई रालोद की सदस्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** असमोली विधानसभा के ग्राम हिसामपुर में युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष विमल चौधरी के नेतृत्व मे भारी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कैसर अब्बास रहे। बैठक का आयोजन मौ. नाजिम ने किया। जिसमें रफीक अहमद प्रधान शरीफ खान हाजी मोहमद अहमद अल्तमश तुर्की मोहम्मद कासिम कबीर तुर्की नरेश प्रधान आलम गोपाल चौधरी मिलंद शर्मा मोहमद हुसैन आदि रहे।

## भाकियू बीआरएसएस के संगठन का विस्तार

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भाकियू बीआरएसएस की ग्राम भड़वाड़ा में आयोजित बैठक में संगठन विस्तार में भूदेव सिंह सैनी को युवा तहसील सचिव मौहर सिंह को ब्लॉक मंत्री, धर्म सिंह को ग्राम अध्यक्ष, युद्ववीर सिंह को ग्राम महासचिव सर्वेश कुमार को ग्राम संगठन मंत्री बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कामेन्द्र चौधरी, शिवनारायण सैनी, निर्देश कुमार, मेहंदी हसन, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़े में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक/पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर प्रभारी डा. राजकिशोर एवं जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय नगर पंचायत अध्यक्ष पति धर्मेंद्र प्रजापति मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इन्दीवर सिंह जन सेवक प्रशांत अग्रवाल पूर्व मंडल अधयक्ष जुलियस सीजर मंडल उपाध्यक्ष राहुल कुमार मंडल उपाध्यक्ष जयदेव आर्य मंडल मंत्री महिपाल बघेल स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ आदि उपस्थित रहे

# कीमतों में आया उछाल का कारखानों पर भी पड़ा असर

शाह टाइम्स ब्यूरो

○ अवर्धित मूल्यों में कमी आने पर डीएम ने किया सहयोग का आशवासन

**सम्भल।** 100 एवं 100 से अधिक कार्मिकों वाले कारखाने के सकल आवर्धित मूल्य (जीवीए) में वर्ष 21-22 की तुलना में 22-23 के मुकाबले कीमतों में आया उछाल का असर पड़ा। कमी आने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में करखानों के संचालन में में किसी प्रकार की कमी आने पर शासन से सहयोग करने को अशवासन दिया गया।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद के सहायक निदेशक, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के साथ ही संबंधित कारखानो यारा फर्टिलाइजर, अरोड़ा अरोमा, वीनस शुगर मिल तथा डीएसएम शुगर मिल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन करते हुए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार ने बैठक के उद्देश्यों पर चर्चा की जबकि कारखाने के अधिकारियों से जीवीए में गत वर्ष की तुलना में कमी के कारणों के बारे में जानकारी चाहने पर यारा फर्टिलाइजर द्वारा गैस की कीमतों में दुगनी कीमत की बढ़ोतरी, अरोड़ा अरोमा द्वारा आंकड़ों में परिवर्तन, वीनस शुगर मिल द्वारा ओटीएस योजना के लागू होने एवं डीएसएम शुगर मिल द्वारा गन्ने की यील्ड में कमी को मुख्य कारण बताया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया द्वारा समस्त कारखाने के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि यदि उनके कारखाने को संचालन करने में किसी भी प्रकार की शासन से संबंधित सहयोग की आवश्यकता हो तो अवगत कराएं ,जिससे कि शासन स्तर से उनके कारखाने के संचालन में सहयोग किया जाए, एवं कारखानों की सकल आवर्धित मूल्य में बढ़ोतरी हो सके।

# शरीर के सूक्ष्म भेद और जाग जाती है कुण्डलनी



सम्भल- पातालेश्वर महादेव मंदिर पर शिवगोरखनाथ अमर गाथा का वर्णन करते पं. राधेश्याम श्रीमाली।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** योगेश्वर भगवान श्रीगोरखनाथ अमर गाथा के चोथे दिन सदगुरु द्वारा दिये गये आर्शीवाद और सूक्ष्म शरीर स्थित सूक्ष्म शक्ति केन्द्रो पर सदगुरु द्वारा शक्तिपात उनके खुलने की व्याख्या की।

शिवगोरख युवा वाहिनी सेवादल द्वारा प्राचीन सिद्वपीठ पातालेश्वर महादेव पक्का बाग सराय तरीन में चल रही अमरगाथा में आध्यात्मिक गुरु प. राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की सदगुरु जब दीक्षा देकर शिष्य के शीष पर अपना स्नेह आर्शीवाद प्रदान करते हुए दिव्य शक्तिपात करते हैं तो अभ्यासी शिष्य की देह मे में स्थित सूक्ष्म भेद तो खुलने ही लगते है। साथ ही मानव देह मे स्थित मूलाधार चक्र जिसमे पृथ्वी तत्व, इडा नाडी, पिघला नाडी, सुशुम्ना नाडी, अपान प्राणवायु के साथ चर्तुमुखी रक्तिम कमल पर विराजमान सोयम् भू लिंग, जिसपर,साडे तीन वलय लपेटे सुप्त पडी, कुण्डली महाशक्ति भी रेचक पूरक कुम्भक और महाबंध ो के कुशल अभ्यास और सदगुरु परम दिव्य शक्ति पात से जाग्रत होने लगती है। और साधक को तमाम प्रकार दिव्य अनुभव, दिव्य प्रकाश, और देवीय कलाएँ प्राप्त होने लगती है। तभी तो कहा गया है। कि बिना सदगुरु के न ज्ञान संभव है और न ही व विज्ञान। इस मौके पर सतीश चन्द्र दोलत राम डा. विकास सैनी नरेश कुमार नितिन मिश्रा महन्त जुगल किशोर मिश्रा कल्लूराम पप्पू महीपाल राकेश कुमार चेतन सिंह मनोहर लाल मुक्ता प्रसाद भीकम सरन विपिन राजाराम लोकेश श्रीमाली प्रमोद सैनी रामेश्वर प्रसाद पार्थ शर्मा रामवीर शर्मा सुशील कुमार अरुण कुमार आदि भक्त उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में कम प्रगति वालों को मिलेगा कारण बताओ नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर द्वारा बैठक के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जिस अधिकारी के स्तर पर प्रगति कम है उसको कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एनआरसी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। सैम बच्चों की ई -कवच पर फीडिंग को लेकर जानकारी लेकर भी ज़रूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन एवं माप मशीन लाये जाने को लेकर जानकारी ली और जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में स्टेडियोमीटर, बच्चों के वजन माप मशीन नहीं हैं वहां मशीन से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें। बैठक में एसपी के के विशनोई भी मौजूद रहे।



सम्भल।- जायंटस ग्रुप के दंत शिविर में छात्रों का दंत परीक्षण करते चिकित्सक।

## जायंटस ग्रुप ने कराया बच्चों का दंत परीक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जायंट्स ग्रुप ऑफ संभल सिटी के तत्वावधान में कन्या प्राथमिक विद्यालय कोट पूर्वी में दंत रोग शिविर का आयोजन कराया। शिविर में दंत चिकित्सक रितेश कुमार ने स्कूल के 70 बच्चों का नि:शुल्क परीक्षण कर उपचार किया। दंत चिकित्सक ने बताया कि बच्चों के दांतों में कीड़े का लग जाना और दांतों में छेद होना एवं दातों पे पीलापन होना जैसी कई समस्याएं देखी गई है। जिसमें बच्चों की दातों की नियमित सफाई न रखना एवं अधिक मीठे की मात्रा खाने के लक्षण पाए गए और नियमित जांच न होने के कारण भी पाए गए है। उन्होने दिन में दो बार फ्लोराइड युक्त पेस्ट से ब्रश करने औरं दूध कैल्शियम का सेवन अधिक करने की सलाह दी। जायंट्स ग्रुप की अध्यक्ष नीरू चहल ने बच्चों को बहुत ज्यादा मीठी चीज खाना और टॉफी एवं चॉकलेट एवं कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजों को खाने से परहेज बताया है एवं टाइम पर ब्रश और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। शिविर मैं शैली भारद्वाज, गरिमा आदि मौजूद रहीं।



बबराला-सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की तस्वीर प्रतियोगिता की छात्राये।

# प्रतियोगिता में नंदनी प्रथम, विशाखा रही दूसरे स्थान पर

शाह टाइम्स संवाददाता

○श्रुति ने पाया तीसरा स्थान

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में 'इंडिया स्पेस वीक' के 'अंतरिक्ष क्रांति दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से की गई। इसके बाद छात्राओं के मध्य पोस्टर तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई।

निबंध के विषय भारत अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डा. विक्रम साराभाई, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निबंध, अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियां चित्रकला के विषय डॉ. विक्रम साराभाई व प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की पेंटिंग, चन्द्रयान -3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग,आदित्य एल1 सूर्य का चक्कर लगाते हुए, अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्री की पेंटिंग आदि बनाई गयीं। पोस्टर प्रतियोगिता नेहा यादव और निबंध प्रतियोगिता कविता यादव शिक्षिकाओं की देखरेख में संपन्न हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में नंदिनी ने प्रथम, विशाखा ने द्वितीय, श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और निबंधा में रेनू ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को अवगत कराया कि 'इंडिया स्पेस वीक साइट' से आप सभी अंतरिक्ष क्रांति विषय के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते हैं। उन्होंने स्वयं प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर तथा प्रमाणपत्र डाउनलोड करके दिखाया। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

# भूकंप आने की सूचना पर आपदा प्रबंधन को दमदार मॉकड्रिल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भूकम्प आने की सूचना पर प्रशासन सर्तक हो गया है। आपदा प्रबंधन ने दमदार प्रर्दशन कर मॉक ड्रिल से जागरूकता की नई पहल की है।

जनपद में भूकम्प आने की सूचना पर अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) के तत्वावधान में जिला आपरेशन सेन्टर में1/4 इंसीडेंट रेस्पोंस टीम 1/2 के सदस्यों के साथ आपातकालीन बैठक की गई। बैठक में इन्सीडेन्ट कमाण्डर के रूप में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) ने बताया कि जनपद की तहसील गुन्नौर भूकम्प आने से एकेडमी मॉर्डन लर्निंग पब्लिक स्कूल गुन्नौर में बच्चों को स्कूल की बिल्डिग से बाहर निकाला गया तथा चन्दौसी में भूकम्प आने के प्रभाव से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आग लग जाने की घटना हुई है। इसके अलावा भूकम्प आने से तहसील सम्भल के असमौली स्थित धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड यूनिट असमौली (एम. ए. एच) फैक्ट्री पर भूकम्प आने पर रसायनिक रिसाव हुआ जिसमें फैक्ट्री के परिसर के आस पास रहने वाले लोग प्रभावित होते हुये दिखाई दिये जिनको वहां मौजूद होमगाडर्स तथा अग्निशमन विभाग के कार्मिकों द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया। इस मॉक एक्सरसाइज के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देशों पर अग्निशमन अधिकारी व एनडीआरएफ व नामित प्रेक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा डिप्टी कलैक्टर/प्रभारी अधिकारी आपदा नीतू रानी के अलावा सभी उपजिलाधिकारी तहसीलदार, के. के. ओझा मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अच्युत कुमार आपदा विशेषज्ञ, बृजेश कुमार जिला सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार व संस्थानों के प्रबन्धक, महाप्रबन्धक, डा. सन्तोष कुमार चिकित्सा अधीक्षक, मौजूद रहे।

# गांव की समस्या का गांव में समाधान को लगाई ग्राम चौपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गांव की समस्या का समाधान गांव में के तहत आयोजित ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं के स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी।

विकास खंड असमोली के ग्राम इटायला माफी में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू का बीडीओ प्रेमपाल सिंह ने पौद्या देकर स्वागत किया। जबकि ग्राम चौपाल के अर्न्तगत स्वास्थ्य, आई सी डी एस, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये। ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके अलावा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी दिव्यागों के लिए विशेष शिविर लगाया गया। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के की जानकारी दी गई। चौपाल में पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पहले लाभार्थी को 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसको बढाकर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं के बीमा, पशुओं के टीकाकरण, गलघोटू खुरपका, मुंहपका, थनैला रोग, आदि की जानकारी दी। सी डी पी ओ रचना यादव ने आई सी डी एस विभाग से संबंधित योजनाओं को बताया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक ने विभाग की प्रमुख योजनाओं आयुष्मान गोल्डन कार्ड, टीकाकरण, एएनसी जांच आदि की जानकारी दी।जबकि ग्राम मछारी में द्वितीय सत्र में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

## सबसे कम प्रगति करने में जुनावई एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छोत्सव पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने स्वच्छता लक्षित ईकाई आनलाइन न फीडिंग करने में सबसे कम प्रगति करने वाले विकास खण्ड जुनावई के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं रजपुरा के एडीओ पंचायत को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जबकि विकासखंड अधिकारियों को शासन के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में पूरे मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# नौकरानी ने एक्सपोर्टर के घर में चोरी कर दिया मालकिन के थप्पड़ का जवाब

## ● सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नौकरानी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मालकिन का थप्पड़ नौकरानी को इतना नागवार गुजरा की नौकरानी ने इसका जबाब एक्सपोर्टर के घर मे चोरी की वारदात को अंजाम दे कर दिया, शहर की पॉश कॉलोनी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र आवास विकास कॉलोनी में हुई इस चोरी की घटना का सिविल लाइंस थाना पुलिस ने 16 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया है। एक्सपोर्टर के घर में नौकरानी ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नौकरानी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर चोरी की घटना से पर्दा उठा दिया है। बता दें की सिविल लाइंस थाना क्षेत्र आवास विकास कॉलोनी आयकर भवन के पीछे रहने वाले एक्सपोर्टर रविश खन्ना ने 18 सितंबर की रात्रि को अपने घर में हुई चोरी की शिकायत सिविल लाइन्स थाने में दर्ज कराई थी, इस मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी और 16 घंटे के अंदर चोरी की इस घटना का खुलासा कर दिया है। एक्सपोर्टर के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली नौकरानी नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव की रहने वाली ममता पत्नी सोनू को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपए की नगदी बरामद की है।पकड़ी गयी आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन महीने से खन्ना जी की कोठी में सफाई करने का काम करती थी। अब से करीब 15 दिन पहले उसकी तबियत खराब हो गयी थी, इसलिए उसने अपनी बेटी को खन्ना जी की कोठी में सफाई का काम करने के लिए भेज दिया था। वहाँ पर मेरी बेटी ने मालकिन के परफ्यूम, लिपिस्टिक लगा लिये थे जिससे मालकिन ने गुस्से में आकर मेरी बेटी को बहुत खरी-खोटी सुनायी थी। इस बात का जब मुझे पता चला तो मैंने मालकिन से माफी मांगी और कहा कि आपको मेरी बेटी को डांटना नही चाहिए था। मालकिन ने मुझे भी भला बुरा कहा और मेरे भी गुस्से में एक थप्पड मारा था तथा मुझे काम से निकाल दिया था। इस लिए गुस्से में आकर मैने बदला लेने के लिए यह चोरी की है। यह चोरी मैने अकेले ही की थी तथा चोरी करने के बाद सारा सामान मैं अपने घर ले गयी थी। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## युवक की इलाज के दौरान मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सड़क दुर्घटना में एक सप्ताह पहले घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ मृतक के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

चौदरी अकबरपुर निवासी रामचंद्र पुत्र राम सिंह का बेटा टिंकू 15 सितंबर को रात करीब 9:00 बजे अपनी बाइक से ध्यानपुरा रिश्तेदारी में जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक मिलक खेमपुर सैफुल्लापुर वाले मोड पर पहुंची तो टांडे की ओर से आ रही वैगन आर कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे टिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे इलाज के लिए चिकित्सक के यहां ले गए लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक नजर

### क्रिसिल फाउंडेशन ने आयोजित किया वित्तीय साक्षरता कैंप

**कुन्दरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुर में क्रिसिल फाउंडेशन ने आयोजित किया वित्तीय साक्षरता कैंप कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अलीपुर में क्रिसिल फाउंडेशन की ओर से एक वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का संचालन फील्ड कोऑर्डिनेटर रानी द्वारा किया गया। कैंप में ग्रामीणों को कन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान दुर्घटना बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को फ्रॉड से बचाव और वित्तीय साक्षरता के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्रिसिल फाउंडेशन से समता वर्धन अधिकारी अनिता, फील्ड कोऑर्डिनेटर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, राशन डीलर उषा कुमारी सहित ग्रामीण मौजूद रहे कैंप का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

### शाहीन-ए-हिंद अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन




**भोजपुर।** उत्तर प्रदेश में अब मोहब्बत का इजहार भी मुसलमानों के लिए अपराध बन गया है। ᑭ स्वअम डवींउउंक लिखे बोर्ड को मुद्दा बनाकर बारावफात से ठीक पहले यूपी पुलिस ने मुस्लिम समाज के दो दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमे दर्ज कर दिये। इस कार्रवाई से पूरे जिले में गुस्सा और आक्रोश का माहौल है। शाहीन-ए-हिंद ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष मो. हसिन अंसारी ने इस मामले को लेकर थाना भोजपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि क्या इस देश में अब मोहब्बत जताना भी जुर्म हो गया है मोहम्मद साहब से मोहब्बत करना मुसलमानों की रूह का हिस्सा है। अगर कोई ᑭ स्वअम डवींउउंक लिख दे तो क्या वह अपराधी है जबकि असल अपराध तो नफरत फैलाना है। लेकिन अफसोस, आज वही नफरत फैलाने वाले संरक्षण पा रहे हैं और मोहब्बत जताने वाले एफआईआर झेल रहे हैं। ज्ञापन में यह भी लिखा गया कि भारत का मुसलमान जितनी मोहब्बत इस्लाम से करता है, उतनी ही मोहब्बत अपने वतन भारत से भी करता है। इस्लाम ने हमें सिखाया है कि देश से मोहब्बत करो और भाईचारे के साथ रहो। लेकिन सरकार और पुलिस का रवैया इस शिक्षा के बिल्कुल विपरीत है। इस मौके पर शाहीन ए हिंद ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी, राहत नईमी इमाम नगीना मस्जिद, रेहमान अंसारी वरिष्ठ समाजसेवी, फिरोज आलम, डॉ मुनाजिर, नबी हसन चौधरी, नौशे अली, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद फसी, मोहम्मद रेहान, नासिर अली, मोहम्मद नाजिर, आदि लोग मौजूद रहे।

### डारनी फीडर से गांव की विद्युत आपूर्ति जोड़े जाने को सौंपा ज्ञापन



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर पहुंचकर क्षेत्र के ग्राम बिचौटा काजी के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में कहा गया कि हमारे गांव की विद्युत आपूर्ति दो विद्युत केंद्र से मिलकर प्राप्त हो रही है। आधे गांव को डारनी और आधे गांव को बेरनी बिजली घर से मिल रही है। जिसके कारण रात में गांव में अंधेरा रहता है। इसके अलावा गांव में श्मशान घाट को जाने वाले रास्ते में नाला निर्माण न होने के चलते जलभराव रहता है। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर एक्सईएन विद्युत से फोन पर बात कर ग्रामीणों की समस्या को दूर कराने की बात कही। इसके अलावा जलभराव की समस्या को अतिशीघ्र दूर कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से धर्मपाल, उदयवीर, अमरपाल, रामौतार, ओमवीर सिंह, रामप्रकाश शिशुपाल मौर्य, संतोष बाल्मीकि, राकेश मौर्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### छात्राओं को निशुल्क चश्मों का किया गया वितरण



**बिलारी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्रों की आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डॉक्टर बीके सिंह, डॉक्टर झरना राजपूत व विशाल सक्सेना के द्वारा छात्रों को निशुल्क चश्मा वितरण किया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत हुई बैठक



**बिलारी।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें 5 अक्टूबर से आयोजित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एवं साफ सफाई गंदा पानी देने वाले नलों की रेड मार्किंग शूकर पलकों को आबादी से दूर सूकर पालन करने तथा साफ सफाई रखना एवं व्यक्तिगत स्वच्छता मच्छरों से बचाव के लिए डेंगू चिकनगुनिया दिमागी बुखार से बचने के लिए जागरूकता फैलाना एवं आशाओं द्वारा 11 अक्टूबर से घर-घर जाकर दस्तक अभियान के अंतर्गत मरीजो की पहचान करना बुखार जुखाम खांसी टीवी लेप्रोसी आदि बीमारियों का चिनहिकरण करना एवं उनको इलाज मुहैया कराना आदि कार्य संचारी रोग अभियान के अंतर्गत किए जाने हैं इसी के तहत बाल विकास विभाग विकास विभाग शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग नगर पालिका आदि विभागों को उनकी जिम्मेदारियो के अनुसार निर्देशित किया गया बैठक में चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी डॉक्टर राजपाल चिकित्सा अधिकारी कुंदरकी डॉ सौरभ बर्तीय ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद आरो विकेश कुमार व से कुलदीप कुमार सानू आदि उपस्थित रहे।

## एएसपी अनुज कुमार चौधरी का स्थानांतरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज कुमार चौधरी के गैर जनपद स्थानान्तरण (जनपद सम्भल से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, जनपद फिरोजाबाद) होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सम्भल डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा अनुज चौधरी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जनपद में नियुक्ति के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एएसपी (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, सभी क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्योहारों को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** आगामी त्यौहारों को लेकर थाना कांठ प्रांगण में एसडीएम संत दास पवार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आए क्षेत्र के लोगों से त्योहार शांति पूर्ण पूर्वक और आपसी सहयोग के साथ मनाए जाने की अपील की गई। कहा कि रामलीला मंचन के दौरान यदि कहीं पर महिलाओं द्वारा नृत्य किए जाने की जानकारी मिलती है तो इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामलीला मंचन के दौरान निकलने वाले जुलूस को निर्धारित मार्गो पर ही निकाले जाने के लिए अधिकारियों ने कहा, दशहरा प्रांगण में रावण के पुतले को लेकर उन्होंने उसके चारों ओर निश्चित दूरी पर बैरिकेटिंग किए जाने के निर्देश दिए कहा कि रावण के पुतले को आग लगाने के बाद पुतला गिरने से अक्सर कहीं ना कहीं दुर्घटनाएं हो जाती है इससे बचाव के लिए निश्चित दूरी पर बेरी कटिंग लगाई जानी चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी परेशानी को लेकर उन्हें सूचित किया जाए और आगामी त्यौहारों को शांति पूर्वक और सहयोग के साथ मनाया जाए।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह डॉ यूसुफ सहित नगर के काफी लोग एवं ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को कैंसर के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड द्वारा शुक्रवार को विंदल फार्म हाउस (चन्दौसी) में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति सक्सेना (मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज) ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और कैंसर से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ''कैंसर आज की दुनिया की सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है। यह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़कर अन्य हिस्सों में फैल सकती हैं। जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव और प्रारंभिक पहचान का सबसे प्रभावी उपाय है।'' डॉ. सक्सेना ने महिलाओं को समय-समय पर जांच कराने, लक्षणों को नजरअंदाज न करने और शीघ्र उपचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. उमेश अग्रवाल, डॉ. सुधा चौधरी, डॉ. लव कुमार आर्य, अनु रस्तोगी, पदमा भार्गव, सुभाष रूस्तगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा कागजी, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, मनीषा, नेहा, शिल्पी, शिप्रा, सुरभि, वर्षा, साक्षी, भावना, मीनू, शिवानी बंसल, विधि, शालिनी, हिना, निमिषा, काव्या बिंदल, वर्तिका, सारिका, नैना, आदि का सहयोग रहा।

## टीएमयू नर्सिंग कॉलेज की छात्रा दीक्षा को गुरुजनों और छात्रों की अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग की दिवंगत छात्रा दीक्षा पाल को फैकल्टीज और नर्सिंग स्टुडेंट्स ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की। मेडिकल कॉलेज के न्यू लेक्चर थियेटर में हुई शोकसभा में छात्रा के टीचर्स ने कहा, दीक्षा मेधावी, अनुशासित, रेगुलर, हार्ड वर्किंग सरीखी खूबियों वाली स्टुडेंट थी। डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बोले, ऐसी दु:ख की घड़ी में इमोशन भी नि:शब्द हैं। टेक्नो ईरा में स्टुडेंट्स को साइकोलॉजिकली भी स्ट्रांग बनना पड़ेगा। दीक्षारम्भ समारोह के वक्त हम संकल्प लेते हैं, नवागत हरेक स्टुडेंट अब टीएमयू परिवार का सदस्य है। स्टडी से लेकर दीक्षांत और फिर करियर तक किसी भी स्टुडेंट का टीएमयू फैमली से अटूट रिश्ता बना रहता है। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, डॉ. जितेन्द्र सिंह, फैकल्टी श्रीमती एकजोत कौर नंदा ने भी बारी-बारी से श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नर्सिंग की फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ने कतारबद्ध होकर दीक्षा पाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उल्लेखनीय है, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग की छात्रा दीक्षा पाल का कैंपस में गुरूवार को असामायिक देहांत हो गया था। शोक सभा में प्रो. जेसलीन एम., प्रो. श्योली सेन, प्रो. रामनिवास, प्रो. सपना सिंह, श्री वरूण तोशनीवाल, प्रो. विजी मोल, श्री रवि कुमार, डॉ. रामकुमार गर्ग, श्री नफीस अहमद, श्री ऑस्कर ऑबेदिया, श्री एलन सिंह, श्रीमती पूजा झा, श्री गौरव कुमार, मो. यासिर, श्री दीपक मलिक आदि मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

## समय-समय पर चलाते रहना चाहिए स्वच्छता अभियान : मदन सिंह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता है अत: हमें समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाते रहना चाहिए तथा अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखनी चाहिए आसपास नालियों में पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए जिससे कि हम अनेक बीमा. रियों से बच सकेंगे। कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह ने स्वयंसेवकों से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने एवं समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह,गौरव कुमार ,निशिकांत पाठक ,अखिलेश कुमार विश्नोई,इंद्रपाल सिंह,सुंदर सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एमआईएम ने कानपुर की घटना पर जताई नाराजगी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एआईएमआईएम के कार्यकर्ता आज आई लव मोहम्मद का बैनर लेकर तहसील पहुंचे और उन्होंने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर कानपुर में हुई घटना पर नारा. जगी जाहिर की, बताया गया की हाल ही में कानपुर नगर में कुछ युवाओं द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने हेतु आई लव मोहम्मद का बोर्ड लगाया गया था जो की एक शांतिपूर्ण धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ कार्य था लेकिन इस पर प्रशासन द्वारा अनुचित कार्रवाई की गई जो न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती है बल्कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदान किए गए मौलिक अधिकार और धर्म की स्वतंत्रता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन भी है उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की प्रशासन जांच कराकर इस कार्रवाई को निरस्त करें, निर्दोष व्यक्तियों पर लगाए गए झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं और भविष्य में इस प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कार्रवाई से परहेज किया जाए। इस अवसर पर ठेकेदार जुल्फिकार अहमद एआइएमआइएम के नगर अध्यक्ष अरसलान बुमराह उस्मान अंसारी मुशीर नवाब मोहम्मद सोहेल मोहम्मद शोएब मोहम्मद जाकिर अल्वी अजाजअंसारी अदनान अल्वी आदि दर्जन भर कार्यकर्ता पदाधिकारी और बच्चे मौजूद रहे।

### नामपरिवर्तन सूचना

मेरा नाम आयशा जिलानी (AYESHA ZILANI) है जोकि गलती से स्कूल रिकार्ड में (**AYESHA JILANI**) लिखा गया है लेकिन मेरा सही नाम **AYESHA ZILANI** है। **भविष्य में मुझे AYESHA ZILANI D/o GULAM JILANI R/o VILLAGE & POST DINGARPUR, TEHSIL-BILARI DIST. MORADABAD, से जाना पहचाना जाए।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र आकाश व पुत्रवधू श्रीमती प्रियांशी कश्यप को गलत आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्यो व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी नैनसुख निवासी देहरीगांव, निकट हनुमान मूर्ति, थाना कटघर, मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 136/2025
**तारीख पेशी:** 08.10.2025
**मुदित वर्मा बनाम जनता आम**

मुदित वर्मा पुत्र स्व. श्री सुशील कुमार वर्मा निवासी ट-9 नवीन नगर एमडीए कालोनी मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

**जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा मुदित वर्मा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा मुदित वर्मा मुसबफा सुशील कुमार वर्मा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.150000/- हरगाह मुसम्मा मुदित वर्मा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 08 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष नं०-13 महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल अपील सं०**-250/2024
**तारीख पेशी:** 29.09.2025
**श्रीमती कुसुमलता बनाम रेखा आदि।**

**बनाम**

श्रीमती संगीता पत्नी स्व. महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बगबाड़ा तहसील धामपुर जिला बिजनौर हाल निवासी ग्राम तीबड़ा तहसील नगीना जिला बिजनौर-**प्रतिवादी।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 29.09.2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हों ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 9 माह 19 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष नम्बर-13, मुरादाबाद।**


### उत्तर रेलवे

#### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या/दिनांक | 186-DRM-MB-25-26 Date: 19.09.2025 |
| कार्य का नाम | Flush butt welding of rails from Single rail/Three rail panels to (60kg/52kg) LWR by in situ Mobile Flash Welding under Sr. DEN/C/MB |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 14.10.2025 at 16:00 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹6,93,12,175.87 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹4,96,600/- |
| टेंडर फॉर्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 30.09.2025 |

टेंडर नं.: 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक 19.09.2025 2889/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 142-DRM-MB-25-26 dt. 19.09.2025 |
| Name of Work | House keeping and maintenance of officers rest house of Moradabad under Sr.DEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 15.10.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 6499781.68 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,30,000.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 5000.00 |
| Bidding Start Date | 01.10.2025 |
| Period of Completion | 24 Month |

पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक-19.09.2025 2891/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# करोड़ों रुपये की साइबर ठगी के मामले में दो और आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ट्रेडिंग के नाम पर लोगों के साथ करोड़ों रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने वाले गैंग के दो और सदस्यों को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने प्रेस वार्ता कर साइबर ठगी की घटना का खुलासा किया है। बता दे कि महानगर के गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित के द्वारा साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ट्रेडिंग के नाम पर व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर आईडी पासवर्ड बनवाकर साइबर धोखाधड़ी कर उनके साथ एक करोड़ 64 लाख 96 हजार 474 की साइबर ठगी की गई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी थी और साइबर ठगी की



इस घटना को अंजाम देने वाले गैंग के दो सदस्यों मझोला थाना क्षेत्र के मियां कॉलोनी के रहने वाले नाजिम अली और उधम सिंह नगर जसपुर के रहने वाले खिलाफत को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस तीन दिन पुर्व ही उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। जबकि इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो अन्य आरोपी उधम सिंह नगर के जसपुर के रहने वाले अमन और अदनान हुसैन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और 6220 की नगदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी अमन ने पुलिस को बताया की उसे जसपुर का रहने वाला अदनान मिला जो कि दुबई आता –जाता रहता है तथा उसने कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का लालच दिया और जीएसटी रजिस्ट्रेशन, एमएसएमई रजिस्ट्रेशन करवाकर आधार में मोबाइल नम्बर चौन्ज करवाया गया एवं अपने करन्ट खाते बैंक ऑफ बडौदा नादेही जसपुर ब्रान्च में खाता खुलवाया गया, जिसमें अदनान एवं अमन दोनो ब्रान्च में गये थे,इसके पश्चात जुलाई माह में गाड़ी के माध्यम से हम दोनों एवं जावेद और आकिब बरेली होते हुए लखीमपुर खीरी पलिया गये,इसके बाद बस के माध्यम से नेपाल गये जहाँ पर हमारे नम्बर बन्द हो गये, केवल वाई-फाई के माध्यम से वाट्सअप से ही वार्ता की जाती थी।

जहाँ पर एक सप्ताह नेपाल में होटल में रहने के बाद हम सभी वापस जसपुर आ गए। अमन ट्रेडर्स बीओबी बैंक खाते में एक करोड़ 96 लाख 53 हजार 425 रुपए का लेनदेन हुआ जो साइबर धोखाधड़ी के द्वारा प्राप्त हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मुरादाबाद।** बीती रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा पीली कोठी चौराहे पर भ्रमण के दौरान मानवता और सजगता का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले एसएसपी की नजर एक महिला पर पड़ी, जो अकेली यात्रा कर रही थी। रात्रि के समय को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने तुरंत महिला को रोका और उसकी स्थिति व गंतव्य की जानकारी ली।महिला की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एसएसपी ने तत्काल अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से पुलिसकर्मी को साथ भेजा और महिला को सुरक्षित रूप से उसके गंतव्य तक पहुँचवाया। इस संवेदनशील और सतर्क कार्यवाही से न केवल महिला को सुरक्षा का अहसास हुआ, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की यह तत्परता और संवेदनशीलता मुरादाबाद पुलिस की जनहित में प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्य की आमजन और सोशल मीडिया पर भी सराहना की जा रही है। यह घटना पुलिस की 'जन सेवा' की भावना को दर्शाने वाला प्रेरणादायक उदाहरण है।

## एक नजर

### डिलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रक्तदान शिविर लगाकर भाजपाईयों ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिलारी पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविरो का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी अर्जुन सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टाल का निरीक्षण किया । शिविर में उपस्थित आमजन को सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी अर्जुन सिंह ,भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक डॉ अनुपम शर्मा , मण्डल अध्यक्ष हरपाल सैनी , मण्डल महा मंत्री रविराज सिंह , मण्डल मंत्री टेकपाल सिंह , विनेश सिंह , अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे । इस अवसर पर डॉ अनुपम शर्मा , ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी अर्जुन सिंह , गौरव गुप्ता , टेकपाल सिंह सहित 20 कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के जन्मदिन पर रक्त दान शिविर में रक्तदान किया।

### स्काउट गाइड शिविर के तहत किया तंबू निर्माण

**बिलारी।** आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योड़ारा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन समारोह के मौके पर स्काउट गाइड ने तंबू का निर्माण किया और व्यंजन भी बनाएं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने स्काउट गाइड के तंबू का निरीक्षण किया।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। बताया की सेवा करके ही समझ में अपनी पहचान बनाई जा सकती है। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने स्काउट ट्रेनर अक्षत शर्मा शुभम सैनी को सम्मानित किया।

### पेड़ों की छटाई के कारण दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कांठ बिजली घर की सप्लाई रहेगी बंद

**कांठ।** विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए आज शनिवार को कांठ बिजली घर को आने वाली विद्युत लाइन के पास खड़े पेड़ों की छटाई की जाएगी जिसकी वजह से दोपहर 2:00 से शाम 6:00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी एसडीओ ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पेड़ों के कारण कांठ बिजली घर की विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होती है इसलिए सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति किए जाने को लेकर यह कदम जनहित में उठाया जा रहा है। इसके कारण कांठ बिजली घर से पोषित सभी उपभोक्ताओं और किसानों को इस बीच बिजली नहीं मिल पाएगी उन्होंने इस परेशानी को लेकर सबसे सहयोग की अपील की है।

### आईडीबीआई बैंक ने विद्यालय को उपलब्ध कराई गई कई सुविधाएं



**मूढ़ापांडे।** ब्लॉक मूंढापांडे जिला मुरादाबाद में I.D.B.I बैंक द्वारा विद्यालय को दिए गए स्मार्ट क्लास,शुद्ध पेयजल उपकरण, कंप्यूटर, इन्वेर्टर, सोलर पैनल, माध्यन्ह भोजन हेतु बर्तन एवं विभिन्न उपकरणों की प्राप्ति उपरांत एक समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें प्क्ठप् बैंक मैनेजर श्री विजय शंकर उपाध्याय जी एवं रीजनल मैनेजर श्री सुनील पंथारी जी को धन्यवाद प्रेषण किया गया । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेश चतुर्वेदी जी , उ. प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा, एवं जिला कोषाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह डॉ सचिन शुक्ला (SRG) श्री सुमित कुमार सिंह (ARP), श्री हिमांशु चौहान ( ग्राम प्रधान), चंद्रशेखर चौहान, सौरभ यादव, श्री अमान अली, विजय कुमार सैनी, श्रीमती नम्रता यादव, सुश्री मितिका अग्रवाल, श्रीमती गरिमा अग्रवाल, हूर फात्मा खालिद,श्री अशोक यादव, श्री राजीव सिंह, सुमित त्यागी, देश दीपक सिंह, गौरव विश्नोई, श्री विनीत यादव, श्री सुख स्वरुप गुप्ता, श्रीमती दीपिका गुप्ता, श्रीमती इल्म खान, श्री फिरासत हुसैन, श्री चंद्रशेखर, श्री राहुल सागर, सुशील कुमार सैनी, रजनीश यादव, सिराज अथर एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु वशिष्ठ ब्लॉक मंत्री उ. प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा किया गया।

### भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण विवाह में झूमे श्रद्धालु



**बिलारी।** मंदिर पोड़ा खेड़ा प्रांगड़ में बड़ी सोच प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रही श्री मद भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान ने अपनी उंगली पर 7 दिन तक गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा। तभी से 56 भोग भगवान का लगाया जाता है। इंद्र के अभिमान को दूर किया जय श्री श्याम नगर एवं इंद्र ने भगवान कृष्ण से क्षमा याचना की। उन्होंने रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि 88 हजार वेद के मंत्र ही ब्रज में गोपी बनकर आए। भगवान ने गोपियों के साथ शरद पूर्णिमा की रात्रि को रास रचाया। भगवान कृष्ण ने कंस का वध कर उद्धार किया। भगवान कृष्ण ने कहा कि तुम मेरी शरण में आओ मैं तुम्हें मोक्ष प्रदान करूंगा। आगे भगवान कृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाया भगवान का विवाह रुक्मणी के साथ हुआ ।इस प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए और भजनों पर झूमने लगे। समाजसेवी राजकुमार कश्यप द्वारा भागवत कथा में आने वाले भक्तों के लिए निशुल्क जूता चप्पल स्टैंड लगाकर पुण्य लाभ कमाया। कथा के अंत में भगवान कृष्ण की आरती की गई।आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा में मुख्य यजमान आशीष जादौन पत्नी गीतिका जादौन रहे ।संचालन संजय सक्सेना ने किया।ट्रस्ट के एडवोकेट राजू गुप्ता, सुरेंद्र कुमार चुग, संजय सक्सेना, तनु अग्रवाल, डॉक्टर देवेंद्र शर्मा, अभिषेक चांदना, संजीव अग्रवाल, राजकुमार कश्यप, ओमवीर सिंह, नितिन चंद्रवंशी, कृष्णअवतार,सचिन शर्मा, तरुण कपूर आदि का सहयोग रहा।

### नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई ठाकुरद्वारा ने नव आगंतुक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस का फूल मालाएं और बुके देकर स्वागत किया। ज्ञात हो पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के स्थान पर कुछ दिनों ठाकुरद्वारा का चार्ज डिलारी खंड शिक्षा अधिकारी भूपेश कुमार के पास रहा, परंतु अब स्थाई रूप से मनोज कुमार बोस ठाकुरद्वारा में नए खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। शुक्रवार को भारी संख्या में शिक्षकों ने बीआरसी केंद्र पर पहुंचकर एबीएसए मनोज कुमार भव्य स्वागत किया । इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को अपने सहयोग का पूरा आश्वासन दिया, साथ ही शिक्षकों ने भी खंड शिक्षा अधिकारी को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। स्वागत करने में ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह, मंत्री विवेंद्र कुमार, शिक्षक संकुल अवधेश कुमार,प्रदीप कुमार, राजपाल सिंह, अरुण कुमार,राकेश कुमार,निकेश कुमार,हेमवीर सिंह ,हर्ष कुमार, जितेंद्र सिंह, डीके मौर्य, विशाल चौधरी,अनुज चौहान नरेश चंचल, राकेश कुमार चौहान, सोनिया चौहान, शिल्पी अग्रवाल, मोहम्मद नासिर, शुभम शर्मा, दमन चौहान ,रोहित कुमार आदि सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी

**चन्दौसी।** मंझावली-खुर्जा गेट रोड स्थित आटा गांव के निकट सैनिक चौक पर शुक्रवार को तेज रफ्तार से चल रही एक कार अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार में बैठे लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार में बैठे लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल कराया।

## प्रधानाचार्य को पीटने के बाद लापता छात्र स्कूल के पीछे बेहोश मिला

**मूढ़ापांडे।** मूंढापाडे क्षेत्र के एस बी इंटर कॉलेज रौंडा के प्रधानाचार्य के पीटने के बाद लापता छात्र कालेज के पीछे मिल गया। रौंडा निवासी गुड्डू का बेटा प्रशांत रौंडा स्थित एस बी इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र हैं। बृहस्पतिवार सुबह वह कालेज में पढ़ने गया था लेकिन छुट्टी के बाद घर वापस नही लौटा तो परिजनों को चिंता हुई और रिश्तेदारियों में उसकी तलाश करने में जुट गए लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने रौंडा पुलिस चौकी में तहरीर देकर प्रधानाचार्य मुवारक अली के पीटने से क्षुब्ध बेटा लापता होने का आरोप लगाया । पुलिस तलाश में जुट गई इस दौरान परिजनों को रात में 1 2 बजे मिल गया उसे लेकर चौकी पहुंचे।चाचा नरेश ने बताया कि पूछताछ मे उसने बताया कि पिटाई से चक्कर आने के कारण कालेज के पीछे जाकर वेहोश हो गया था। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि छात्र को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

## गोकशी के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**मूढ़ापांडे।** गोकसी वांछित आरोपी को एक किलो चरस के साथ किया गिरफ्तार। मूंढापांडे ।पुलिस ने भोजपुर थाने से गोकसी के वांछित आरोपी मूंढापांडे के सीकमपुरपांडे निवासी बिलाल को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इसके अलावा अरसे फरार वारंटी भागीरथ निवासी खवडिया भूड को गिरफ्तार कोर्ट में पेश कर दिया है।

## पशुपति फैक्ट्री में आपदा प्रबंधन रिहर्सल: उपजिलाधिकारी व सीओ के नेतृत्व में मॉकड्रिल



**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित पशुपति एक्रोलीन लिमिटेड फैक्ट्री में शुक्रवार को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल (रिहर्सल) का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का नेतृत्व उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य आपदा या आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों, प्रशासन व सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी बचाव एवं राहत कार्य सुनिश्चित करना था। मॉक ड्रिल की शुरुआत एक काल्पनिक आपदा (जैसे गैस रिसाव या अग्निकांड) की सूचना के साथ हुई। जैसे ही सायरन बजा, फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल अलर्ट किया गया और उन्हें सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाया गया। सुरक्षा टीम, अग्निशमन दल व आपदा प्रबंधन इकाई ने मिलकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत त्वरित कार्रवाई की ।प्रशिक्षण के दौरान निम्न गतिविधियाँ की गईं । जैसे फायर अलार्म बजने पर तत्काल निकासी प्रक्रिया । प्राथमिक उपचार (थ्पतेज ।पक) की व्यवस्थाअग्निशमन यंत्रों का संच. ालन गैस रिसाव की स्थिति में सुरक्षा उपाय इमरजेंसी कॉलिंग और मेडिकल हेल्प की तैनाती ।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने अभ्यास के बाद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, ऐसी रिहर्सल से न केवल कर्मचारियों की जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वास्तविक आपदा की स्थिति में जानमाल की रक्षा के लिए जरूरी तत्परता भी सुनिश्चित होती है। सीओ गौरव त्रिपाठी ने कहा कि, सुरक्षा मानकों के पालन में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। फैक्ट्री प्रबंधन को समय-समय पर ऐसे अभ्यास करते रहना चाहिए जिससे कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम रहें। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से मॉक ड्रिल के आयोजन हेतु स्थानीय प्रशासन का आभार जताया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल के सदस्य, फैक्ट्री अधिकारीगण व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पशुपति फैक्ट्री के प्रबंधक एसपी गुप्ता ,आर के अग्रवाल, एसपी तोमर ,मणिपाल विश्वकर्मा, जरनैल सिंह , राममेहरा ,सफीक अहमद आदि मौजूद रहे ।

## भगवान श्री राम झंडा शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकली, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत



**ठाकुरद्वारा।** नगर में श्रीरामलीलाअभिनय कार्यक्रम प्रारंभ होने से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में निर्धारित मार्गो से झंडा शोभा यात्रा भजन कीर्तन के साथ निकल गई । इस दौरान जगह-जगह झंडा शोभा यात्रा का पुष्प बर्षा कर स्वागत किया गया । शुक्रवार को नगर के रामलीला मैदान में पंडित ललित प्रसाद शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर झंडा पूजन किया । शंखनाद के साथ भगवान श्री राम की गूंज के साथ झंडा शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया । ढोल नगाड़ों के साथ झंडा शोभा यात्रा मोहल्ला जमुना वाला ,बड़ा बाजार, खाकेश्वर मंदिर , दुर्गा मंदिर , कोतवाली रोड होता हुआ तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव हनुमान मन्दिर पर पहुँच कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मुंशीफ कोर्ट रोड से कमलापुरी चौराहे से डिलारी रोड पर स्थित रामलीला मेला स्थान पर पहुँच कर विधि विधान के साथ झंडा स्थापित किया गया । बाद में प्रसाद वितरणकिया गया । कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के अवनीश शर्मा , पंडित नंदकिशोर शर्मा, अनुज शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल , अशोक गहलोत, अनुज सक्सेना, नगर प्रचारक शिवांशु , विशाल अग्रवाल अधिवक्ता अनिल अग्रवाल दिनेश पुठिया व्यास अमितसक्सेना धर्मेंद्र पाल सिंहसुनील पुठिया सत्य प्रकाश गुप्ता सुधांशु चटवालकुशल अग्रवालशिवेंद्र गुप्ता बच्चा बाबा विश्व में दो परिषद कंपेंकज सिंह साजन शर्मा आदी मौजूद रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से किया गया वॉकथॉन और साइक्लोथॉन का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल में श्स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025श के अंतर्गत शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से एक वॉकथॉन और साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य के नेतृत्व में मंडल के शाखा अधिकारियों, आरपीएफ, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा अनेक कर्मचारियों ने वॉकथॉन और साइक्लोथॉन में भाग लिया।

श्स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025श अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद मंडल द्वारा स्वच्छता के प्रति सभी को अधिक से अधिक जागरूक करने तथा स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से आज दिनांक शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से एक वॉकथॉन और साइक्लोथॉन का आयोजन किया। रैली का उद्देश्य सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बन सकें। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपनी सक्रिय भागीदारी द्वारा इस अभियान को सफल बनाएं और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं

## तराजू-बाट पर मोहर लगाने में रसीद से अधिक पैसे लेने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में तराजू व बाट पर मोहर लगाने के नाम पर व्यापारियों से निर्धारित रसीद शुल्क से अधिक पैसे वसूले जाने का आरोप सामने आया है। इसको लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। जिसमें व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष से शिकायत की है। नगर में तराजू व बाट पर मोहर लगाने के नाम पर व्यापारियों से निर्धारित रसीद शुल्क से अधिक पैसे वसूले जाने का आरोप सामने आया है। इसको लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। जिसमें व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल से फोन पर शिकायत दर्ज कराई है। वही व्यापारियों का कहना है कि शासन द्वारा तय शुल्क की रसीद काटी जाती है।

लेकिन इसके अतिरिक्त नकद राशि भी वसूल की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतिरिक्त रकम न देने पर मोहर लगाने में टालमटोल करने लगते हैं। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल से शिकायत दर्ज कराई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने कहना है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पूजा-अर्चना के दौरान विवाद, आरोपी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में प्राचीन शिवलिंग पर तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुर. जननगर में गुरुवार को सुनार वाले कुएं स्थित प्राचीन शिवलिंग पर पूजा-अर्चना चल रही थी। इसी दौरान गांव निवासी सलाउद्दीन पुत्र इमामुद्दीन मौके पर पहुंचा और कथित तौर पर शिवलिंग को लात मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने समस्त ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन को गालियां दीं। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी ने अपने घर की महिलाओं को बुलाकर झूठे आरोप लगाते हुए छेड़छाड़ और रेप केस में फंसाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उसने जान से मारने की धमकी भी दी। जीसपर हर्ष चौहान पुत्र सुभाष सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एनसीसी कैडेट्स को दी आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग



**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को ठाकुरद्वारा क्षेत्र स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा में एन०सी०सी० के कैडेटों ने यूपी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भूकंप, औद्योगिक रासायनि एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम के तत्वावधान मे एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रात: 8 बजे अग्निशमन विभाग ठाकुरद्वारा से एफएसडी अंग्रेज सिंह अपने सहयोगी एफएम शिव कुमार,अंशुल , संदीप सिंह के साथ महाविद्यालय की सभागार में पहुंचकर उन्होंने समस्त कैडेटों के सम्मुख आपदाओं के प्रकार , आपदा से वचने के उपाय के वारे में वताते हुए भिन्न प्रकार की अग्नि की श्रेणीयाँ, उनके श्रोतो को पहचान कर उस पर कावूपाने के उपाय व आवश्यक साधनो के प्रयोग के वारे में विस्तार से वतलाया , जिस पर कैडिटो ने भी अपनी जिज्ञासा के उन से सवाल किए।उन्होंने कहाँ कि आग साधारण, द्रव्य आग,गैस, धातु आग, और विजली द्वारा लगने की अलग अलग कैटागिरी व उस पर नियंत्रण करने मे सावधानी वरतने के वारे में समझाया,और फसलों में लगी आग को पेड़ों की हरी टहनीयो द्वारा गला घोंटकर तथा उनमें लगने वाली आग को वहां से जुताई करके अथवा पेड़-पौधों की हरी टहनियों से आग को बुझाया जा सकता है। इस पर विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा अनुसार सवाल पूछे।इके वाद आग वुझाने का डेमो भी दिखाया। वही एन०सी०सी वटालियन मुरादाबाद से पहुचे ए०एम०सी० विकास कुमार व हवालदार अजय कुमार ने कैडेट्स को भुकम्प, ओद्योगिक, रासायनिक, वाढ़ जैसी आपदाओं से वचाव करने के तरीकों को विस्तार से समझाया। आज के कार्यक्रम में डा० राजपाल सिंह, दीपक चौरावल, कैडेट, कनिका, सालिनी, प्रियांशी, महक, ज्योति, नैना हिमांशी, आदि मौजूद रही।

## आईएफटीएम में शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए शिक्षक हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में रिसर्च सेल की ओर से टीचर्स अवार्ड एंड रिकॉग्निशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें शोध, अध्यापन और रिसर्च पेपर प्रकाशन के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले शिक्षकों को विभिन्न कैटेगरी में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल द्वारा उनके कर-कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि 'विकसित भारत अभियान' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में विश्वविद्यालय के ऊर्जावान शिक्षकों ने उत्तम शिक्षण देते हुए शोध में भी विशिष्ट योगदान दिया है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने शिक्षकों को सम्बोधित



करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में उन्हें अध्यापन और शोध कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सम्मान समारोह के दौरान रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड की कैटेगरी में डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा, डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. अमन प्रीत कौर, डॉ. योगेंद्र सिंह सर्टिफिकेट ऑफ अप्रेसिएशन अवॉर्ड्स की कैटेगरी में डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. स्मृता सिंह, डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, बेस्ट यंग फैकल्टी अवॉर्ड की कैटेगरी में डॉ. सुनील, टीचर्स अप्रेसिएशन अवॉर्ड की कैटेगरी में डॉ. रमेश पाल, डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. अंकुर सिंह, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. पुनीत खन्ना, यंग रिसर्चर अवार्ड की कैटेगरी में डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, डॉ. आशीष नागिला, बेस्ट पब्लिकेशन अवार्ड की कैटेगरी में डॉ. आयशा नेगी, डॉ. विनीत सिंह तथा एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड की कैटेगरी में डॉ. अंखी गुलाटी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल के अलावा प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव एवं वित्त अधिकारी डॉ. कुशलपाल सिंह ने सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिकुलपति डॉ. त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. सुशील कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. आर.के. यादव की विशेष भूमिका रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मैकलॉघलिन लेवरोन ने 42 साल पुराना चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका की सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरा.न ने गुरुवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सबसे लंबे समय तक चले आ रहे इवेंट रिकॉर्ड को तोड़कर दिन का सबसे यादगार पल बनाया, जबकि महिलाओं के ट्रिपल जंप फाइनल में हर्नांडेज ने चार बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक खिताबधारी वेनेजुएला की युलिमार रोजास को हराया। दो बार की ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ चैंपियन मैकलॉघलिन-लेवरोन ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 47:78 सेकंड में जीत हासिल की, और 1983 में पहली विश्व चैंपियनशिप में चेकोस्लोवाकिया की जर्मिला द्वारा बनाए गए 47:99 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड से 0.21 सेकंड कम समय में जीत हासिल की।

### धीमी ओवर गति पर ऑस्ट्रेलिया पर लगा 10 प्रतिशत जुर्माना

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम पर भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी द्वारा लगाया गया। मंगलवार को खेले गये दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके थे। मैदानी अंपायर वृंदा व जननी, तीसरे अंपायर लॉरेन व चौथे अंपायर गायत्री ने ऑस्ट्रेलियाई टीम पर धीमे ओवर रेट का आरोप लगाया था। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर- रेट संबंधित अपराध के लिए खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है।

# वह सिर्फ संदेशवाहक थे: एंड़ी

**दुबई, वार्ता।** 2025 एशिया कप को लगभग पटरी से उतारने वाले विवाद के केंद्र में रहे आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान मैच के टॉस से कुछ मिनट पहले ही बताया गया था कि दोनों कप्तान हाथ नहीं मिलाएंगे। उस समय, उन्होंने खुद को निर्देश देने के बजाय संदेश देने वाला समझा।

इसके बाद, पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर आईसीसी के नियमों और क्रिकेट भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया और उन्हें टूर्नामेंट से हटाने की मांग की गई। 14 और 17 सितम्बर को पाकिस्तान द्वारा खेले गए दो मैचों के दौरान हुई घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सामने आने लगी है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक अधिकारी के अनुसार, यह विवाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में 'टॉस से चार मिनट पहले' शुरू हुआ। जैसे ही पाइक्रॉफ्ट मैदान पर पहुंचे, उन्हें एसीसी स्थल प्रबंधक ने बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें-भारत सरकार की अनुमति से - सूचित कर दिया है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और सलमान आगा के बीच हैंडशेक नहीं होगा।



● **पाकिस्तान को टॉस से 4 मिनट पहले बताया, हाथ नहीं मिलाएगी टीम इंडिया**

पीसीबी अधिकारियों ने तर्क दिया कि पाइक्रॉफ्ट को इस असामान्य अनुरोध के बारे में आईसीसी को सूचित करना चाहिए था। ऐसा माना जा रहा है कि पाइक्रॉफ्ट ने कहा कि उनके पास ऐसा करने का समय नहीं था। अगर पर्याप्त समय होता, तो वह आईसीसी से सलाह लेते। इसके बजाय, टॉस से कुछ क्षण पहले, उन्होंने आग़ा को स्थिति के बारे में बताया, यह सोचकर कि अगर आग़ा सूर्यकुमार से हाथ मिलाने गए, तो वह सार्वजनिक रूप से शर्मनाक स्थिति उत्पन्न होने से बचा रहे थे। पाइक्रॉफ्ट के इस फ़ैसले को आईसीसी ने किसी भी समय आचार सं.हता के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी कार्रवाई के रूप में देखा, जो उन्हें खेल के प्रबंधन के लिए नियुक्त एक मैच अधिकारी के रूप में अपने अधिकार क्षेत्र में करने के लिए अधिकृत किया गया था। यह मुद्दा बुधवार को तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान के यूएई के खिलाफ होने वाले जरूरी मैच को लेकर अनिश्चितता के बादल छा गए और पीसीबी ने धमकी दी कि अगर इस मैच के लिए चुने गए पाइक्रॉफ्ट की जगह कोई और मैच रेफरी नियुक्त नहीं किया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम के शीर्ष अधिकारियों के बीच आनन-फानन में हुई एक स्पष्ट बैठक के बाद आखिरकार एक घंटे की देरी के बाद मैच शुरू हुआ। पीसीबीने एक बयान में दावा किया कि पाइक्रॉफ्ट ने ष्पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है, हालांकि स्थिति से परिचित सूत्रों का कहना है कि यह माफी नहीं थी, बल्कि घटना के बारे में 'गलतफहमी और गलत संचार पर खेद की अभिव्यक्ति' थी। पीसीबी ने भारत से पाकिस्तान की हार के बाद रविवार रात और सोमवार सुबह के बीच आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान को एक आधिकारिक शिकायत भेजी थी। इसमें बोर्ड ने टॉस से पहले की घटनाओं का क्रम बताया और पाइक्रॉफ्ट पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

# ओमान के खिलाफ सैमसन को ओपनर बनाएगा भारत



● **सजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़ें बताते है कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप 2025 में शुक्रवार को ओमान के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतार सकती है। टीम प्रबंधन बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर विचार कर सकती है। संजू सैमसन फिलहाल भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और नंबर पांच पर खेलते हैं। उन्हें आज के मैच में ओपनिंग का अवसर मिल सकता है। संजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़े बताते हैं कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते हैं। ओपनर के रूप में 14 पारियों में सैमसन ने 512 रन बनाए हैं, औसत 39-4 और स्ट्राइक रेट 182.2 के साथ, जिसमें उनका उच्चतम टी-20 स्कोर 111 भी शामिल है। वहीं, नंबर पांच पर खेलते हुए पांच पारियों में स्ट्राइक रेट 131.9 के साथ उन्होंने सिर्फ 62 रन बनाए हैं, जो फर्क साफ दिखाता है। भारत की मौजूदा ओपनिंग जोड़ी, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा, पाकिस्तान के खिलाफ कमाल दिखा चुकी है, लेकिन गिल का सतर्क खेल (सात गेंदों पर 10 रन) चर्चा में रहा। ओमान अपेक्षाकृत कमजोर टीम है, यह मुकाबला सैमसन को ओप.निंग में आजमाने का सबसे सही मौका देता है, ताकि वह पॉवरप्ले में अपनी ताकत के मुताबिक खुलकर खेल सकें। अगर संजू सैमसन को ओप.निंग मौका मिलता है तो भारत गिल को नंबर तीन या चार पर भेज सकता है, जहां उनका एंकलरग रोल मध्यक्रम को मजबूत कर सकता है। अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग में धमाका किया है और उन्हें अपनी जगह बनाए रखने की जरूरत है, जिससे अभिषेक-संजू की जोड़ी पॉवरप्ले में टीम इंडिया के सबसे आक्रामक विकल्प बन सकती है।

# विश्वकप को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं: जोटी

● **हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे है और उम्मीद करते हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे: निगार जोटी**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी ने शुक्रवार को कहा कि हमने 30 सितम्बर से शुरु हो रहे महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए हमने कड़ी मेहनत की है और इसको लेकर हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं।

जोटी ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा कि हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं, और इस बार हम इसे अपने लिए महत्वपूर्ण बनाना चाहते हैं। हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि इस शानदार पल में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएगे। मैं बांग्लादेश के लोगों और दुनिया भर के प्रशंसकों से दुआओं की उम्मीद करती हूं। तीन साल पहले न्यूजीलैंड में एकदिवसीय विश्व कप खेलने का हमारा पहला अनुभव टीम के लिए एक चौंकाने वाला अनुभव था। पिछली बार हमने इतिहास रचा था, पाकिस्तान को एक ऐसे मैच में हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की थी जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। आगामी टूर्नामेंट को लेकर बांग्लादेश की कप्तान ने कहा कि शर्मिन ने हमारे लिए सबसे अधिक रन बनाए।

### श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता का निधन

**अबु धाबी, वार्ता।** श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता सुरंगा वेल्लालगे का गुरुवार 18 सितम्बर को निधन हो गया। यह वही दिन था जब दुनित ने अबु धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप का ग्रुप बी मैच खेला था। 22 वर्षीय वेल्लालगे को अपने पिता की मृत्यु की खबर मैच के बाद ही पता चली, जिसे श्रीलंका ने छह विकेट और आठ गेंद शेष रहते जीतकर टूर्नामेंट के सुपर-4 दौर में जगह बनाई। मैच खत्म होते ही वह घर के लिए रवाना हो गए। इस शोक के कारण वेल्लालगे के एशिया कप में आगे भाग लेने पर संदेह पैदा हो गया है।

# श्रीलंका की नजर चौथी जीत पर

● **एशिया कप 2025: बांग्लादेश उलटफेर की कोशिश में**

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका एशिया कप 2025 के सुपर फ़ोर में एक ऐसी टीम के रूप में प्रवेश करेगा जिसने अब तक ज्यादातर चीज़ें सही की हैं। तीनों लीग मैच जीतने के बाद सबसे ताजा जीत अफग़ानिस्तान पर छह विकेट से मिली। चरित असालंका की टीम कल दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने के लिए खुद को प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर चुकी है। बांग्लादेश ने अपनी ओर से, एक तनावपूर्ण अंत में अफग़ानिस्तान को हराकर क्वालीफाई करने के लिए दृढ़ संकल्प दिखाया है। लिटन दास जानते होंगे कि अगर उन्हें ऐसी लय में चल रहे प्रतिद्वंद्वी को चुनौती देनी है, तो उनके खिलाड़ियों को अपनी बल्लेबाजी में निरंत.रता लानी होगी और मैदान पर अनुशासन का भी पालन करना होगा। पथुम निसंका के प्रतियोगिता में 124 रन और पिछले मैच में





कुसल मेंडिस के 74 रन, शीर्ष क्रम को दर्शाते हैं जो स्थिर दिखता है। कुसल परेरा और कामिंडु मेंडिस और स्थिरता प्रदान करते हैं, जबकि दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा मध्य और निचले क्रम को गहराई प्रदान करते हैं। नई गेंद से दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा की अगुवाई में और बीच के ओवरों में हसरंगा और महेश थीक्षाना के सहयोग से श्रीलंका का आक्रमण एक भरोसेमंद इकाई रहा है। बांग्लादेश को अपने पिछले मैच में तंजीद हसन और सैफ हसन की सलामी जोड़ी से हौसला मिलेगा। मुस्तफिजुर रहमान के तीन विकेट और नसुम अहमद का किफायती स्पेल श्रीलंका के बल्लेबाजों पर लगाम लगाने के लिए उनकी गेंदबाजी के महत्व को दर्शाता है।

### अश्विन हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया का हिस्सा होंगे



**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग, चीन ने गुरुवार को घोषणा की कि दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आगामी हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के एक प्रमुख सदस्य होंगे, जो इस साल 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाला है।

आधुनिक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले अश्विन के शामिल होने से इस तेज-तर्रार, एक्शन से भरपूर वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के अभियान में अपार गहराई, अनुभव और स्टार पावर जुड़ गया है। अपनी असाधारण मैच जिताने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले अश्विन की उपस्थिति प्रशंसकों को रोमां.चत करेगी और अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।

संन्यास की घोषणा के बाद यह शायद उनका पहला टूर्नामेंट होगा, और प्रशंसकों को क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में उनकी जादुई क्षमता देखने को मिलेगी। इस घोषणा पर, हांगकांग क्रिकेट के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 में आर अश्विन का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। टीम इंडिया में उनकी उपस्थिति इस टूर्नामेंट को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगी, जिससे इस युग के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों और कलाकारों में से एक हांगकांग में आएगा। सिक्सेस नवाचार, मनोरंजन और विश्व स्तरीय प्रतिभा का प्रतीक है, और अश्विन इन सभी गुणों के प्रतीक हैं।

# एन थंगराजा ने जीता चेन्नई ओपन



● **सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद 1 ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की**

**चेन्नई, वार्ता।** श्रीलंकाई एन थंगराजा ने चेन्नई के कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में खेले गए एक करोड़ रुपये के इनामी टूर्नामेंट, चेन्नई ओपन 2025 पावर्ड बाय सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद एक ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की। एन थंगराजा (69-66-63-73), जो कल रात एक शॉट से आगे चल रहे थे, आखिरी दिन एक शॉट से आगे निकल गए और उन्होंने पूरे हफ्.ते 17-अंडर 271 का स्कोर बनाया।

44 वर्षीय कोलंबो निवासी थंगराजा की यह छठी पीजीटीआई जीत और सीजन की दूसरी जीत थी, जिसके साथ उन्हें 15 लाख रुपये का विजयी पुरस्कार मिला, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (68-71-67-66), जिन्होंने ईगल के साथ दिन का समापन किया, दिल्ली के शौर्य भटाचार्य (67-65-69-71) और गुरुग्राम के मनु गंडास (66-68-65-73) की तिकड़ी कुल 16-अंडर 272 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रही। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम के हनी बैसोया (72) 14-अंडर 274 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एन थंगराजा ने दिन की धीमी शुरुआत की और पांच पार और उसके बाद छठे होल पर एक बोगी की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शौर्य भटाचार्य और मनु गंडास ने शुरुआती बढ़त हासिल की। हालांकि, कठिन पिन पोजीशन के बावजूद, थंगा ने इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14वें होल तक ग्रीन्स के बीच में हिट करते रहे और दो-पट लगाकर पार बनाए। इसके बाद थंगा ने पार-3 के 15वें होल पर एक बेहतरीन टी शॉट लगाया और उसके बाद एक महत्वपूर्ण पांच फुट का बर्डी कन्वर्ज़न लगाकर एक बार फिर शीर्ष दावेदार बन गए। अंत में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की गति कम होने के साथ, 16वें होल पर थंगा की बोगी का उन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा और उन्होंने 18वें होल पर जीत के लिए महत्वपूर्ण छह फुट का पार पट लगाया। 2022 चेन्नई ओपन के उपविजेता थंगराजा, जो कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में भी खेले थे, ने कहा कि आज पिन पोज़शिन इस हफ्ते की सबसे कठिन थी और यही उच्च स्कोर की वजह है।

### महिला क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी

● **भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** महिला क्रिकेट की शक्ति, एकता और अदम्य उत्साह का जश्न मनाते हुए, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए आधिकारिक कार्यक्रम गीत 'ब्रिंग इट होम' लॉन्च किया, क्योंकि इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से पहले उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

प्रशंसित भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय, सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है, और इसका उद्देश्य दुनिया भर के प्रशंसकों को एकजुट करना है। तारिकिता तारिकिता तारिकिता ढोम जैसे आकर्षक गीतों और दिल की धड़कनों से प्रेरित धक धक, वी ब्रिंग इट होम के साथ, यह गीत विश्व मंच पर कदम रखने वाली हर महिला क्रिकेटर के जोश और सपनों को दर्शाता है। गीत दृढ़ संकल्प और एकता का जश्न मनाते हैं, सपनों और दृढ़ता की शक्ति के माध्यम से महिला क्रिकेट की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हैं। पत्थर पिघलाना है, एक नया इतिहास बनाना है। की पंक्तियां सभी बाधाओं के बावजूद समर्पण और धैर्य की अटूट शक्ति को उजागर करती हैं। श्रेया घोषाल ने कहा कि महिला क्रिकेट की भावना, शक्ति और एकता का जश्न मनाने वाले आधिकारिक कार्यक्रम गीत के माध्यम से आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव रहा है।

मैं अपनी आवाज देकर और उस पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जो खेल के प्रति प्रेम के माध्यम से लोगों को एक साथ लाता है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रशंसकों को प्रेरित करेगा।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

● **इस दौरे के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम अपने तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम से खेलेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कैनबरा स्थित राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने को पूरी तरह तैयार है।

यह श्रृंखला 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक खेली जाएगी। मैच 26 सितंबर, 27 सितंबर, 29 सितंबर, 30 सितम्बर और 2 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस दौरे के दौरान, भारत अपने पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद स्थानीय टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगा, जो ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाला एक क्लब है। यह भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव दौरा होगा क्योंकि वे एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी जारी रखेंगे, जिसकी मेजबानी इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में की जाएगी। यह श्रृंखला भारतीय टीम को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खुद को परखने और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव हासिल करने का मौका देगी, जो अपनी तेज-तर्रार और शारीरिक हॉकी के लिए जानी जाती है। कई खिलाड़ियों के लिए, यह जूनियर स्तर पर उनका पहला विदेशी अनुभव भी होगा, जो उनके विकास और प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस दौरे को लेकर, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के इस अवसर के लिए आभारी हैं, जो दुनिया के सबसे मजबूत हॉकी खेलने वाले देशों में से एक है। उनके खिलाफ एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला खेलने से हमारे खिलाड़ियों को बहुमूल्य अनुभव मिलेगा, हमें सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, और टीम को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह श्रृंखला हमारी अब तक की तैयारियों की असली परीक्षा होगी।

हमारा ध्यान मैच के मिजाज को बेहतर बनाने, विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और दबाव में अपनी रणनीतियों को लागू करने पर होगा। मेरा मानना है कि यह अनुभव टीम के आत्मविश्वास और विश्व कप के लिए उसकी तैयारी को आकार देने में बहुत मददगार साबित होगा।

### उम्मीद है एशेज के पांचों टेस्ट में खेलूंगा: कमिंस

**सिडनी, वार्ता।** पीठ की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस कार्यक्रम में खेल क्लबों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बने रहने के लिए संघीय सरकार ने 50 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वह पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा कि लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं।

# भारतीय महिला टीम घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी





**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले निर्णायक मुकाबले में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी । एलिसा हीली की कप्तान वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पलटवार करना चाहेगी।

स्मृति मंधाना ने शानदार फॉर्म में चल रही है और उन्होंने पिछले मैच में 77 गेंदों में 117 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और ढूंढे कर रन बटोरे। दीप्ति शर्मा ने 40 रनों की शानदार पारी खेली और भारत ने 292 रन बनाए। डार्सी ब्राउन ने तीन विकेट लेकर कड़ी मेहनत की, लेकिन मंधाना की पारी का कोई जवाब नहीं था। मंधाना ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक बनाए है।

वह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया शुरुआत में आउट करना चाहेगा। हरमनप्रीत कौर की टीम उसी एकादश पर भरोसा बनाए रखेगी, जेमिमा रोड्रिग्स की उपलब्धता पर ही सवालिया निशान है। प्रतीका रावल, हरलीन देओल, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा टीम में गहराई लाएंगी, जबकि राणा, राधा और क्रांति गेंदबाजी में रेणुका का साथ देंगी। भारतीय गेंदबाजों की बात की जाये तो रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया, क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लेकर कमाल कर दिया, और स्पिनरों स्नेह राणा, राधा यादव और दीप्ति शर्मा ने दबाव बनाया। ऑस्ट्रेलिया 190 रनों पर ढेर हो गया।

यह एकदिवसीय इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी, और 13 मैचों की उनकी जीत का सिलसिला भी टूट गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी कम मत आंकना चाहिए। एलिसा हीली की टीम लगातार दो मैच शायद ही कभी गंवाती है। अगर फोबे लिचफील्ड वापसी करती हैं, तो एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड और हमेशा खतरनाक एश्ले गार्डनर के साथ शीर्ष क्रम मजबूत नज़र आता है। उनकी गेंदबाजी में अभी भी दम है।

# कम्पोजिट विद्यालय में हुई चोरी की घटना का मझोला थाना पुलिस ने किया खुलासा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र स्थित काशीरामनगर के कम्पोजिट स्कूल में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, सरकारी स्कूल में चोरी करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से 3150 रुपये की नगदी और चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अन्तिल के द्वारा जिले में सक्रिय चोरों और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में मझोला पुलिस द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मझोला थाना पुलिस ने काशीराम नगर के कंपोजिट स्कूल में चोरी करने वाले मुख्य आरोपी काशीराम नगर ट्रिपल स्टोरी के रहने वाले हसीन पुत्र शमीम को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि कि उसने अपने बड़े भाई वसीम और पड़ोसी राहुल के साथ मिलकर 09 सितम्बर की रात कम्पोजिट स्कूल से चोरी की थी। उन्होंने स्कूल से 06 बैटरियां, एक एलईडी टीवी, एक डीवीआर, एक यूपीएस, एक सीसीटीवी कैमरा और एक स्पीकर चुराया था। चोरी की गई 06 बैटरियों को उन्होंने एक कबाड़ी को 15,000 रुपये में बेच दिया था, जिसमें से उसको 5,000 रुपये मिले थे। अब उसके पास 3,150 रुपये शेष बचे हैं। एलईडी और सीसीटीवी कैमरा अभी राहुल के पास होना बताया गया है।आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि वह नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए ही चोरी करता है।वहीं पुलिस प्रकाश में आए अन्य आरोपियों वसीम पुत्र शमीम और राहुल पुत्र श्रीपाल निवासी ट्रिपल स्टोरी, काशीरामनगर के नाम सामने आए हैं। पुलिस अब इन दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

# एमडीए पर लगाया गुमराह कर आवास बेचने का आरोप

■ पीड़ित परिवारों ने नगर विधायक से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। काशीराम नगर मऊ योजना में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के तहत बेचे गए आवासों को लेकर 123 परिवारों ने एमडीए पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि उन्हें गुमराह कर आवास बेचे गए, जबकि योजना में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और अब तो मुख्य मार्ग तक बंद किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी से जुड़ा एकमात्र मुख्य मार्ग रेलवे द्वारा बंद किया जा रहा है, जिससे आने-जाने की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो जाएगी। कॉलोनी वासियों का कहना है कि यदि यह मार्ग बंद हुआ तो उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को नगर विधायक रितेश गुप्ता के सामने उठाया, जिस पर विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और मंडल रेल प्रबंधक से बात कर समाधान का आश्वासन दिया है।प्रभावित परिवारों का कहना है कि एमडीए ने उन्हें बिना पूरी जानकारी दिए मकान बेच दिए, जबकि मौके पर पहुंचने के बाद असलियत सामने आई। अब लोग अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कॉलोनी वासियों ने मांग की है कि रेलवे द्वारा रास्ता बंद करने की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए और एमडीए द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।पीड़ितों का संघर्ष फिलहाल जारी है और अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## एक नजर

### शासन के आदेश पर आपदा प्रबंधन के लिए एनसीसी कैडेट को कराई मॉक एक्सरसाइज



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** शासन के आदेश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुरादाबाद की ओर से आज डीएसएम इंटर कॉलेज प्रांगण में एनसीसी कैडेट और छात्रों को आपदा प्रबंधन हेतु मॉक एक्सरसाइज कराई गई। जिले से आई टीम ने बताया कि भूकंप बाढ़ और अन्य प्रकार की आपदा आने पर उन्हें किस तरह से खुद को सुरक्षित रखते हुए लोगों की जान बचानी है। इस दौरान जनपद से आए प्रशिक्षकों ने कैडिट को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भी एनसीसी कैडेट और छात्रों का हौसला बढ़ाया। इसके साथ-साथ आपदा प्रबंधन के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओ का भी वहां प्रदर्शन करके दिखाया गया। हालांकि इस बड़े कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को विधिवत रूप से नहीं दी गई कुल मिलाकर इस कार्यक्रम के माध्यम से एनसीसी कैडेट को आपदा प्रबंधन हेतु तैयार जरूर किया गया है। इस मौके पर एसडीएम तहसीलदार नायब तहस. ीलदार थाना प्रभारी निरीक्षक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### वांछित के साथ वारंटी का भी पुलिस ने किया चालान



**कांठ।** मारपीट के मामले में वांछित सहित एक वारंटी का पुलिस ने चालान किया है घटना 31 अगस्त ग्राम अलीपुरा कुई की है वहां के रहने वाले जयप्रकाश ने गांव के वीर सिंह सुमन आदि के साथ घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला करते हुए उन्हें घायल किया था इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया आज वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि नगर के करेला बाग पट्टी मौडा निवासी डॉक्टर इरशाद अली पुत्र शहजाद अली को वारंट होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान किया है।

### दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में जीत पर कार्यकर्ताओं ने किया खुशी का इजहार



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जीत पर भाजपाई खुश चुनाव परिणाम आते ही कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्ति की एक दूसरे को मिठाई खिलाई शुक्रवार को बिलारी नगर के महाराणा प्रताप चौक पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शानदार जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख धर्मेंद्र गांधी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में हमारे पैनल ने जो जीत दर्ज की है वह केवल जीत ही नहीं है बल्कि यह एक विचारधारा की जीत है जिस प्रकार विश्व विद्यालय में राष्ट्र विरोधी ताकतों का बोलबाला था वहां अब विचारों में परिवर्तन आया है और सभी वर्गों के छात्रों में विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में आस्था व्यक्त की है विद्यार्थी परिषद की जीत से विश्वविद्यालय में पढ़ाई का माहौल बनेगा इस मौके पर धर्मेंद्र गांधी के साथ शीलू गुप्ता राहुल जैन प्रशांत चौधरी रजनीश गर्ग सुरेंद्र शर्मा अमित चौधरी विजय सक्सेना उमेश गुर्जर संजू शर्मा राजेंद्र सिंह राजकुमार सागर अनूप राणा शमीम अहमद सुरजीत चौधरी मोहम्मद जुबेर राहुल शर्मा गजेंद्र सिंह आदि लोग साथ रहे।

### संयुक्त व्यापार मण्डल ने अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल का धूमधाम के साथ मनाया जन्मदिन

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में एक होटल में संपन्न हुई।जिसमें वित्त मंत्री द्वारा जीएसटी में 18 परसेंट और 5% टैक्स की दरों को जो परिवर्तित किया गया है उसमें मुरादाबाद के अंदर पीतल व्यवसाय में कच्चे माल पर 18 पर्सेंट टैक्स होने से और उसे माल को तैयार करके 5% पर बेचने पर जो अनियमिताएं और समस्याएं उत्पन्न होगी उस पर चर्चा की गई और रॉ मैटीरियल को भी 5 परसेंट टैक्स लगाने पर रिफंड से मुक्ति और काम में पारदर्शिता बढ़ेगी मीटिंग के बाद संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के 67 वे जन्मदिन का कार्यक्रम बड़ी धूम धाम से मनाया गया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने उनको जन्मदिन की शुभ कामनाएं दी जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता आशुतोष गुप्ता,गिरीश भांडुला, गौरव अग्रवाल, सुमित गुप्ता, संजय शर्मा, आदेश गुप्ता, मुन्ना बाबू, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र प्रजापति, टोनी भाई, दीपक कत्याल, आशीष अग्रवाल, हरि गोल शर्मा, नोमान मंसूरी, अतुल सोती, आलोक अग्रवाल,एस पी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन गुलाबचंद,पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह,अपर नगर आयुक्त आशुतोष राय,एस डी एम विनय पांडे, क्षेत्राधिकार पुलिस कोतवाली सुनीता दहिया,सीओ कटघर आशीष सिंह, सीओ हाईवे राजेश कुमार,सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता, द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### जिला स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता संपन्न, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल प्रथम

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय सम्भल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल चंदौसी में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रशन्ना द्वारा पारंपरिक टॉस करके किया गया। प्रतियोगिता में जिले की 09 टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान पर सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल चन्दौसी व द्वितीय स्थान पर वीएमएस बबराला रहा।

कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, जिला ओलंपिक संघ सचिव आशु शर्मा, फुटबॉल कोच नदीर रजा, शूटिंग कोच मयंक कुमार, खेलो इंडिया एथलेटिक्स कोच नकुल तोमर, खो-खो कोच भानु प्रताप सिन्हा, राहुल शर्मा, रंजीत गोस्वामी व तबस्सुम, शिवांगी, ताईक्वांडो कोच अंकुश राणा, एथलेटिक्स सचिव अजय, खो-खो कोच विक्की गुप्ता एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# नगरपालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान



**चन्दौसी।** शासन के निर्देशों के क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा' राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत शुक्रवार को नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा 'स्वच्छोत्सव-स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर एकत्रित कचरे के ढेरों की सफाई कर उन्हें कचरा मुक्त किया गया। साथ ही नगरपालिका टीम ने नगरवासियों को घर-घर कचरा प्रबंधन की जानकारी देते हुए समझाया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को पृथक्करण कर कैसे उसका उचित निस्तारण कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जगह-जगह लगने वाले कूड़े के ढेरों से मुक्ति पाना और नगर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, कर्मचारीगण तथा सफाई मित्र मौजूद रहे और सफाई कार्य में सक्रिय सहयोग दिया।

# निजी स्कूल में बच्ची की पिटाई पर हंगामा, कोतवाली पहुंचे अभिभावक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावधान! अब विद्यालयों में बच्चों को मारना या डांटना अपराध की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके चन्दौसी के फुब्बारा चौक स्थित एक निजी विद्यालय में चार वर्षीय बच्ची की पिटाई का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार गोलागंज निवासी छात्रा फुब्बारा चौक स्थित विद्यालय में रोजाना की तरह विद्यालय आई थी। इस दौरान विद्यालय डायरेक्टर ने कथित रूप से बच्ची को डांटने के साथ उसकी पिटाई कर दी। बताया गया कि छात्रा की मां एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। जब वे बेटी को लेने स्कूल पहुंचीं तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इससे नाराज होकर उन्होंने अपने पति को फोन किया। पति मौके पर पहुंच गए और दोनों ने कोतवाली में जाकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व भाजयुमो नेता डॉ. विशाल चौहान और करणी सेना अध्यक्ष शिवम ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधक एस.के. डीन को बच्चों को मारने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं प्रधानाचार्य नत्थूलाल शर्मा का नाम भी मामले में लिया गया। अभिभावकों का कहना है कि पिटाई के दौरान बच्ची के साथ अशोभनीय शब्द भी कहे गए, जिसे वे सहन नहीं कर पाए। दूसरी ओर विद्यालय प्रबंधक का कहना है कि बच्ची कक्षा से बाहर आ गई थी, इसलिए केवल डांटा गया था, मारने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन के बीच काफी देर तक बातचीत होती रही, लेकिन सुलह के आसार नहीं बन सके। घटना के बाद स्थानीय हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है और वे प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सम्भल पुलिस की प्रभावी पैरवी से अवैध शराब के आरोपी को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत सम्भल पुलिस की प्रभावी पैरवी और सशक्त अभियोजन के चलते अवैध शराब के एक आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 01 माह 24 दिन का कारावास तथा 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला थाना गुन्नौर क्षेत्र का है। अभियुक्त विजय पुत्र रामकुंवर निवासी गवां थाना गुन्नौर जिला संभल को पुलिस ने वर्ष 2010 में अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार किया था। मुकदमे की सुनवाई माननीय न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) चन्दौसी में चल रही थी। लम्बी सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और उसे जेल भेज दिया। न्यायालय में प्रभावी पैरवी का कार्य प्रदीप कुमार (पी.ओ. कोर्ट), परोकार म0का0 अनीता देवी थाना बहजोई, कोर्ट मोहसिर्र कान्ट रवि कुमार द्वारा किया गया। पुलिस की सशक्त पैरवी के कारण अभियुक्त को सजा दिलाने में सफलता मिली।

# जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत योगा कैम्प का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के तीसरे दिन रामबाग रोड स्थित बिहारीलाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी वेस्ट के तत्वावधान में योगा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में योगाचार्य संजेश कुमार ने योगाभ्यास का महत्व बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है। योग से तनाव व चिंता कम होती है, हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है और पाचन क्रिया बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि योग आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ पीठ दर्द, अस्थमा और गठिया जैसी बीमारियों में भी लाभकारी है। योगाचार्य ने उपस्थित सदस्यों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम की विधि कराई तथा प्रतिदिन सुबह योग करने की आदत डालने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन वीनेश वार्ष्णेय ने किया जबकि सुंदर आयोजन की व्यवस्था भुवनेश वार्ष्णेय द्वारा की गई। योगाभ्यास में ग्रुप अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार, सुनील अग्रवाल, विष्णु ऐरन, अनुराग भार्गव, प्रवीन अग्रवाल, विवेक गुप्ता, मुनीश जिंदल, अजयकांत नागर, कृष्ण औतार गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, सीमा चौधरी, साधना अग्रवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत जनेटा में चला स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत जनेटा में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ज्ञान सिंह ने किया। सबसे पहले ग्राम पंचायत भवन पर ग्रामीणों से वार्ता की गई और सभी से प्रतिदिन एक घंटा श्रमदान कर सफाई कार्य करने की अपील की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत ग्राम पंचायत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और सामूहिक प्रयासों से ही गांव और समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर नीरज कुमार सिंह (सहायक विकास अधिकारीपंचायत), शेखर सिंह (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर), विनोदवाला (मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना अधिकारी), राजकुमार (ग्राम विकास अधिकारी) सहित समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सीएचओ एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सोलह नवम्बर को विशाल व्यापारी महा सम्मेलन लखनऊ में होगा आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से विशाल व्यापारी महासम्मेलन लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष/ आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल मौजूद रहेंगे आज प्रदेश प्रभारी / प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल (जोनी) के आबास पर बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा की।बैठक में मुरादाबाद से 4 बसे और दस गाड़िया ले जाने की बात कही बैठक में तय हुआ कि इसी महा अध्यक्ष जी/मंत्रीजी मुरादाबाद आकर व्यापारियों के साथ बैठक करेंगे।

प्रदेश सह प्रभारी दीपक अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रदेश में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक चल रही है।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल जोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष सुनील कत्याल, महामंत्री सुनील अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, आदेश गुप्ता, दीपक अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# तीस से शुरू होगा पुनरीक्षण का कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा प्रदेश की विधान परिषद के पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों तथा छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों का कार्यकाल आगामी वर्ष 06 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने के कारण इन निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामाव. लियों का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2025 के आधार पर यह पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 30 सितंबर, 2025 से प्रारंभ होगा। इस निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर, 2025 को किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगले वर्ष 06 दिसम्बर को विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जो 05 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी है। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जो 06 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद है। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगा। 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को इसका द्वितीय पुनर्प्रकाशन होगा। फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवंबर तथा 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी व निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण होगा। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवंबर को होगा। दावें-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक है। 25 दिसम्बर तक दावें-आपत्तियों का निस्तारण होगा और अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर, 2025 को होगा। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीता. पुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद तक। वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, एवं सोनभद्र जनपद तक। आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद तक। मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद तक। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर एवं संभल जनपद तक। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी एवं अंबेडकर नगर जनपद शामिल है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में लखनऊ के लिए मंडलायुक्त लखनऊ, मेरठ के लिए मंडलायुक्त मेरठ, आगरा के लिए मंडलायुक्त आगरा, वाराणसी के लिए मंडलायुक्त वाराणसी तथा इलाहाबाद-झांसी के लिए मंडलायुक्त झांसी एवं लखनऊ होंगे। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में लखनऊ के लिए मंडलायुक्त लखनऊ, मेरठ के लिए मंडलायुक्त मेरठ, आगरा के लिए मंडलायुक्त आगरा, वाराणसी के लिए मंडलायुक्त वाराणसी, बरेली मुरादाबाद के लिए मंडलायुक्त बरेली एवं गोरखपुर-फैजाबाद के लिए मंडलायुक्त गोरखपुर है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मिलित समस्त जनपदों के जिलाधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा इन निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

# मानकों की अनदेखी कर बेसमेंट में अवैध अस्पताल का संचालन

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिचौटा चौराहे पर बनीं दुकानों के नीचे बेसमेंट में अवैध रूप से अपंजीकृत अस्पताल संचालित हो रहा है जिसमें एक अपंजीकृत चिकित्सक द्वारा मरीजों को भर्ती कर ब्लड चढ़ाना, ड्रिप लगाकर ग्लूकोज चढ़ाना, आपरेशन आदि कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों से भर्ती के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं जबकि बेसमेंट में कोचिंग सेंटर, अस्पताल आदि संचालन पर प्रतिबंध है। बता दें कि कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक पैथलैब संचालित है। अकेले रीठ गांव में आधा दर्जन पैथ लैब संचालित है, छाबड़ा, भूडी चौराहा, कुढफतेहगढ, बिचौटा चौराहा आदि में एक दर्जन से अधिक पैथलैब संचालित है। बिचौटा चौराहे पर पंचायत घर के सामने एक पैथलैब पर नाबालिग किशोर मरीजों का ब्लड सैम्पल लेकर जांच कर रहे हैं। अपंजीकृत चिकित्सक अपने चहेते लैब संचालक के पास मरीज को जांचे कराने के लिए भेजते हैं जिसके एबज में चिकित्सक को पचास प्रतिशत कमीशन लैब संच. ालक द्बारा दिया जाता है। इस प्रकार दोनों लोग मिलकर ग्रामीणों का आर्थिक दोहन कर रहे हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 20 सितम्बर 2025

# सच्चाई आए सामने

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को फिर से घेरा है। एक्स वीडियो पर उन्होंने क्लिप शेयर की, केपशन में लिखा कि चार बजे उठो, छत्तीस सेकेंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ, ऐसे भी हुई वोट चोरी। गुरुवार को भी अपनी एक प्रेस कान्फ्रेंस में वह चुनाव आयोग पर आरोप लगा चुके हैं तब उन्होंने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं और अपनी बात को मजबूती प्रदान करने लिए उन्होंने कनार्टक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई। जहां तक बात चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया की है, वह केवल यह कहकर पल्ला झाड़ता दिखाई दे रहा है कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं है। सरकार भी राहुल गांधी को इस पूरे मामले पर घेरती दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कह भी डाला कि राहुल गांधी हताशा में हैं। वह कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। असल में शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश के जेन जी संविधान को बचाएंगे। लो. कतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे और मैं उनके साथ खड़ा हूं। भाजपा के नेता उनके इस बयान को उनके माओवादी होने के सबूत में पेश कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फणडवीस ने कहा भी कि यह वोट चोरी का मामला नहीं है राहुल का दिमाग चोरी हो गया है और जब किसी का दिमाग चोरी हो जाता है तो वह इसी तरह करता है। उन्होंने कहा कि राहुल की देश के संविधान के प्रति आस्था नहीं है। वह सारी व्यवस्था को नकार रहे हैं और अब तो उन्हें शहरी माओवादी होने का सबूत भी दे दिया है। जाहिर है राजनीति में इस तरह की प्रतिक्रिया तो चलती रहती है, राहुल गांधी कितना सच कह रहे हैं कितना झूठ कह रहे हैं, यह अलग बहस का विषय हो सकता है और इसका पता भी जब चल सकता है, जब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि जांच की आवाज किधर से भी नहीं आ रही है। न तो चुनाव आयोग ही जनता को यह आश्वासन दे पा रहा है कि वह इस पूरे मामले की जांच करा पाएगा, वैसे होना यही चाहिए था कि अगर कहीं से गड़बड़ी की खबर आ रही है तो चुनाव आयोग को कहना चाहिए था कि वह इस सच का पता लगाएगा। ठीक उसी तरह सरकार को भी इस तरह के आरोपों पर चिंता जाहिर करनी चाहिए थी। लेकिन हो इसके उलट रहा है। चुनाव आयोग तमाम आरोपों को सिरे से ही नकार रहा है और केंद्र सरकार इस तरह की गड़बड़ी पर चिंता जाहिर करने के बजाए चुनाव आयोग का पूरी तरह बचाव करती दिखाई दे रही है बल्कि उससे भी आगे जाकर, इतना बचाव तो खुद चुनाव आयोग अपना नहीं कर पा रहा है। जाहिर है इस तरह के व्यवहार से जनता में एक गलत संदेश ही जाएगा और चुनाव आयोग की साख ही प्रभावित होगी। यह उस देश के लिए जरा भी ठीक नहीं है, जो दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला लो. कतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में मर्यादा व मूल्यों की बहुत गरिमा होती है। इसकी रक्षा होनी ही चाहिए।

## वीरता हथियार के आकार की बात नहीं



पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता, पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है, हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी, जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते, मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था, हमारे बहादुर वीर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार की बात नहीं है, बल्कि दिल बड़ा होना चाहिए, जब पहलगाम हमला हुआ था, तो प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को सबक सिखाने का फैसला किया था।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# पीर अली खानः आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ





वीरेश तरार

1857 का संग्राम भारतीय स्वतंत्रता की पहली प्रचंड ज्वाला था। यह केवल सैनिकों का विद्रोह नहीं था, बल्कि जनता के हृदय में लंबे समय से धधक रही उस चिंगारी का विस्फोट था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को पहली बार गहराई से हिला दिया। इस संग्राम में जहां मेरठ और दिल्ली से लेकर कानपुर, झांसी, बरेली, लखनऊ, अवध और पूरे उत्तर भारत के अनेक सेनानी अमर हुए, वहीं बिहार की धरती पर एक ऐसा नायक खड़ा हुआ, जिसकी शहादत आजादी के इतिहास का अमिट स्तंभ है। यह नायक थे पीर अली खान।

पीर अली खान का नाम हमारे इतिहास में उस वीरता और अदम्य साहस का प्रतीक है, जिसने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता की नींव मजबूत की, लेकिन दुखद यह है कि आजादी की उस लंबी लड़ाई के कई सच्चे नायकों की तरह पीर अली खान को भी इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह अधिकारी थे। आज जब हम स्वतंत्र भारत की सांस लेते हैं और अपनी मातृभूमि की आजादी पर गर्व करते हैं, तब पीर अली खान जैसे बलिदानियों को याद करना न केवल आवश्यक है, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

पीर अली खान का जन्म सन 1812 के आसपास माना जाता है। वह मूल रूप से एक साधारण परिवार से थे। जीविका के लिए उन्होंने पटना में किताबों की जिल्दबंदी और किताबों की दुकान का काम शुरू किया। उस समय किताबें केवल ज्ञान का साधन ही नहीं थीं, बल्कि विचारों और संदेशों का माध्यम भी थीं। पीर अली खान की दुकान पटना में किताबों के प्रेमियों के लिए एक सामान्य स्थल थी, लेकिन धीरे-धीरे यह दुकान अंग्रेजों के विरुद्ध गुप्त योजनाओं का केंद्र बनने लगी। किताबों की जिल्दों और पन्नों के बीच से वे स्वतंत्रता संग्राम के पर्चे, संदेश और गुप्त पत्र सिपाहियों और क्रांतिकारियों तक पहुंचाने लगे। उनके संपर्क डेनापुर छावनी के उन भारतीय सिपा. हियों से भी थे, जिनके मन में अंग्रेजों के प्रति असंतोष दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा था। जब मई 1857 में मेरठ से विद्रोह की चिंगारी फूटी और दिल्ली में बहादुरशाह जफर को सम्राट घोषित कर स्वतंत्रता का बिगुल बजा, तो इसकी गूंज पटना तक पहुंची। बिहार की धरती पहले से ही शोषण, अन्याय और अत्याचार से त्रस्त थी। किसानों और स्थानीय जनता से कठोर कर वसूली, अंग्रेज अधिकारियों की तानाशाही और उनके नस्लीय अहंकार ने जनता के मन में गहरा असंतोष पैदा कर दिया था। ऐसे माहौल में पीर अली खान जैसे साहसी और निडर व्यक्ति के लिए यह दुकान मात्र व्यवसाय नहीं रही, बल्कि स्वतंत्रता का गुप्त अड्डा बन गई। अंग्रेज प्रशासन की निगाहें बहुत जल्द उनकी गतिविधियों पर पड़ गईं। उन्हें शक था कि पीर अली खान केवल किताबें बेचने और जिल्दबंदी करने वाले नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को संदेश पहुंचाने वाले भी हैं। 4 जुलाई 1857 को अंग्रेजों ने पीर अली खान को उनके 33 साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। उनसे बार-बार पूछा गया कि उनके साथ और कौन लोग जुड़े हुए हैं, किन सैनिकों से उनका संपर्क है, वे क्रांतिकारी पर्चे कहां से लाते हैं। लेकिन पीर अली खान ने किसी का नाम नहीं बताया। उन्होंने अपने साथियों के साथ विश्वासघात करने के बजाय अपने प्राण न्योछावर करना स्वीकार किया।

अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें डराने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए। उन्हें यह लालच भी दिया गया कि यदि वे अपने साथियों के नाम बता दें तो उन्हें क्षमा कर दिया जाएगा। लेकिन पीर अली खान अडिग रहे। उन्होंने कहा कि वे मरना पसंद करेंगे, पर अपने साथियों का भेद नहीं बताएंगे। यही उनका चरित्र था, यही उनकी सच्ची राष्ट्रभक्ति थी।

7 जुलाई 1857 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। पटना के अंग्रेज कलेक्टर के आवास के सामने, सार्वजनिक रूप से, उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया गया। अंग्रेज चाहते थे कि जनता यह .श्य देखकर भयभीत हो, लेकिन परिणाम उल्टा हुआ। लोगों के मन में पीर अली खान के लिए श्रद्धा और अंग्रेजों के लिए घृणा और अधिक गहरी हो गई। उनकी निर्भीकता का यह आलम था कि अंतिम क्षणों में उन्होंने निर्भय स्वर में कहाकृ्तुम मुझे फांसी दे सकते हो, लेकिन मेरे विचारों और मेरे साथियों की चेतना को नहीं मार सकते। यह वाक्य आज भी स्वतंत्रता की उस अमर भावना का प्रतीक है, जो किसी भी शक्ति से दबाई नहीं जा सकती। पीर अली खान की शहादत के बाद अंग्रेजों ने उनकी किताबों की दुकान और पुस्तकालय को तहस-नहस कर दिया। उनके सहयोगियों को भी कड़ी सजाएं दी गईं। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनकी फांसी ने पूरे पटना और बिहार में क्रांति की लहर को और तेज कर दिया। उनका बलिदान यह सिद्ध कर गया कि स्वतंत्रता केवल सिपाहियों की बंदूक का सपना नहीं था, बल्कि आम जनता के दिल की पुकार थी।

आज जब हम 1857 के संग्राम की चर्चा करते हैं, तो बहादुरशाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल जैसे महान नाम सामने आते हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि पीर अली खान जैसे वीर, जिन्होंने अपने लहू से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, उतनी प्रसिद्धि नहीं पा सके। जबकि उनका योगदान किसी भी तरह कमतर नहीं था। वे इतिहास के उस छिपे हुए पन्ने हैं, जिसे बार-बार पलटकर देखना चाहिए। यह भी विचारणीय है कि आज जब कभी मुस्लिम समाज की राष्ट्रभक्ति पर संदेह जताने की कोशिश की जाती है, तब हमें पीर अली खान की शहादत याद करनी चाहिए। उन्होंने यातनाएं झेलीं, पर अपने साथियों का नाम तक न बताया। उन्होंने राष्ट्रहित में अपने प्राणों का बलिदान दिया। वे इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण हैं कि भारत की आजादी की लड़ाई में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग ने अपना योगदान दिया। पीर अली खान की शहादत इतिहास का वह आभूषण है, जिसे भुलाना हमारी आजादी की आत्मा को भुलाना होगा। आज पटना में जिस जगह उन्हें फांसी दी गई थी, वहां पीर अली पार्क उनकी स्मृति में मौजूद है। यह केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि यह गवाही है उस बलिदान की, जिसने स्वतंत्रता की नींव में अपनी जगह हमेशा के लिए बना ली। हर पीढ़ी को वहां जाकर यह समझना चाहिए कि आजादी का यह उपहार हमें सहज नहीं मिला, इसके पीछे पीर अली खान जैसे अनगिनत बलिदानियों की आहुति है।

पीर अली खान की गाथा हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता का इतिहास केवल बड़े राजाओं और प्रसिद्ध सेनानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि उन गुमनाम और अल्पज्ञात नायकों का भी इतिहास है, जिन्होंने अपने प्राण देकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र भारत का स्वप्न सौंपा। यदि हम ऐसे नायकों को भूल गए, तो हम अपनी आजादी की जड़ों को भूल जाएंगे। इसलिए आज जब कोई भी किसी मुस्लिम की राष्ट्रभक्ति पर संदेह करने की को. शिश करे, तो हमें दस बार पीर अली खान का नाम स्मरण करना चाहिए। यह नाम हमें याद दिलाएगा कि भारत की आजादी की नींव में उनका लहू भी उतना ही शामिल है जितना किसी और का। यह नाम हमें यह भी याद दिलाएगा कि राष्ट्रभक्ति का कोई धर्म नहीं होता, यह केवल त्याग, बलिदान और निष्ठा से उपजती है। पीर अली खान का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास का अमर स्तंभ है। उनकी स्मृति हमारे राष्ट्रीय जीवन में सदैव प्रेरणा देती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी गाथा केवल पटना के पार्क तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे देश की चेतना में अंकित हो। जब तक भारतवर्ष रहेगा, तब तक पीर अली खान की शहादत का गौरव भी जीवित रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रिश्ते में आ गई हैं दूरियां, कहां बिगड़ रही बात

**शितों में बढ़ती दूरियां बातचीत, जिम्मेदारी की कमी और पुराने दर्द को साथी पर थोपने का परिणाम हैं। रिलेशनशिप कोच के अनुसार, परफेक्ट साथी की तलाश और सोशल मीडिया पर दूसरों को गलत साबित करने की बजाय, हमें अपने अंदरूनी घावों को भरने, आत्म-सम्मान बढ़ाने और वचन निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि रिश्तों में सुधार हो।**

आज के तेज-रफ्तार दौर में, ज्यादातर लोगों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि उनके रिश्ते क्यों और कहां बिगड़ रहे हैं। रिश्ते में आई दरार के लिए लोग आमतौर पर छोटी-छोटी बातों, बिजी दिनचर्या और हालातों को दोष देते नजर आते हैं, लेकिन समस्या इससे कहीं ज्यादा गहराई में छिपी है। हर दिन जब हम अपने पार्टनर को समय नहीं दे पाते, जाने-अनजाने में उनकी बेइज्जती कर देते हैं और उनके रूठ जाने पर उनसे बात करने की बजाय उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। इन सबका नतीजा यह होता है कि हमारा रिश्ता बिखरने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि हम हालातों और एक दूसरे को दोष देने की बजाय रिश्ते को ठीक करने के लिए सही कदम उठाएं। रिलेशनशिप कोच और थेरेपिस्ट ने एक पोस्ट में बताया कि आजकल रिश्तों को असल में क्या बिगाड़ रहा है और हमें इसके बजाय क्या करना चाहिए। उन्होंने आसान शब्दों में यह बातें समझाई।



**बातचीत, जिम्मेदारी व समझ की कमी, क्या करें?**
सोचिए कि कहीं आप अपने पुराने दर्द को अपने साथी पर तो नहीं डाल रहे। कई बार हम वही साथी चुनते हैं जो हमें वैसे ही तकलीफ देता है जैसे बचपन में माता-पिता ने दिया था।

**बिल्कुल परफेक्ट साथी की तलाश, क्या करें?**
अपने अंदर के घायल हिस्सों को संभालिए। खुद को इतना पूरा महसूस करें कि किसी साथी के बिना भी आप खुश रह सकें।

**दूसरों को गलत साबित करने वाले पोस्ट, क्या करें?**
अपनी नजर दूसरों पर नहीं, अपने अंदर की हीलिंग पर रखें। समझिए कि कैसे आपकी कुछ आदतें ऐसे लोगों को खींचती हैं जिन्हें आप असल में नहीं चाहते। अपने अंदर छुपे गहरे दर्द और भावनाओं को समझने के लिए आंतरिक काम करें। चार मजबूत आदतों पर ध्यान दें, ताकि बिना सालों तलाश किए आप अपनी रुकावटें दूर कर सकें।

**सिर्फ बातें, बिना काम और बिना लगातार कोशिश**
जो कहते हैं, उसे निभाने की आदत डालें। अपना वचन निभाने से ही आत्म-सम्मान बढ़ता है।

**दिमागी खेल और कंट्रोल की चाह, क्या करें?**
खुद का ऐसा जीवन बनाएं जिसमें आपकी जरूरतें पूरी हों। जिन गुणों की आप दूसरों से उम्मीद रखते हैं, उन्हें पहले खुद में लाएं। सोचिए, मैं किसी और की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता हूं?

# गर्माती दुनिया में ठंडक देते वस्त्र

वैश्विक तपन अब कोई दूर का खतरा नहीं रह गया है। यह हमारी जिंदगी, काम और जीने के तरीकों को बदल रहा है। जैसे-जैसे गर्मियां और अधिक गर्म और प्रचंड हो रही हैं, गर्मी में सिर्फ सूती कपड़े पहनना ठंडक के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ठंडक देने के नए उपाय खोजने की मांग बढ़ रही है – ऐसे उपाय जो बिना अधिक बिजली खर्च किए गर्मी से बचा सकें। इसके लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि हमें ठंडक कैसे मिलती है। शरीर को ठंडक मुख्यतरू चार प्रमुख तरीके से मिलती है-

विकिरण- जब गर्मी अदृश्य ऊर्जा के रूप में बाहर निकलती है।

संचरण- जब गर्मी छूने से स्थानांतरित होती है, जैसे गरम तवे को छूना।

संवहन- जब बहती हवा गर्मी को साथ ले जाती है, जैसे ठंडी हवा का झोंका।

वाष्पीकरण- जब पसीना वाष्पित होकर शरीर से गर्मी बाहर ले जाता है। आधुनिक विज्ञान अब ऐसे कपड़े और पहनने योग्य उपकरण बना रहा है, जो इन चारों तरीकों को और ज्यादा असरदार बना सकें।

**ठंडक देने वाले स्मार्ट कपड़े**

वैज्ञानिक ऐसे खास कपड़े बना रहे हैं, जो सूरज की हानिकारक गर्मी को रोकें और शरीर की प्राकृतिक इन्फरेड ऊर्जा को बाहर निकलने दें। इसके कुछ उदहारण हैं-

**नैनोपोरस पॉलीएथिलीन कपड़ा**- यह सूती कपड़े से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा ठंडा रखता है, क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बाहर जाने देता है और सूरज की रोशनी को रोकता है।

**मेटाफैब्रिक**- यह कपड़ा अलग-अलग तरंगदैर्घ्य के प्रकाश को परावर्तित करता है और शरीर की गर्मी को वायुमंडलीय झरोखे यानी वे किरणें जो अंतरिक्ष में बिखर जाती हैं के जरिए बाहर निकलने देता है। लेकिन ये कपड़े कभी-कभी शहर की इमारतों और सड़कों से निकलने वाली गर्मी को सोख लेते हैं। इसके अलावा नमी और वायु प्रदूषण भी इनके काम में बाधा डालते हैं। इसलिए वैज्ञानिक अब विकिरण प्रक्रिया को संवहन और वाष्पीकरण के साथ मिलाकर ऐसे कपड़े बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तविक परिस्थितियों में भी काम करें।

**संचरण और संवहन**- संचरण एक कारण है जिससे कुछ कपड़े छूते ही ठंडे लगते हैं। यदि इनमें बोरोन नाइट्राइड जैसे उच्च ऊष्मा चालक कण मिलाए जाएं, तो ए कपड़े त्वचा की गर्मी को जल्दी बाहर खींच लेते हैं। दूसरी ओर, एयरोजेल फाइबर (जो ध्रुवीय भालू के फर से प्रेरित हैं) इंसुलेटर का काम करते हैं और अत्यधिक गर्म माहौल में बाहर की गर्मी को रोकते हैं। संवहन प्रकृति का अपना एयर कंडीशनर है। ढीले, हवादार कपड़े गर्म हवा को बाहर निकालते हैं और ठंडी हवा को अंदर लाते हैं। कुछ स्मार्ट कपड़े तो ऐसे भी हैं जिनमें नमी-संवेदनशील रेशे होते हैं, जो पसीना बढ़ने पर छोटे-छोटे छिद्र खोल देते हैं और पसीने को तेजी से सुखा देते हैं।

**वाष्पीकरण की भूमिका**- साधारण कपड़ों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वे पसीना सोख लेते हैं और गीले हो जाते हैं, जिससे ए भारी व असुविधाजनक लगते हैं। अब वैज्ञानिक ऐसे कपड़े बना रहे हैं जो हमारी त्वचा की तरह काम करें – यानी पसीने की बूंदों को बाहर निकाल दें। इससे शरीर सूखा बना रहता है। कुछ कपड़े तो छोटे-छोटे विद्युत आवेश का इस्तेमाल करके पसीने को सक्रिय रूप से बाहर पंप कर देते हैं। इससे न सिर्फ पहनने में आराम मिलता है बल्कि कपड़े की कूलिंग क्षमता भी बढ़ जाती है क्योंकि भीगे कपड़े ज्यादा गर्मी सोखते हैं।


**पहनने योग्य शीतलक**- हमेशा सिर्फ कपड़े ही अत्यधिक गर्मी से नहीं बचा सकते। यहां काम आते हैं पहनने योग्य शीतलक। पंखे से लैस जैकेट और लिक्विड-कूलिंग वेस्ट पहले से मौजूद हैं, लेकिन ए भारी, ज्यादा बैटरी खाने वाले और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए असुविधाजनक हैं।

एक नया विकल्प है किरिगामी-आधारित उपकरण। यह आकार और सतह बदलकर गर्मी को नियंत्रित करता है और लैब टेस्ट में शरीर की आरामदायक सीमा को लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा देता है। एक और समाधान है सौर ऊर्जा से चलने वाले कपड़े, जो ऑर्गेनिक सोलर पैनल और इलेक्ट्रोकैलोरिक डिवाइस की मदद से जरूरत के हिसाब से शरीर को ठंडा या गर्म रखते हैं। लेकिन अभी इनमें कई चुनौतियां हैं – जैसे बैटरी का जीवन, लचीला. पन और तार की फिटिंग।

**कृत्रिम बुद्धि और शीतलन**

एक हालिया प्रयास स्मार्ट और निजी कूलिंग सिस्टम्स है। इसमें ऐसे पहनने योग्य सेंसर होंगे जो शरीर का तापमान, पसीना, हार्ट रेट और तनाव के स्तर को मापेंगे। इसके आधार पर एआई खुद ही पहचान लेगा कि शरीर ज्यादा गर्म हो रहा है और तुरंत कूलिंग सिस्टम चालू कर देगा। जल्द ही स्मार्ट कपड़ों में ऐसी तकनीकें भी आ सकती हैं जो खुद शरीर से ऊर्जा पैदा करें। जैसेरू थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर, जो शरीर की गर्मी से ऊर्जा बनाएंगे। पिजोइलेक्ट्रिक सिस्टम, जो शरीर की हलचल से बिजली बनाएंगे। मॉइस्चर-इलेक्ट्रिक डिवाइस, जो पसीने से बिजली पैदा करेंगे, लेकिन सिर्फ तकनीक काफी नहीं है। कूलिंग कपड़े तभी सफल होंगे जब वे रोजाना पहनने योग्य हों मजबूत और धोने योग्य हों पर्यावरण के अनुकूल हों ताकि प्रदूषण न फैले। पर्सनल कूलिंग सिर्फ आराम का सवाल नहीं है। धूप में काम करने वाले मजदूरों, किसानों, डिलीवरी कर्मचारियों और फायरफाइटर्स जैसे लोगों के लिए यह जीवन और मौत का फर्क साबित हो सकता है। वहीं एथलीट्स और साहसी यात्रियों के लिए भी ऐसे कपड़े मददगार होंगे, जो आपको गर्मी से बचाएं और ज्यादा ऊर्जा भी न खाएं।

**-स्रोत फीचर्स**



# फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ पांच लाख लोग जुटे

## स्कूली बच्चों ने हाईवे ब्लॉक किए, पत्थरबाजी हुई, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 141 गिरफ्तार



**पेरिस।** फ्रांस में बजट कटौती को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को हड़ताल की अपील की थी, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। पेरिस, लियोन, नांतेस, मार्सिले, बोर्डो, टूलूज और कैएन जैसे शहरों में सड़कें जाम हो गईं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों में 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, जबकि यूनियनों ने संख्या 10 लाख बताई है। सुरक्षा के मद्देनजर देश भर में 80,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और 141 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। कुछ जगहों पर पत्थरबाजी और आंसू गैस का इस्तेमाल हुआ, लेकिन ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे। कई जगह स्कूली बच्चों ने भी हाईवे ब्लाक किए। फ्रांस की सरकार ने 2026 के बजट में करीब 52 अरब डालर की कटौती का प्लान बनाया है। इसमें पेंशन फ्रीज करना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च कम करना, बेरोजगारी भत्ता घटना और दो राष्ट्रीय छुट्टियां हटाना शामिल है। सरकार का कहना है कि देश का घाटा यूरोपीय यूनियन के 3 प्रतिशत मानक से दोगुना है, और कर्ज जीडीपी का 114 प्रतिशत हो गया है। लेकिन लोग इसे अमीरों के लिए राहत और गरीबों पर बोझ मानते हैं। यूनियनों का कहना है कि अमीरों पर टैक्स बढ़ाओ। महंगाई से पहले ही जिंदगी मुश्किल हो गई।

### प्रदर्शन की प्रमुख 4 वजह

#### राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

#### बजट में कटौती

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा।

#### 2 साल में 5 पीएम

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

#### ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। इन विरोध प्रदर्शनों को वामपंथी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबाउड ने अगस्त में ही इस आंदोलन का समर्थन किया था। अब इससे अन्य वामपंथी दल भी जुड़ गए। सोशलिस्ट पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। वहीं, न्यू पापुलर फ्रंट (एनपीएफ) और नेशनल रैली (आरएन) जैसे दल, जिन्होंने संसद में बजट के खिलाफ वोट देकर पिछली सरकार गिराई थी। वे दल भी यूनियनों के साथ सड़कों पर हैं, और अमीरों पर ज्यादा टैक्स की मांग कर रहे हैं।

देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ये आंदोलन नई सरकार के लिए बड़ा खतरा हैं। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को अब बजट पास करने में मुश्किल होगी। संसद बंटी हुई है और किसी के पास बहुमत नहीं है। प्रदर्शन से ट्रेन, बस, मेट्रो रुक गई है, स्कूल बंद करने पड़े हैं और बिजली उत्पादन 1.1 गीगावाट कम हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और सरकार पर बजट बदलने का दबाव बढ़ेगा।

# रूसी परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल परीक्षण

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फ्लीट ने अपने बयान में कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किलोमीटर दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निंगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयों को तैनात किया गया था।



**उत्तराखंड। चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद बचाव अभियान के दौरान एसडीआरएफ के जवान।**

# गाजा में मानवीय पहुंच प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

> सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला

**संयुक्त राष्ट्र।** मेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसमें इजरायल से गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने की मांग की गई थी।

मसौदे में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थाई युद्धविराम के साथ-साथ हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की बिना शर्त, सम्मानजनक और तत्काल रिहाई की भी मांग की गई थी। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्ईय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका के पास वीटो शक्ति है। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आलोचना हुई। अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत के आह्वान को दोहराते हुए विवेक से काम लिया है। उन्होंने कहा कि यह परिषद फिर से विफल रही कि मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। उन्होंने कहा कि खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा इस समय, कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार को रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी, या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा। सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने कल के मतदान परिणाम को 'एक गंभीर नैतिक विफलता' बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट, छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के दक्षिणी-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है। यह विस्फोट पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर चमन जिले के एक टैक्सी स्टैंड पर हुआ है। रेस्क्यू 1122 के अनुसार पीड़ितों को जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती किया गया है। चमन में सरकारी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र 1122 के प्रभारी गफूर उर रहमान ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और जांच जारी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### थाईलैंड सम्राट ने नए मंत्रिमंडल को दिया समर्थन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के सम्राट महा वजीरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकु के नेतृत्व में बने नए मंत्रिमंडल को अपना समर्थन दिया है। एक शाही आदेश से शुक्रवार को इसकी पुष्टि हुई। आधिकारिक शाही गजट के अनुसार सम्राट ने प्रधानमंत्री अनुतिन द्वारा चुने गए 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल को नियुक्त किया, जिसमें छह उप प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके समर्थन के बाद यह नियुक्ति की गई है।

### ऊंची इमारत में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया की व्यावसायिक राजधानी लागोस में एक ऊंची इमारत में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर वीडियो में सात मंजिला अफ्रिलैंड टावर्स के निवासी आग लगने के समय तीसरी और चौथी मंजिल से कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित कर्मचारी जो इमारत के अंदर फंस गए थे, जहां शहर की अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां और अन्य संगठन स्थित हैं।

# ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका

> कंपनियों को 10 दिन में पोर्ट को मिली छूट खत्म होगी, ये भारत के पास 10 साल लीज पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को दी गई खास छूट गुरुवार को रद्द कर दी। यह भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि यह बंदरगाह भारत का बहुत जरूरी प्रोजेक्ट है। 29 सितम्बर 2025 से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर अमेरिका जुर्माना लगा सकता है। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी है। अमेरिका ने कहा: हम ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहते हैं। जब तक ईरान हमले आतंकवाद और अशांति फैलाने में पैसा लगाएगा, हम उसे रोकने के लिए हर कदम उठाएंगे। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'मैक्सिमम प्रेशर' पालिसी का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में शुरू हुई थी। चाबहार को 2018 में अफगानिस्तान की मदद और विकास के लिए छूट मिली थी। अब इसे खत्म कर दिया गया है। भारत इस बंदरगाह को अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि पाकिस्तान से न गुजरना पड़े। भारत ने 2024 में चाबहार को 10 साल के लिए लीज पर लिया है। इसके तहत भारत यहां 120 मिलियन डालर निवेश करेगा और 250 मिलियन डालर का क्रेडिट लाइन (सस्ता कर्ज) देगा। अमेरिका का कहना है कि अब हालात बदल गए हैं। पहले अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार थी और चाबहार खाने-पीने की चीजें और सामान भेजने का रास्ता था।

# वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में यूपीयू की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने इस सफलता की सराहना करते हुए सदस्य देशों का आभार जताया है। दूरसंचार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूपीयू के निकायों के लिए भारत का पुन: निर्वाचित भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मजबूत बनाने में निरंतर योगदान देता रहा है।

# जैश के बाद लश्कर के आतंकी ने बयां की ऑपरेशन सिंदूर से तबाही की कहानी

## पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है



**इस्लामाबाद।** जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था।

उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लश्कर कमांडर कासिम कहता नजर आ रहा है कि मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो भारतीय हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। यह मस्जिद पहले से भी बड़ी बनाई जाएगी। वायरल हो रहे वीडियो में कासिम एक निर्माणाधीन जगह के पास खड़ा दिखाई दे रहा है। जिसमें वह कह रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कासिम आगे यह भी कबूल करता है कि इस मस्जिद में कई मुजाहिदीन और तलबाने प्रशिक्षण हासिल किया और विजय हासिल की। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबा (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी। एक और वीडियो में लश्कर के इस आतंकी ने पाकिस्तान के युवाओं से अपील की कि वे मुरिदके में मरकज तैयबा में होने वाले 'दौरा-ए-सुफ्फा' नाम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों।



# रूस के कामचटका में 7.8 तीव्रता का भूकंप

## सुनामी का अलर्ट जारी, बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 4 भूकंप आए

**मॉस्को।** रूस के कामचटका के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह 7.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इसके बाद 5 आफ्टरशाक महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इसके बाद सुनानी की चेतावनी जारी की गई। तट पर 30 से 62 सेंटीमीटर ऊंची लहरें देखी गईं।

कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि सभी आपातकालीन सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 4 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए भूकंप के वीडियो में घरों में फर्नीचर और लाइटें हिलती हुई दिखाई दीं। झटके इतने तेज थे कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी हिलती नजर आईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 128 किलोमीटर दूर, जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस ने बताया कि बाद में तीव्रता घटकर 7.4 हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा-आज (19 सितम्बर) की सुबह एक बार फिर कामचटका के लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। कामचटका के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। जनता को सतर्क किया जा रहा है। भूकंप के बाद सामाजिक संस्थानों और रिहायशी इमारतों में नुकसान की जांच शुरू कर दी गई है। कुरिल द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस और पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने अलास्का के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की सलाह जारी की थी, जिसे बाद में हटा लिया गया।

# चीन ने महिला विकास की उन्नति पर जारी किया श्वेतपत्र

**बीजिंग।** चीन में राज्य परिषद् सूचना कार्यालय द्वारा 'नए युग में महिलाओं के सर्वांगीण विकास में चीन की उपलब्धियां' शीर्षक से एक श्वेतपत्र जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पांच अध्यायों वाला यह श्वेतपत्र बीजिंग में आयोजित होने वाली 2025 की लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक नेताओं की बैठक के मद्देनजर है। यह श्वेतपत्र नए युग में लैंगिक समानता और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में चीन के दर्शन, सिद्धांतों और नवीन परिपाटियों का परिचय प्रदान करता है। यह श्वेतपत्र चीनी महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करते हुए महिलाओं की उन्नति के लिए वैश्विक प्रयासों में शामिल होने की चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। श्वेतपत्र लैंगिक समानता की खोज को एक महान कार्य बताता है और इस बात पर बल देता है कि चीनी महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को साकार करने के इतने व्यापक अवसर पहले कभी नहीं मिले थे।

# नेपाली पीएम सुशीला बोलीं: हम जीरो स्टेट की स्थिति में

> न इमारतें बची और न ही डॉक्यूमेंट्स, जेन-जी आंदोलन की आग में सब राख



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के सिंह दरबार में 9 सितम्बर को हुई भयानक आगजनी ने देश के सरकारी ढांचे को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर है कि नेपाल की नई अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शपथ लेते ही कहा कि हम शून्य स्थिति (जीरो स्टेट) में हैं। उनके पास कैबिनेट है, लेकिन मंत्रालयों के पास न तो इमारतें बची हैं और न ही जरूरी कागजात।

सिंह दरबार परिसर, जो कभी भव्य महल और 20 से ज्यादा मंत्रालयों का केंद्र था, अब मलबे का ढेर बन चुका है। आग की लपटों ने संसद, भ्रष्टाचार विरोधी विशेष अदालत, और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों को नष्ट कर दिया। सरकारी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, कंपनी रजिस्ट्रेशन, और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के मूल कागजात जलकर राख हो गए। अकेले सुप्रीम कोर्ट की 60 हजार से ज्यादा फाइलें राख हो गईं। जेन-जी आंदोलन के दौरान सिंह दरबार से डाक्यूमेंट्स बाहर फेंक दिया गया। संसद, राष्ट्रपति भवन से लेकर सुप्रीम कोर्ट, भ्रष्टाचार विरोधी अदालत और स्थानीय सरकारों की 300 से अधिक इमारतें भी आग की भेंट चढ़ गईं। पीएम कार्की ने कहा देश चलाने वाली सभी संस्थाएं और दस्तावेज नष्ट हो गए हैं।

# अमेरिका ने बीएलए पर बैन के प्रस्ताव को किया वीटो

## यूएन में पाकिस्तान-चीन का प्रस्ताव रोका, पिछले महीने यूएस ने ही आतंकी संगठन किया था घोषित



> बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती यूनिट मजीद ब्रिगेड पर बैन के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में रखा था। दोनों देशों ने बीएलए को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की मांग की थी।

यूएनएसी की बैठक में पाकिस्तान ने दावा किया कि बीएलए, मजीद ब्रिगेड, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं और सीमा पार हमले कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान से फैल रहा आतंकवाद पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। अमेरिका के साथ ब्रिटेन और फ्रांस ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले अमेरिका ने ही पिछले महीने बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया था। बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है। इनमें कई आत्मघाती हमले भी होते हैं। अमेरिका ने कहा है कि बीएलए को अल-कायदा से जोड़ने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इस वजह से इसे संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध सूची में नहीं डाला जा सकता। इस सूची में आने पर किसी भी संगठन पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति फ्रीज और हथियार खरीदने पर रोक लग जाती है। पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। इन्हीं आरोपों का हवाला देते हुए अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया था। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108